वर्ष- 13 अंक - 141
लखनऊ, बुधवार 21 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



धूप खिलने से मेला श्रीराम नगरिया में बढ़ी रौनक 10

जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक यूपी की विधानसभा : ओम बिरला 03

-: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,49,910/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,37,450/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,12,470/10 ग्राम |
| चांदी | | = 3,20,000/किग्रा |



## भारत-यूएई की ऐतिहासिक डील के बीच पाकिस्तान ने सऊदी अरब से बढ़ाई पींगे

▶ मध्य-पूर्व में बन रहे नए रक्षा समीकरण

एजेंसी, नई दिल्ली।



दक्षिण एशिया और मध्य-पूर्व की भू-राजनीति में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है, जहां दो पड़ोसी मुल्क भारत और पाकिस्तान अलग-अलग खेमों के साथ अपने रिश्तों को नई धार दे रहे हैं। पाकिस्तानी मीडिया और अंतरराष्ट्रीय पटल पर दो बड़ी खबरें एक साथ सुर्खियों में हैं, जो भविष्य के नए गठजोड़ की कहानी बयां करती हैं। एक तरफ पाकिस्तान अपने रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के जरिए सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौते को विस्तार देने की बात कर रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रिश्तों में अभूतपूर्व गर्माहट आई है। सोमवार को भारत और यूएई के बीच तीन अरब डॉलर की एलएनजी डील साइन हुई और दोनों देशों ने रक्षा व व्यापार संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने की सहमति जताई। भारत और यूएई के मजबूत होते रिश्तों का ताजा उदाहरण यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल-नाहयान का भारत दौरा रहा। अल-नाहयान सोमवार को केवल दो घंटे के लिए भारत आए, लेकिन इस संक्षिप्त दौरे में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता कर बड़े फैसले लिए। इस दौरान भारत ने यूएई से 3 अरब डॉलर का एलएनजी खरीद समझौता किया। इस ऐतिहासिक डील के साथ ही भारत अब यूएई की सरकारी कंपनी एडीएनओसी गैस का सबसे बड़ा ग्राहक बन गया है। समझौते के तहत, एडीएनओसी अगले 10 सालों तक भारत की हिंदुस्तान पेट्रोलियम को हर साल 5 लाख मीट्रिक टन एलएनजी की सप्लाई करेगी। दोनों नेताओं ने अगले छह सालों में द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर से बढ़ाकर 200 अरब डॉलर तक ले जाने और एक रणनीतिक रक्षा साझेदारी बनाने का संकल्प भी दोहराया।

**पाकिस्तान की सऊदी अरब और तुर्की के साथ रक्षा किलेबंदी**

जहां भारत आर्थिक और ऊर्जा सुरक्षा पर जोर दे रहा है, वहीं उसका कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान रक्षा समझौतों में उलझा हुआ है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौते के विस्तार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस समझौते में किसी तीसरे पक्ष, जैसे तुर्की, को शामिल करने का फैसला पाकिस्तान और सऊदी अरब मिलकर करेंगे। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते एक पाकिस्तानी मंत्री ने पाकिस्तान, तुर्की और सऊदी अरब के बीच त्रिपक्षीय रक्षा समझौते का ड्राफ्ट तैयार होने की घोषणा की थी।

## गणतंत्र दिवस परेड के लिए दिल्ली तैयार

▶ दर्शकों की सुविधा को 100+ हेल्प डेस्क और स्मार्ट पार्किंग व्यवस्था

एजेंसी, नई दिल्ली।

गणतंत्र दिवस परेड को लेकर राजधानी दिल्ली में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कर्तव्य पथ पर परेड देखने आने वाले हजारों दर्शकों की सुविधा के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा और मार्गदर्शन के उद्देश्य से कर्तव्य पथ और आसपास के इलाकों में 100 से अधिक हेल्प डेस्क स्थापित की जा रही हैं, जहां लोगों को जानकारी और सहायता मिलेगी। हर वर्ष की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस को दिल्ली में उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। देशभर से लोग परेड देखने पहुंचते हैं और इसी को ध्यान में रखते हुए पार्किंग व्यवस्था को भी अधिक सुव्यवस्थित और आसान बनाया गया है, ताकि दर्शकों को किसी तरह की परेशानी न हो। इस वर्ष कर्तव्य पथ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी खास आकर्षण का केंद्र होंगे। करीब 2,500 कलाकार एक साथ प्रस्तुति देंगे, जिसका केंद्रीय विषय 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ को समर्पित होगा। परेड का व्यापक संदेश 'स्वतंत्रता का मंत्र - वंदे मातरम' और 'समृद्धि का मंत्र - विकसित भारत' रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गुजरात के मछुआरे की पाकिस्तानी जेल में मौत

नई दिल्ली । गुजरात के एक मछुआरे की कराची जेल में 16 जनवरी को मौत हो गई। एक कार्यकर्ता ने बताया कि 2022 में पाकिस्तानी एजेंसियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा रेखा अनजाने में पार करने के बाद पकड़ लिया था। उसने लगभग तीन साल पहले ही अपनी सजा पूरी कर ली थी। उसकी मौत के एक महीने से भी कम समय बाद मछली पकड़ने वाले समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर पाकिस्तानी जेलों में बंद ऐसे लोगों की रिहाई में तेजी लाने का अनुरोध किया था। शांति कार्यकर्ता जतिन देसाई ने सोमवार को बताया कि 16 जनवरी को कराची की मलिर जेल में एक मछुआरे की मौत हो गई। यह कार्यकर्ता उन भारतीय मछुआरों के मुद्दे को उठा रहे हैं, जिन्हें मछली पकड़ने के दौरान अनजाने में अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के बाद पाकिस्तान में पकड़कर जेल में डाल दिया जाता है।

### राज्य पुलिस कर सकती है केंद्रीय कर्मचारियों की जांच

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार के मामले में अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार और रिश्वत के मामलों में राज्य पुलिस केंद्रीय कर्मचारियों पर जांच कर सकती है और चार्जशीट दाखिल कर सकती है, इसके लिए सीबीआई की अनुमति जरूरी नहीं। भ्रष्टाटार में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि राज्य पुलिस केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ रिश्वत और भ्रष्टाचार के मामलों में जांच कर सकती है और चार्जशीट दाखिल कर सकती है। इसके लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कोई अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार और रिश्वत के मामलों की जांच न सिर्फ सीबीआई, बल्कि राज्य पुलिस या किसी अन्य पुलिस एजेंसी भी कर सकती है। कोर्ट ने यह भी बताया कि ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि काम दोहराने से बचा जा सके। आम तौर पर सीबीआई केंद्रीय कर्मचारियों के मामलों की जांच करती है और राज्य की एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) राज्य कर्मचारियों के मामलों की।

### कश्मीर में आतंकियों की गोली से वीरगति पाने वाले गजेंद्र गढ़िया को सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

बागेश्वर, (हि.स.)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में बलिदानी हवलदार गजेंद्र सिंह गढ़िया को मंगलवार को उनके गृह जनपद बागेश्वर में सैन्य सम्मान के साथ सरयू-खीरगंगा संगम पर अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर जिले के वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनियों के अलावाबड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। मंगलवार को कपकोट तहसील के बीथी निवासी बलिदानी का पार्थिव शरीर सैन्य हेलीकॉप्टर के माध्यम से लाया गया। ग्रामीणों और अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर अंतिम सलामी दी।

मेला प्रशासन की ओर से शंकराचार्य को लेकर पूछे गए सवाल पर आज उन्होंने सफाई दी

## दावाः अविमुक्तेश्वरानंद ही हैं ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य

एजेंसी, प्रयागराज।



**प्रयागराज।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अधिवक्ता डॉ. पी एन मिश्रा ने प्रेसवार्ता में दावा किया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ही ज्योतिष मठ के शंकराचार्य हैं। उनके नाम से रजिस्टर्ड वसीयत है। इसमें कोई विवाद नहीं है। मेला प्रशासन की ओर से शंकराचार्य को लेकर पूछे गए सवाल पर आज उन्होंने सफाई दी। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि वह न तो धरने पर बैठे हैं न ही अन्न जल का त्याग किया है। उनको मेला प्रशासन ने हिरासत में लिया था। उनको लाकर जहां छोड़ा था वहीं पर हैं। चूंकि वह स्नान करने के निमित्त शिविर से निकले थे और अब ससम्मान स्नान करके ही शिविर में लौटेंगे चाहे जितने साल लग जाएं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पट्टाभिषेक पर रोक लगाई है। ज्योतिष्पीठ का शंकराचार्य लिखने पर रोक नहीं है। बताया कि अविमुक्तेश्वरानंद शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के शिष्य हैं। उनके गुरु ने उनके नाम रजिटर्ड वसीयत की है। इसी के आधार पर वह शंकराचार्य लिख रहे हैं। प्रेसवार्ता में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि शंकराचार्य वो होता है, जिसे बाकी 3 पीठ शंकराचार्य कहते हैं। 2 पीठ हमें शंकराचार्य कहते हैं। पिछले माघ मेले में हमको साथ लेकर स्नान कर चुके हैं।

अब किस प्रमाण की जरूरत है। उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री तय करेगा या भारत का राष्ट्रपति तय करेगा? राष्ट्रपति को भी अधिकार नहीं है कि वो तय करे कि कौन शंकराचार्य होगा। उन्होंने आगे कहा कि पुरी के शंकराचार्य ने हमारे बारे में कुछ नहीं कहा। वो साइलेंट हैं। हम निर्विवाद रूप से ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य हैं। अगर कोई कहता है कि मैं ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य हूं, तो आकर बात करे। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद अड़े हैं कि जब तक प्रशासन माफी नहीं मांगेगा, तब तक वे आश्रम में प्रवेश नहीं करेंगे। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हर मेले में प्रयागराज आऊंगा, लेकिन शिविर में नहीं, फुटपाथ पर रहूंगा।

### सुप्रीम कोर्ट के कंधे पर बंदूक मत रखो : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**प्रयागराज।** प्रयागराज रथ रोकने को लेकर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने माघ मेला प्रशासन पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के कंधे पर बंदूक रखकर जो गलती प्रशासन से हुई है, उसको ये लोग पीछे करना चाह रहे। सुप्रीम कोर्ट का गलत हवाला देकर ये लोग कब तक बच पाएंगे? इससे पहले धरने पर बैठे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को माघ मेला प्रशासन ने नोटिस जारी किया था। मेला प्राधिकरण ने उन्हें 24 घंटे में यह साबित करने को कहा है कि वे ही असली शंकराचार्य हैं। सोमवार रात 12 बजे कानूनगो अनिल कुमार माघ मेला में शंकराचार्य के शिविर पहुंचे। उन्होंने शंकराचार्य के शिष्यों से नोटिस लेने के लिए कहा। शिष्यों ने नोटिस लेने से मना कर दिया। कहा– इतनी रात में कोई नहीं हैं। सुबह आइएगा। कानूनगो अनिल कुमार मंगलवार सुबह फिर शंकराचार्य शिविर पहुंचे। वहां गेट पर नोटिस चस्पा कर दिया। नोटिस मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की ओर से जारी किया गया है। दरअसल, ज्योतिषपीठ में शंकराचार्य की पदवी को लेकर अविमुक्तेश्वरानंद और वासुदेवानंद के बीच विवाद है। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसी बात को आधार बनाकर प्रयागराज माघ मेला प्रशासन ने नोटिस जारी किया। नोटिस में लिखा है कि ज्योतिषपीठ में शंकराचार्य पद का मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है।

## त्योहारों पर मनमाना किराया वसूलने वाली एयरलाइन्स पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

एजेंसी, नई दिल्ली।



त्योहारों के सीजन में हवाई किराए में बेतहाशा बढ़ोतरी कर आम जनता की जेब काटने वाली एयरलाइन कंपनियां अब सुप्रीम कोर्ट के रडार पर आ गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने त्योहारों के दौरान हवाई किराए में होने वाली भारी वृद्धि पर गहरी चिंता जताई है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए एयरलाइन कंपनियों द्वारा की जाने वाली इस मनमानी को यात्रियों का स्पष्ट शोषण करार दिया है। कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए केंद्र सरकार और नागर विमानन महानिदेशालय (ष्ठत्रष्ट्र) से जवाब तलब किया है और साफ कर दिया है कि कोर्ट इस मामले में हस्तक्षेप जरूर करेगा।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि एयरलाइन्स द्वारा किराए में किया गया अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव चिंताजनक है। बेंच ने केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल कौशिक से स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे निश्चित रूप से इस मामले में हस्तक्षेप करेंगे। कोर्ट ने उदाहरण देते हुए कहा कि कुंभ मेले और अन्य त्योहारों के दौरान यात्रियों का किस तरह शोषण हो रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है। जजों ने दिल्ली से प्रयागराज और जोधपुर जाने वाली फ्लाइट्स के किराए में हुई भारी बढ़ोतरी का विशेष रूप से जिक्र किया। जस्टिस संदीप मेहता ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि भले ही अहमदाबाद के किराए में बढ़ोतरी न हुई हो, लेकिन जोधपुर और अन्य जगहों के लिए किराए आसमान छू रहे हैं।

**23 फरवरी को होगी अगली सुनवाई**

इस मामले में केंद्र सरकार की तरफ से जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट से कुछ समय की मांग की है। इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 23 फरवरी की तारीख तय की है। गौरतलब है कि सामाजिक कार्यकर्ता एस. लक्ष्मीनारायणन ने याचिका दायर कर नागरिक उड्डयन क्षेत्र में पारदर्शिता लाने और एक स्वतंत्र नियामक की स्थापना की मांग की है। इसी याचिका पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने पिछले साल भी केंद्र सरकार, डीजीसीए और भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण को नोटिस जारी किया था।

**बैगेज नियम और रेगुलेशन की कमी पर सवाल**

याचिकाकर्ता ने कोर्ट के सामने एयरलाइन्स की मनमानी के कई अन्य पहलू भी रखे हैं। याचिका में दावा किया गया है कि एयरलाइन्स ने बिना किसी ठोस कारण के इकोनॉमी क्लास में फ्री चेक-इन बैगेज की सीमा 25 किलो से घटाकर 15 किलो कर दिया है। यह कदम पहले से टिकट की कीमत में शामिल सर्विस को अलग से कमाई का जरिया बनाने जैसा है।

## झारखंडः बलरामपुर के 10 लोगों को एक साथ दी गई अंतिम विदाई

एजेंसी, बलरामपुर।

झारखंड के महुआडांड़ थाना क्षेत्र स्थित ओरसा घाटी में हुए भीषण बस हादसे ने छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले को गहरे शोक में डुबो दिया है। इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले बलरामपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के 10 लोगों का सोमवार को गांव में एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। नम आंखों और भारी मन से ग्रामीणों ने अपने प्रियजनों को अंतिम विदाई दी। रविवार को हुए इस दर्दनाक हादसे में बस सवार 100 से अधिक यात्री घायल हुए थे। घायलों का इलाज झारखंड के रांची व गुमला के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर और बलरामपुर के विभिन्न अस्पतालों में जारी है। वहीं हादसे में जान गंवाने वाले सभी मृतकों के शव जब उनके पैतृक गांव पहुंचे, तो पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। दुर्घटना में मृतकों में प्रेमा देवी, सीतापती देवी, रेसंती चेरवा, सुखना भुइयां, विजय नगेसिया, सोनामती, लीलावती सोनवानी, रमेश पनिका, नाचू राम और परशुराम सोनवानी शामिल हैं। इनमें से अधिकांश ग्राम पिपरसोत के निवासी थे, जबकि कुछ आसपास के गांवों से थे। अंतिम संस्कार के दौरान गांव का माहौल बेहद गमगीन रहा। हर आंख नम थी और हर चेहरा इस त्रासदी से स्तब्ध नजर आया। ग्रामीण शिवम सिंह ने बताया कि यह घटना पूरे गांव के लिए अपूरणीय क्षति है।

### दो सौ तैंतीस वर्ष पुरानी वाल्मीकि रामायण राम कथा संग्रहालय को भेंट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में 233 साल पुरानी 'वाल्मीकि रामायण' की एक दुर्लभ पांडुलिपि को अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय को स्थायी रूप से सौंप दिया गया । संस्कृति मंत्रालय की मंगलवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर श्रीनिवास वरखेड़ी ने आज प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय (पीएमएमएल) की कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा को यह दुर्लभ पांडुलिपि भेंट की। नृपेन्द्र मिश्र श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के भी सदस्य हैं।

उल्लेखनीय है कि यह महत्वपूर्ण पांडुलिपि इससे पहले राष्ट्रपति भवन को प्रदर्शनी हेतु दी गई थी।

## अब नितिन नवीन हमारे अध्यक्ष और मेरे भी बॉस : पीएम मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली।



भारतीय जनता पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश दिया। दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज से नितिन नवीन पार्टी के अध्यक्ष हैं और इस नाते वे सभी के लिए सर्वोपरि हैं। उन्होंने कहा, जब बात पार्टी की आती है तो मैं भी एक कार्यकर्ता हूं और नितिन नवीन मेरे बॉस हैं। प्रधानमंत्री ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए कहा कि भाजपा व्यक्तियों से नहीं, बल्कि तय प्रक्रियाओं से चलने वाली पार्टी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा में पद से ज्यादा संगठन और प्रक्रिया का महत्व होता है। नए नेताओं के लिए भाजपा एक सशक्त मंच है, जहां सेवा की भावना सर्वोपरि रहती है और सत्ता केवल उस सेवा का माध्यम है। पीएम मोदी ने नितिन नवीन को युवा, ऊर्जावान और संगठनात्मक अनुभव से भरपूर नेता बताया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी की भाषा में कहें तो नितिन नवीन एक तरह से मिलेनियल हैं–ऐसी पीढ़ी से आते हैं जिसने रेडियो के दौर से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक का सफर देखा है। यह अनुभव और ऊर्जा पार्टी के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों के योगदान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह के कार्यकाल में भाजपा पहली बार केंद्र में पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आई। अमित शाह के नेतृत्व में पार्टी ने दोबारा पूर्ण बहुमत हासिल किया, जबकि जेपी नड्डा के अध्यक्ष रहते हुए भाजपा संसद से लेकर पंचायत तक और अधिक सशक्त हुई। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष जनसंघ की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि इस लंबे सफर में काम करने वाली पीढ़ियों के लाखों कार्यकर्ताओं को वे नमन करते हैं। उन्होंने दोहराया कि भले ही वे तीन बार प्रधानमंत्री बने हों, लेकिन उनके लिए सबसे बड़ा गर्व आज भी पार्टी का कार्यकर्ता होना है।

## चार साल की मासूम को घसीट ले गए आवारा कुत्ते

एजेंसी, मुरादाबाद।

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले से इंसानियत को झकझोर देने वाली एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां आवारा कुत्तों के आतंक ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। थाना डिलारी क्षेत्र के काजीपुरा गांव में आवारा कुत्तों का एक झुंड 4 साल की मासूम बच्ची को घर के पास से उठा ले गया और उसे नोंच-नोंचकर मौत के घाट उतार दिया। इस रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना के बाद से बच्ची के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मृत बच्ची को आज गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया है। घटना सोमवार शाम की बताई जा रही है। काजीपुरा गांव के रहने वाले नौशाद, जो पेशे से सुनार का काम करते हैं, उनकी 4 वर्षीय सबसे छोटी बेटी नुसरत शाम करीब 6 बजे पड़ोस में रहने वाले रियासत के बच्चों के साथ खेलने के लिए घर से निकली थी। बच्चे घर के पास ही खेल रहे थे कि तभी आवारा कुत्तों के एक झुंड ने उन पर हमला बोल दिया। कुत्तों के हमले से घबराकर साथ खेल रहे अन्य बच्चे तो वहां से भाग निकले, लेकिन छोटी नुसरत भाग नहीं सकी और कुत्तों की पकड़ में आ गई। आदमखोर कुत्तों का झुंड बेबस बच्ची को घसीटते हुए पास ही स्थित एक तालाब की ओर ले गया। जब दिन ढलने लगा और अंधेरा छा गया, तब भी नुसरत घर नहीं लौटी। इसी बीच पिता नौशाद भी काम से घर लौट आए थे। बेटी को घर पर न पाकर उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन करते हुए जब परिजन और पिता गांव के तालाब के पास पहुंचे, तो वहां का मंजर देखकर उनका दिल कांप उठा और पैरों तले जमीन खिसक गई।

## संविधान, लोकतंत्र और सनातन पर हमला कर रही भाजपा : अखिलेश यादव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



समाजवादी पार्टी के सभी सांसदों की बैठक मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने की। सांसदों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में संविधान खतरे में है और देश में कानून का राज समाप्त हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस ने हमेशा लोकतंत्र के साथ नाइंसाफी की है और संविधान के साथ धोखा किया है। भाजपा एसआईआर में धांधली करना चाहती है और केन्द्रीय तथा राज्य निर्वाचन आयोग की वोटर लिस्ट में भारी अंतर इस साजिश की ओर इशारा करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह बेईमानी के रास्ते पर चल रही है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अन्याय, अत्याचार और जुल्म चरम पर हैं। सरकारी बजट का खुला बंदरबांट और लूट चल रही है तथा भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं। भाजपा ने हर वर्ग को धोखा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में मंदिरों को तोड़ा जा रहा है और जितने मंदिर इस सरकार में तोड़े गए हैं, उतने किसी राजा के कार्यकाल में भी नहीं तोड़े गए। उन्होंने कहा कि यह सरकार पूरी तरह नाकाम हो चुकी है और जनता के अधिकारों को कुचल रही है। उन्होंने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। इसके लिए सभी सांसदों को अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में दिन-रात एक कर मेहनत करनी होगी, जनता के सुख-दुःख में साथ रहना होगा और उनके मुद्दों के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के अन्यायपूर्ण शासन से प्रदेश को मुक्ति दिलाने और उत्तर प्रदेश से अराजकता समाप्त करने के लिए समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों को बहाल करना जरूरी है। सभी सांसदों और विधायकों को अपने-अपने क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जनपदीय स्तर पर घोषणा पत्र तैयार किया जाएगा, जिसमें जनता के मुद्दे शामिल होंगे।सांसदों की बैठक के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा एक धोखेबाज पार्टी है, जो हर वर्ग का अपमान कर रही है और अहंकार से भरी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने शंकराचार्य का अपमान किया और महारानी अहिल्या बाई होल्कर को भी अपमानित किया। भाजपा सरकार काशी से महारानी अहिल्या बाई होल्कर के नाम, योगदान और विरासत को मिटाना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सनातन के खिलाफ है और सनातनियों को अपमानित कर रही है। मुख्यमंत्री धृतराष्ट्र बन चुके हैं, उत्तर प्रदेश में सब कुछ बर्बाद हो रहा है, सनातन संस्कृति और विरासत को नष्ट किया जा रहा है, लेकिन सब कुछ देखकर भी अनदेखा किया जा रहा है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पीडीए के अधिकार छीने जा रहे हैं और आरक्षण के साथ खुला खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 2027 के चुनाव की तैयारी में जुट जाएं, बूथ स्तर को मजबूत करें। समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर सभी को न्याय और सम्मान मिलेगा। पीडीए के माध्यम से ही राजनीतिक और सामाजिक न्याय स्थापित होगा और सामाजिक न्याय के राज की स्थापना की जाएगी।

# डीएम ने किया इंडियन बैंक आवास विकास शाखा का उद्घाटन

## शाखा में ग्राहकों की सुविधा के लिए किया गया आधुनिक ग्राहक लॉबी का भी निर्माण : सहायक महाप्रबंधक

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



देश के प्रमुख राष्ट्रीयकृत एवं जिले के अग्रणी बैंक इंडियन बैंक की आवास विकास शाखा, गोण्डा के नव सुसज्जित परिसर का लोकार्पण मंगलवार को जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में इंडियन बैंक गोण्डा के अंचल प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक राजेश बडोरिया, उप अंचल प्रमुख संदीप कुमार सिन्हा, अग्रणी जिला प्रबंधक विनोद कुमार तिवारी सहित विशिष्ट ग्राहक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंचल प्रमुख राजेश बडोरिया ने जिलाधिकारी का स्वागत करते हुए कहा कि जिले का अग्रणी बैंक होने के नाते इंडियन बैंक का दायित्व है कि ग्राहकों को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने बताया कि सभी शाखाओं में तकनीकी आधारित सेवाओं के विस्तार एवं साज-सज्जा को और अधिक बेहतर करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि इंडियन बैंक ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है और आवास विकास शाखा का यह नया परिसर इसका उदाहरण है। उन्होंने ग्राहक संतुष्टि, सामाजिक दायित्वों की पूर्ति तथा वित्तीय और साइबर जागरूकता के प्रसार पर विशेष जोर दिया। इस दौरान सहायक महाप्रबंधक राजेश बडोरिया ने बताया कि शाखा में ग्राहकों की सुविधा के लिए आधुनिक ग्राहक लॉबी का भी निर्माण किया गया है, जिसका उद्घाटन इसी अवसर पर किया गया।

अंत में शाखा प्रबंधक अमन श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अरुण कुमार, अमर सिंह मौर्य, आलोक कुमार, आशीष कुमार सिंह सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# एसडीएम सदर-सीओ महसी ने ब्लैक स्पाट्स का किया निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ओपी सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर 31 जनवरी 2026 तक जनपद में संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत अधिकारियों की टीम द्वारा जनपद बहराइच में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करनेए ओवरलोडिंग न करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वैध दस्तावेज साथ के साथ वाहन का संचालन करने तथा रात्रि में लाइट एवं संकेतकों के सही प्रयोग जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गयी। एआरटीओ श्री सिंह ने बताया कि उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी व पुलिस क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार ने अधि.अभि. एनएचएआई, एनएच, एआरटीओ यातायात प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा, सम्भागीय निरीक्षक ;प्राविधिक प्रदीप कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ बहराइच-नानपारा मार्ग पर ब्लैक स्पॉट्स झिंगहाघाट, चौपाल सागर, सोहरवा, बेगमपुर व तुलसीपुर का निरीक्षण किया गया। एआरटीओ ने बताया कि अधिकारियों के निरीक्षणोंपरान्त सम्बन्धित ब्लैक स्पॉट्स पर आवश्यकतानुसार प्रकाश, मार्ग चौड़ीकरण स्पीड ब्रेकर, स्पीड टेबल साइन बोर्ड इत्यादि की स्थापना का कार्य कराया जायेगा जिससे मार्ग दुर्घटनाओं की संभावना को न्यून से न्यूनतम किया जा सके।

अभियान के दौरान यातायात कार्यालय के पुलिस दस्ते तथा परिवहन विभाग के कार्मिको द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# कार-ऑटो की भिड़ंत में दोनों वाहनों के चालक समेत बुजुर्ग महिला घायल

**जरवलरोड,बहराइच समृद्धि न्यूज़ ।** लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार व ऑटो की भिड़ंत हो गई जिससे दोनों वाहनों के चालक समेत एक बुजुर्ग महिला को चोट आई है। सोमवार की शाम जरवल रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएचसी मुस्तफाबाद के सामने एक कार व ऑटो की भिड़ंत हो गई। जिससे ऑटो चालक 42 वर्षीय पवन कुमार पुत्र जय सिंह निवासी दुबई चकरौत थाना परसपुर जिला गोंडा व कार चालक 35 वर्षीय सोनू सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह निवासी बंजारी मोड़ थाना कोतवाली देहात जिला गोंडाए कार सवार ;55 सूफिया पत्नी मो नईम निवासी प्रेमी दास कुट्टी थाना रानीपुर जिला बहराइच घायल हो गए। जबकि सूफिया के पुत्र जावेद, मुकीम समेत तीन अन्य परिजन बाल बाल बच गए। सभी लोग कार सवार होकर लखनऊ से वापस घर बहराइच की तरफजा रहे थे।

# एक महिला व तीन पुरुष यूट्यूबर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।**

यह प्रकरण गोंडा से जुड़ा है जहां के तीन पुरुष वा एक महिला युटुबर के विरुद्ध 17 जनवरी 2026 को बाराबंकी जिले के सफदरगंज कोतवाली में अपराध संख्या 00 20 / 2026 दर्ज किया गया था जिसमें वहां के ग्राम प्रधान के द्वारा कोतवाली म तहरीर दिया गया था की तीन यटुबर पुरुष वा एक महिला यटुबर हमारे गौशाला में जबरन घुस आए और हमको धमका कर100000 की मांग किया कहा नहीं दोगे तो तुम्हारी खबर चलाकर तुम्हें बर्बाद कर दिया जाएगा बाराबंकी जिले की पुलिस ने आज चारों युटुबर तथा एक टाटा नेक्सोंन गाड़ी को सीज कर चारों अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया।

# सूरज सिंह ने किया श्री देव व्हील्स शोरूम का उद्घाटन

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।**



श्री देव व्हील्स शो रुम पर टाटा कम्पनी की लेटेस्ट माडल सियरा और पंच चौपहिया वाहन का भव्य उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सूरज सिंह और संस्थान के प्रबंध निदेशक व पूर्व राज्य मंत्री योगेश प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. डी पी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि सहित तमाम अतिथि गणों को बुके भेंट कर अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

पूर्व राज्यमंत्री व देव व्हील्स के प्रबंध निदेशक योगेश प्रताप सिंह ने न्यू लांच टाटा सियरा और पंच चौपहिया की खूबियां बताते हुए आधुनिक समत की सबसे टाप चौपहिया वाहन बताया।पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सूरज सिंह ने उदघाटन के अवसर पर कहा कि यह जनपद का प्रतिष्ठित एवं गौरव पूर्ण प्रतिष्ठान है। जहां टाप माडल चौपहिया वाहन नागरिकों के लिए उपलब्ध है।जिसके लिए नागरिकों को राजधानी या महानगरों में जाना पड़ता था वह उपलब्धि अब श्री देव व्हील्स पर उपलब्ध है। श्री देव व्हील्स पिछले एक दशक से टाटा कम्पनी के टाप माडल गाड़ियों का उत्कृष्ट शोरुम है जो मंडल में एक प्रमुख स्थान रखता है।उक्त भव्य उदघाटन समारोह में जनपद के गणमान्य व्यक्तियों में कर्नलगंज नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन शमीम अच्छन,ज्ञान प्रकाश रीजनल मैनेजर स्टेट बैंक,आशीष सिंह जोनल मैनेजर इण्डियन बैंक, युवा समाज सेवी विक्की सिंह,उदघाटन समारोह के व्यवस्थापक,संचालक एवं विधिक सलाहकार अमर श्रीवास्तव एडवोकेट, अनिल भारती,यू ट्यूबर अनमोल पाण्डेय व दिव्यांश श्रीवास्तव, विनायक, सिद्धान्त, राजेश मौर्य संस्थान के निदेशक गौरव सिंह, जनरल मैनेजर मातेन्द्र विक्रम सिंह,प्रबंधक शैलेन्द्र श्रीवास्तव, भूपति तिवारी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# पिता श्री ब्रह्मा बाबा का मनाया गया 57वां पुण्य स्मृति दिवस

**परसपुर बाजार/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

**ब्रह्मा कुमारी अनामिका बहिन जी ने ब्रह्मा बाबा के जीवन पर प्रकाश डालकर श्रद्धा सुमन किया अर्पित**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था के निमित्त साकार संस्थापक आदि पिता पिता श्री ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्य स्मृति दिवस ,18 जनवरी 2026 को विश्व शान्ति दिवस के रुप में मनाई गई। जहां सभी ब्रम्हा वत्स दिन भर मौन -योग तपस्या करते हुए पिता श्री ब्रह्मा बाबा के योगदान को याद करते हुए विविध कार्यक्रमों के साथ पूरे विश्व भर में मनाया गया। परसपुर सेवा केंद्र पर राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी अनामिका बहिन जी के सहित, संस्था से जुड़े हुए भाई बहिनों ने ब्रह्मा बाबा के जीवन पर प्रकाश डाल कर वाणी वा पुष्प माला से श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उक्त अवसर पर डॉक्टर सुरेश चंद्र तिवारी,प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार पाण्डेय ,राम कुमार पाण्डेय, जगदीश सोनी ,राम निहाल सोनी ,अनूप सिंह,बी.के .सुनील भाई राजन कुशवाहा जी , दूरसंचार विभाग के एस डी ओ रामेश्वर प्रसाद मिश्रा राधेश्याम मिश्रा, अमित शुक्ला जी, रवि पाठक, रामेंद्र नारायण सिंह, कृष्ण कुमार तिवारी,कमला प्रसाद सिंह, गुड्डू सिंह, उदयभान सिंह विपिन कुमार मिश्रा जी, पूनम चतुर्वेदी उमा माता, रमा माता, शुषमा माता, विशाल श्रीवास्तव, नीलम माता, आशा माता, आदि उपस्थित रहे।

# शिविर में 236 पशुओं का किया गया उपचार

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

**वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर एसएसबी ने लगाया निः शुल्क पशुचिकित्सा शिविर**

मिहींपुरवा बहराइच समृद्धि न्यूज़ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ;एसएसबी नानपारा की ओर से ग्राम गोपिया में निरूशुल्क पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की। यह शिविर कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के निर्देशन में तथा डॉण् जय प्रकाश, पशुचिकित्सा अधिकारी मिहींपुरवा के सहयोग से आयोजित हुआ। शिविर का उद्देश्य सीमावर्ती गांवों के पशुपालकों को उनके पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराना था। शिविर के दौरान एसएसबी के पशुचिकित्सकों की टीम ने 35 पशुपालकों के कुल 236 पशुओं का उपचार किया। इसमें प्राथमिक उपचार के साथ.साथ टीकाकरणए परजीवी नाशक दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही पशुपालकों को पशुओं के पोषणए देखभाल एवं रोग से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि बल द्वारा सामाजिक दायित्वों के तहत भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। ग्रामीणों ने निः शुल्क शिविर से लाभ मिलने पर सशस्त्र सीमा बल के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पोस्टर प्रतियोगिता में प्रियांशी साहू ने मारी बाजी

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा में दिनांक 20/ 1/ 2026 को स्वामी विवेकानंद *युवा उत्सव पखवाड़े के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न पाठ्य सहगामी गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों मे सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। समारोह अधिकारी प्रो. जितेंद्र सिंह ने बताया कि पाठ्य सहगामी गतिविधियों के तहत आयोजित प्रतियोगिता में 433 छात्र-छात्राओं ने बहुत उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम की संयोजक डॉक्टर चमन कौर ने बताया आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सड़क सुरक्षा हमारे जीवन का अहम हिस्सा है, क्योंकि हर साल लाखों लोग लापरवाही एवं जागरूकता की कमी के कारण सड़क दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं इसलिए हमें हेलमेट, सीट बेल्ट, ज़ेबरा क्रॉसिंग और ट्रैफिक संकेत का पालन करना चाहिए और शराब पीकर गाड़ी चलाने से बचना चाहिए क्योंकि सुरक्षित रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरोंकोभीजागरूक करें। आई क्यू ए सी समन्वयक प्रोफेसर जितेंद्र सिंह ने कहा हर साल भारत में लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओ में अपनी जान गवाते हैं या गंभीर रूप से घायल होते हैं। इन दुर्घटनाओं का मुख्य कारण अक्सर हमारी लापरवाही, नियमों की अनदेखी और जागरूकता की कमी है। प्रियांशी साहू एमएससी थर्ड सेमेस्टर प्रथम स्थान ,पिंकी गुप्ता बीएड प्रथम वर्ष एवं मेहविश महाराज एमएससी प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान एवं खुशी कौशल बीए थर्ड ईयर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रो अमन चंद्रा, प्रो शशिवाला, डॉ रेखा शर्मा निर्णायक मंडल की भूमिका में रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सहसंयोजक डॉ अरुण कुमार श्री राम भरोसे की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

संपूर्ण प्रतियोगिता प्राचार्य प्रो बीपी सिंह की दिशा निर्देशन में आयोजित की गई। प्रो राव प्रो राजीव अग्रवाल प्रो जयशंकर तिवारी प्रो अरविंद कुमार शर्मा प्रो मंशाराम वर्मा प्रो ममता शर्मा प्रो जे बी पाल डॉ अवधेश वर्मा डॉ नीरज यादव डॉ लोहांस कल्याणी डॉ परवेज आलम डॉ पूजा यादव डॉ अभिक सिंह डॉ अच्युत शुक्ला डॉ अमित शुक्लाआदि प्राध्यापकों की उपस्थिति ने छात्रों को अभिप्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

# मिहींपुरवा-नानपारा हाईवे पर हादसों का सिलसिला जारी

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



बहराइच से नानपारा होते हुए लखीमपुर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को मटिया मोड़ के पास गन्ने से लदे ट्रक और अन्य वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग पर ओवरलोडिंग वाहनों ई.रिक्शा और तेज रफ्तार ट्रकों की भरमार है। मटिया मोड़ व नैनिहा मंडी क्षेत्र सड़क किनारे स्थित होने के कारण यहां प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही रहती है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार हादसों के बावजूद प्रशासन की ओर से न तो ट्रैफिक नियंत्रण की व्यवस्था की गई है और न ही ओवरलोडिंग पर कोई प्रभावी कार्रवाई हो रही है। लोगों ने हाईवे पर सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने की मांग की है।

# बहराइच ब्लास्टर्स ने जीता ग्लैमरस टाइप प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला




**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

स्वर्गीय कुशमेंन्द्र सिंह राणा की स्मृति में खेला जा रहा ग्लैमरस टाइप प्रीमियर लीग में आज टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बहराइच ब्लास्टर्स एवं बहराइच योद्धा के बीच खेला गया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ विकास मिश्रा, विशिष्ट अतिथि डॉ अभिलाषा वर्मा, जॉय रायतानी, राधिड हुसैन चांद, प्रेम नाथ तिवारी एडीसी, सेक्रेटी इशरत महमूद खान एराणा अनिल सिंह, मौजूद रहे। बहराइच ब्लास्टर्स के कप्तान जयप्रकाश गुप्ता ने टास जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। ब्लास्टर्स की शुरुआत खराब रही और दो विकेट जल्दी गिर गये लेकिन इसके बाद आये कप्तान जयप्रकाश के 63 एवं विजय ववंडर के 40 रनों की बदौलत निर्धारित 22 ओवरों में आल आउट होकर 155 रनों का स्कोर खड़ा किया। बहराइच योद्धा की तरफ से रेहान ने शानदार 5 विकेट एवं अंशुमान पाण्डे ने 02 विकेट अपने नाम किए।

156 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए योद्धा के बल्लेबाज फाइनल का दबाव नहीं झेल पाये और निश्चित अंतराल पर अपना विकेट गंवाते रहे और पूरी टीम 21वें ओवर में 120 रनों पर आल आउट हो गई।

# दहेज में कार मांगने पर युवती ने जहर खाकर की आत्महत्या

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



हुजूरपुर इलाके में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक युवती ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। यह घटना रविवार को हुईए जब लड़के वालों ने फोन पर दहेज में कार की मांग की थी। युवती की पहचान जलालपुर गांव निवासी समीरन के रूप में हुई है। समीरन का विवाह रज्जब गांव निवासी नाजिम नामक युवक से तय हुआ था। दोनों पिछले छह महीने से एक.दूसरे से बात कर रहे थे और दोनों परिवार शादी के लिए राजी थे। शादी जल्द ही होने वाली थी। समीरन के भाई अमीरुद्दीन ने बताया कि रविवार को नाजिम के परिवार ने दहेज में कार की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि यदि मांग पूरी नहीं की गई तो वे नाजिम की शादी किसी और से कर देंगे। इस बात से आहत होकर समीरन ने जहर खा लिया। परिजनों ने समीरन को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन वहां उसकी मौत हो गई।

परिवार ने हुजूरपुर थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की आगे की जांच कर रही है।

# बाराबंकी में अधिवक्ता पर हमले को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** अधिवक्ताओं ने बाराबंकी में एक वकील पर हुए हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। मंगलवार को जिला अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में बड़ी संख्या में वकीलों ने जुलूस निकाला और आरोपियों के खिलाफराष्ट्रीय सुरक्षा कानून रासुका के तहत कार्रवाई की मांग की। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया। यह प्रदर्शन बाराबंकी के हैदरगढ़ टोल प्लाजा पर अधिवक्ता पर हुए हमले के विरोध में था। प्रदर्शनकारी वकीलों ने हमलावरों के खिलाफरासुका लगाने की मांग की। उन्होंने अधिवक्ता सुरक्षा बिल पारित करने की भी बात कहीए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। प्रदर्शन के उपरांत अधिवक्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार को संबोधित एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में वकील उपस्थित रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-1, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1346/EE-1/नि. दिनांक- 20.01.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनांक 27.01.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 27.01.2026 को समय 2:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जलकल विभाग लखनऊ के नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying of 110 mm dia 118 mtr. PVC pipeline at PAC Park to Bajaj House Gomti Enclave Tilak Marg. | 6000.00 | 300 | 07 दिवस |
| 2. | Laying of 90 mm dia 170 mtr. PVC pipeline at H.no.1/130 to 1/168 Jiyamau. | 3700.00 | 200 | 07 दिवस |
| 3. | Rewinding & Rep. of 120 HP Spare Motor at KKC ZPS. | 4800.00 | 250 | 07 दिवस |
| 4. | Laying of 110 mm dia 65 mtr. PVC pipeline at 21/10 to Uma Devi House Dalibagh. | 3100.00 | 200 | 07 दिवस |
| 5. | Shifting of 100 mm 30 mtr. CI pipeline at Chritian Colony near Hanuman Mandir Kalidas Marg. | 2800.00 | 150 | 07 दिवस |
| 6. | Laying of 90 mm dia 190 mtr. PVC pipeline at Shuturkhana Maqboolganj. | 4500.00 | 250 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता जोन-1
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ


# छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण पर मिला ग्रीकल्चर बिजनेस पर मार्गदर्शन

**उतरौला बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उतरौला, जनपद बलरामपुर द्वारा केन्द्र पुरोनिधानित रिवाइज्ड विषय अंतर्गत ढ्ढस्श्वष्ठस्न संस्था के तत्वावधान में व्यवसायिक विषय रिटेल के अंतर्गत एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज (अयोध्या) में संपन्न हुआ। शैक्षिक भ्रमण के दौरान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. आर.बी. सिंह द्वारा छात्राओं को खुदरा व्यापार के अंतर्गत एग्रीकल्चर बिजनेस में सफलता प्राप्त करने के विभिन्न आयामों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने कृषि आधारित व्यवसाय की संभावनाओं, विपणन, प्रबंधन एवं रोजगार के अवसरों पर बारीकी से प्रकाश डाला। छात्राओं ने विषय को बड़े उत्साह और जिज्ञासा के साथ सुना तथा नवीन जानकारी प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर व्यवसायिक शिक्षक कन्हैया सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित रोजगारपरक शिक्षा कार्यक्रम भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस प्रकार की शैक्षिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों को नया मार्गदर्शन प्रदान करती हैं।

# अभिलेख संधारण-सेवा गुणवत्ता सुधारने के निर्देश




**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा आज बाल कल्याण समिति , जिला बाल संरक्षण इकाई एवं हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित से कार्यों की प्रगति जानी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बाल कल्याण समिति की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा बाल कल्याण समिति के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने समिति के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि समिति में प्रस्तुत होने वाले प्रत्येक प्रकरण का विस्तृत विवरण प्रकरणवार दर्ज किया जाए तथा अगली पेशी/सुनवाई की तिथि का रिकॉर्ड भी अनिवार्य रूप से संधारित किया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मामलों की समयबद्ध सुनवाई, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं बच्चों के हित में त्वरित निर्णय सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाल संरक्षण से जुड़े सभी प्रकरणों में समन्वय बनाकर कार्य किया जाए तथा सभी योजनाओं/सेवाओं का लाभ पात्र बच्चों तक समय से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण सेवाओं की निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए शिकायत/सूचना प्राप्त होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमन के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महिलाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ, काउंसलिंग, सहायता/मार्गदर्शन एवं आवश्यक सेवाएं समय पर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

# जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक यूपी की विधानसभा : ओम बिरला

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



▶ 86वें अखिल भारतीय सम्मेलन के दूसरे दिन बोले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश की विधानसभा जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक लगती है। पीठासीन अधिकारियों के 86वें अखिल भारतीय सम्मेलन के दूसरे दिन यहां विधानभवन के मंडप (जहां सत्र की कार्यवाही संचालित होती है) में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि इस विधानसभा में पहले भी आना हुआ है और उत्तर प्रदेश की विधानसभा जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक लगती है। बिरला ने कहा कि प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने देश और दुनिया की सबसे बड़ी विधानसभा में लोकतांत्रिक मूल्यों, श्रेष्ठ परंपराओं, अच्छी परिपाटियों को लागू किया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा के विशेष योग्यता धारक जनप्रतिनिधियों, डॉक्टर, इंजीनियर, सनदी लेखाकार आदि, के अनुभवों का महाना ने पेशेवरों के अलग-अलग समूह बनाकर लाभ उठाया। सम्मेलन में उप्र विधानसभा के बदलाव से संबंधित दिखाई गई 13 मिनट की एक लघु फिल्म की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, उप्र विधानसभा ने महिलाओं और युवाओं के अलग-अलग सत्र आयोजित किये, ताकि महिलाओं की भागीदारी राजनीति में बढ़े और उसकी प्रेरणा सभी राज्य की महिलाओं को मिले। युवाओं की भागीदारी लोकतंत्र में बढ़ाने के लिए युवा संवाद और युवा चर्चा जैसे सत्र आयोजित करने जैसे अच्छे प्रयास किये गये। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी विधानसभा की श्रेष्ठ परिपाटी, परंपराएं, नियमों में बदलाव, लोकतंत्र में भागीदारी, नये प्रयोग प्रेरणादायी होते हैं और निश्चित रूप से हम इसीलिए चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा, मैंने अपने छह साल के कार्यकाल में बदलती लोकतांत्रिक विधानसभाओं का स्वरूप देखा है। विधानसभाओं में पहले गया और उसके तीन-चार साल बाद गया...सभी माननीय अध्यक्षों ने बदलाव किया और समाज की सक्रिय भागीदारी के लिए बहुत प्रयास किये। बिरला ने कहा कि स्थायी समिति की बैठक में इस पर चर्चा भी हुई और मुझे आशा है कि आप बहुमूल्य सुझाव देंगे तो उसके लिए एक समिति बनाकर शीघ्र ही इसी सत्र के अंदर राज्यों की विधानसभाओं व लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति लोगों का और विश्वास बनाने, चर्चाओं और संवाद के सकारात्मक परिणाम के लिए प्रयास करेंगे। इसके पहले उप्र विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने अतिथियों का स्वागत किया। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने दूसरे दिन सम्मेलन की शुरुआत कराई। इस अवसर पर अपने संबोधन में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा, लोकतंत्र का सबसे सशक्त आधार जनता का अटूट विश्वास होता है। यह विश्वास रातों रात निर्मित नहीं होता और न ही वह किसी एक चुनावी सफलता के परिणाम से परिलक्षित होता है। यह निरंतर व्यवहार, सतत संवाद और अटूट उत्तरदायित्व की परिणति है। देवनानी ने कहा, हम सदन में बैठते हैं तो हमें संविधान के ट्रस्टी के रूप में व्यवहार करना चाहिए क्योंकि हमारे हाथ में जो शक्ति है वह जनता द्वारा दी गई पवित्र धरोहर है। जब हम जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही की बात करते हैं तो हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि विधायिका कोई स्वायत्त सत्ता केंद्र नहीं है बल्कि जनता की आकांक्षाओं और अभिलाषाओं का एक दर्पण है। उन्होंने कहा, सदन की सर्वश्रेष्ठता इस बात से तय नहीं होती कि वहां बहुमत कितना प्रभावी है बल्कि वह इस बात से तय होती है कि वहां अल्पमत की आवाज को कितना सम्मान और महत्व दिया जाता है। असहमति के स्वर को महत्व देने की वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि जनता हमसे अपेक्षा करती है कि हम शासन के हर निर्णय की समीक्षा करें और एक एक पैसा जनकल्याण में खर्च हो, यह विधायिका की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों की भूमिका रेफरी या अंपायर से ज्यादा संरक्षक के रूप में होती है। मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र तोमर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों और उप्र विधानसभा अध्यक्ष महाना के नये प्रयोगों की सराहना करते हुए कहा कि आज निश्चित रूप से हम सबके लिए प्रसन्नता का क्षण है कि जब उप्र के इस ऐतिहासिक विधान भवन में हम लोग अपनी बात रखने के लिए एकत्र हुए हैं। तोमर ने कहा कि बिरला जी जबसे लोकसभा अध्यक्ष बने हैं, तब से लगातार राज्यों की विधानसभा की सक्रियता, क्षमता, संपर्क बढ़े और लोकसभा से सम्बद्ध रखते हुए अपने राज्य के विधानमंडलों में कीर्तिमान बनाएं, इसके लिए उनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम ही है। उन्होंने चुनावी विसंगतियों की ओर इशारा करते हुए कहा, आजकल चुनावों की ऐसी स्थिति हो गई है कि किसी भी प्रकार से चुनावों में टिकट प्राप्त हो, टिकट मिले तो किसी प्रकार से जीतें, जीतने के लिए किसी भी सीमा पर जाना पड़े...। स्वाभाविक रूप से चुनाव होंगे तो जो भी लड़ेगा जीतने के लिए लड़ेगा, लेकिन उसमें भी अर्न्ध्तमापदंड स्थापित होंगे तो हम लोकतंत्र को और भी खूबसूरत बना सकेंगे। जवाबदेही को और ज्यादा सुनिश्चित करने में सफल हो सकेंगे। त्रिपुरा विधानसभा के कार्यवाहक अध्यक्ष राम प्रसाद पॉल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## सत्रों की अवधि कम होने पर मायावती ने जताई चिंता

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में सत्रों की अवधि कम होने पर मंगलवार को चिंता जताई और कहा कि सरकार और विपक्ष को इस पर अति गंभीर होकर विचार करना चाहिए। बसपा प्रमुख मायावती ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में कहा देश में संसद व राज्य विधानमंडलों के सत्र के घटते समय के साथ-साथ हर बार इनके भारी हंगामेदार एवं स्थगन आदि से इनकी जन उपयोगिता का घटता प्रभाव अक्सर गंभीर चिंता का विषय रहा है। लखनऊ में इन दिनों चल रहे पीठासीन अधिकारियों के तीन-दिवसीय 86 वें अखिल भारतीय सम्मेलन के दौरान विधानमंडलों की कार्यवाही के लगातार घटते समय पर चिंता व्यक्त किया जाना उचित, सामयिक व सराहनीय है जिस पर सरकार और विपक्ष दोनों को अति-गंभीर होकर इस पर विचार करना चाहिये। उप्र की चार बार मुख्यमंत्री रह चुकीं बसपा की शीर्ष नेता ने कहा कि संसद व विधानमण्डलों की कार्यवाही साल में कम-से-कम 100 दिन के कैलेण्डर तथा सही नियमों के हिसाब से शांति-व्यवस्था के साथ चले, यह बहुत जरूरी है। लखनऊ में पीठासीन अधिकारियों का 86वां अखिल भारतीय सम्मेलन 19 जनवरी को शुरू हुआ और 21 जनवरी तक चलेगा। मायावती ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ द्वारा श्सरकारी मान्यता नहीं होना मदरसा को बंद करने का आधार नहीं सम्बंधी दिया गया फैसला अति-महत्वपूर्ण व सामयिक है तथा इस आधार पर श्रावस्ती में मदरसे पर लगी सील 24 घंटे में हटाने के निर्देश का भी स्वागत योग्य है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे भी संभवतः यहाँ कोई भी सरकार नीतिगत तौर पर प्राइवेट मदरसों के विरुद्ध नहीं है।

## खबरें एक नजर में

### ई-रिक्शा पलटने से चालक की मौत, नहर किनारे मिला शव




लखनऊ, समृद्धि न्यूज़। मलिहाबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह 7 बजे सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। यह हादसा नबीनगर गांव के पास उस समय हुआ, जब ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। मृतक की पहचान अर्जुन पाल (50) निवासी मलिहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को नहर किनारे सड़क से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के बेटे रिंकू ने बताया कि उनके पिता अर्जुन पाल मंगलवार तड़के करीब तीन बजे ई-रिक्शा लेकर घर से निकले थे। बताया जा रहा है कि नबीनगर गांव के पास अचानक सामने से कोई अज्ञात जंगली जानवर आ गया, जिससे ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के बाद अर्जुन पाल सड़क किनारे नहर के पास गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों को घटना की जानकारी तब मिली, जब स्थानीय लोगों ने नबीनगर गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर आगे नहर के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर परिजनों ने शव की पहचान अर्जुन पाल के रूप में की। घटनास्थल के पास ही ई-रिक्शा भी पलटा हुआ मिला। मृतक के चेहरे, हाथ और पैरों पर गंभीर चोटों के कई निशान पाए गए। सूचना मिलने पर मलिहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊ भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य भी जुटाए हैं। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ई-रिक्शा पलटने से ही चालक की मौत होने की बात सामने आ रही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल मृतक के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर भाटी के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

### निकाह के लिए मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक उतारने के लिए समझाती रही पुलिस

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़। मोहनलालगंज में एक युवक एक लड़की से निकाह कराने की जिद लेकर 150 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ गया। वहां से लड़की का नाम लेकर चिल्लाने लगा कि उससे मेरा निकाह करा दो। युवक के टावर पर चढ़ने की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिसवाले उसे समझाने लगे, लेकिन वह उतर नहीं रहा था। घटना पीजीआई कैंपस की है। मंगलवार सुबह इरशाद खान नाम का युवक मोबाइल फोन टावर पर चढ़ गया। पहुंची पुलिस ने एहतियातन टावर के आसपास के क्षेत्र को घेर लिया। लोगों को वहां जाने से रोका। यह ड्रामा देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस करीब 1 घंटे तक उसे समझाती रही। युवक पीजीआई इलाके में रहता है। पीजीआई कैंपस सहित आसपास के गांवों में वह जंगली जीवों का रेस्क्यू करता है। वह कई बार कैंपस के अंदर ही निकले अजगर, बिज्जू आदि का रेस्क्यू कर चुका है। पिछले साल अस्पताल परिसर में ही अजगर निकला था जिसे इरशाद ने रेस्क्यू किया था। अजगर करीब 10 फीट लंबा था। इसी 4 जनवरी को पीजीआई के पल्मोनरी वार्ड बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर स्थित वेटिंग हॉल में जंगली बिल्ली (बिज्जू) दिखी थी। उसे पकड़ने के लिए लोगों ने इरशाद को बुलाया था। इरशाद ने बिल्ली को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित पकड़ लिया। बाद में उसे गौतमखेड़ा जंगल में छोड़ दिया। पीजीआई प्रशासन ने पुलिस बुला ली है। जोन के कई अधिकारी अस्पताल परिसर पहुंचे हैं। बैठक में वर्तमान हालात और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। युवक को पीजीआई के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक ले जाया गया है। वहां उससे पूछताछ की जाएगी।

## मणिकर्णिका घाट मंदिर मामले में विरोध प्रदर्शन, आप नेताओं को पुलिस ने घसीटा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़। काशी के मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों को तोड़े जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी ने लखनऊ में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस से उनकी तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस ने आप नेताओं और कार्यकर्ताओं को घसीट और टांगकर बस में बैठाया। उन्हें ईको गार्डन ले गए। पार्टी के जिला महासचिव ज्ञान सिंह कुशवाहा ने बताया कि यह सरकार हमारे इतिहास



को मिटाना चाहती है। सरकार पुराने मंदिरों को मिटा रही है। हमारी संस्कृति पर सीधे तौर पर यह हमला कर रही है। यह सरकार अपना नया साम्राज्य गढ़ रही है। यह पूरी तरीके से हिंदू विरोधी सरकार है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह के निर्देश पर जिला पदाधिकारियों ने यह प्रदर्शन किया। आप का कहना है कि यह मामला केवल निर्माण या विकास का नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के सम्मान से जुड़ा है। पार्टी ने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर धार्मिक स्थलों से की गई छेड़छाड़ स्वीकार्य नहीं है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय कराई जाएगी। पार्टी नेताओं ने कहा कि मणिकर्णिका घाट काशी की पहचान और सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण प्रतीक है। यहां मौजूद प्राचीन मंदिरों के साथ किसी भी तरह की तोड़फोड़ से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। आप ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### हजरतगंज चौराहे पर डायवर्जन से लखनऊ में जाम, वाहनों की लगी लंबी कतार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

लखनऊ में 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों और 62वां सचिवों का सम्मेलन चल रहा है। सम्मेलन के मद्देनजर हजरतगंज इलाके ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। इससे शहर में जाम के हालात पैदा हो गए हैं। कैंट सदर में लंबा जाम लग गया है। कैसरबाग और उसके आसपास जाम के हालात पैदा हो गए हैं। शहर का मुख्य चौराहा हजरतगंज है। यहां पर किए गए डायवर्जन के बाद वैकल्पिक मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया। इसके बाद प्रभात सिनेमा के आसपास, कैंट मॉल एवेन्यू समेत कैसरबाग, गोलागंज में जाम लग गया। खासतौर पर कैंट माल एवेन्यू न्यू और सदर फ्लाईओवर के पास जाम की स्थिति बन गई। जाम में काफी देर तक स्कूल के छात्र और राहगीर फंसे रहे। हजरतगंज चौराहे से सिविल अस्पताल और सीएम आवास जाने वाले रोड पर भी भीषण जाम लग गया। इस दौरान तमाम छात्र स्कूल वाहन को छोड़कर पैदल ही जाते नजर आए।ऐसे में ट्रैफिक जाम की वजह से छात्रों को सबसे अधिक समस्या हुई।

## गोमतीनगर से डिब्रूगढ़ के लिए रवाना हुई अमृत भारत एक्सप्रेस




▶ पूर्वोत्तर भारत से सीधा जुड़ा लखनऊ, दर्जनों स्टेशनों से गुजरेगी ट्रेन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

लखनऊ के गोमतीनगर रेलवे स्टेशन से आज दोपहर 1.00 बजे अमृत भारत एक्सप्रेस मां कामाख्या होते हुए डिब्रूगढ़ के लिए रवाना हुई। यह ट्रेन उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के प्रमुख स्टेशनों से गुजरते हुए पूर्वोत्तर भारत तक सीधी रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी। गोमतीनगर से चलने के बाद अमृत भारत एक्सप्रेस अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, मनकापुर, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, नौगछिया, कटिहार, बारसोई, किशनगंज, अलुआबाड़ी रोड, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूचबिहार, न्यू अलीपुरद्वार, कोकराझार, न्यू बोंगाईगांव, बारपेटा रोड, नलबाड़ी, रंगिया, कामाख्या, गुवाहाटी, जागी रोड, चापरमुख, होजई, लम्डिंग, दीफू दीमापुर, फरकाटिंग, मरियानी, सिमालगुड़ी, मोराणहाट होते हुए अंत में डिब्रूगढ़ पहुंचेगी। असम के रहने वाले शरद ने बताया कि हम लखनऊ से अपनी तैयारी कर रहे हैं। अभी अपने घर असम जा रहे हैं। इस ट्रेन में काफी शानदार व्यवस्था है। साफ-सफाई भी बहुत अच्छी है। सिक्योरिटी पर्पज से कैमरे भी लगाए गए हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि इस नई अमृत भारत एक्सप्रेस के संचालन से लखनऊ और आसपास के इलाकों के यात्रियों को असम और पूर्वोत्तर राज्यों तक सीधी, तेज और सुरक्षित रेल सेवा मिलेगी। ट्रेन को आधुनिक सुरक्षा मानकों और बेहतर यात्री सुविधाओं के साथ चलाया जा रहा है, जिससे लंबी दूरी की यात्रा अधिक सुविधाजनक होगी।

## 500 किमी की ऐतिहासिक पदयात्रा! बुंदेलखंड की जल सहेलियां 29 जनवरी से निकालेंगी यमुना बचाओ अभियान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़। यमुना नदी के संरक्षण, अविरलता और निर्मलता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुंदेलखंड की चर्चित जल सहेली संगठन की ओर से लगभग 500 किलोमीटर से अधिक लंबी यमुना यात्रा की शुरुआत 29 जनवरी 2026 को पंचनद (जालौन-इटावा) से की जाएगी। यह यात्रा एक माह तक चलेगी और दिल्ली तक पहुंचेगी। इसे दुनिया की सबसे लंबी महिलाओं की यमुना यात्रा बताया जा रहा है। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। बुंदेलखंड क्षेत्र में पिछले करीब एक दशक से जल संरक्षण अभियान में सक्रिय जल



सहेलियां अब तक क्षेत्र की छह सूखी नदियों को पुनर्जीवित, तथा हजारों तालाबों को बचाने और संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी हैं। जल संरक्षण के क्षेत्र में उनके कार्यों की सराहना प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति स्तर तक हो चुकी है, वहीं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उनके प्रयासों का उल्लेख किया गया है। जल सहेलियों की इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य यमुना नदी के प्रदूषण को लेकर जागरूकता बढ़ाना, नदी के प्रति जनभागीदारी सुनिश्चित करना और स्वच्छता, संरक्षण व पुनर्जीवन के संदेश को समाज तक पहुंचाना है। संगठन के अनुसार, यमुना आज गंभीर प्रदूषण की समस्या से जूझ रही है, जबकि इसका धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व अत्यंत बड़ा है। जल सहेली संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा देवी ने बताया कि यह पूरी मुहिम हजारों महिलाओं के सामूहिक सहयोग से संचालित हो रही है। वर्तमान में संगठन से 3000 से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं, जो बिना किसी सरकारी या गैर-सरकारी सहायता के स्वयं के श्रम, योगदान और समर्पण से जल संरक्षण कार्य कर रही हैं।

## बैंक मित्र का सहयोगी भी गिरफ्तार

▶ बैलेंस चेक कराने के लिए ब्रांच में लगी भीड़

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़। राजधानी लखनऊ में लोगों की फर्जी एफडी करने वाले बैंक मित्र का सहयोगी भी गिरफ्तार हो गया है। वह बैंक ब्रांच में सबको चाय पिलाता था। यहीं से उसकी बैंक अधिकारियों से जान-पहचान हुई। उसने बैंक मित्र शिवा का सहयोग किया। लोगों की एफडी उसी से करवाई। शिवा ने इन हड़पे पैसों से राजाजीपुरम में आलीशान घर बनवा रखा है। मामला पारा थाना क्षेत्र के डॉ. शकुंतला मिश्रा यूनिवर्सिटी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांच का है। कई लोगों के रुपए खाते से गायब होने और फर्जी एफडी की सूचना मिलने के बाद ब्रांच में सभी खाताधारक लगातार पहुंच रहे हैं। मंगलवार को यहां भीड़ देखने को मिली। अपने लाइन में लगकर केवल अपना बैलेंस चेक करवा रहे हैं। पारा पुलिस ने बैंक मित्र शिवा को 19 जनवरी को गिरफ्तार किया था। उसका सहयोगी रहा पूर्व सिक्योरिटी गार्ड भी पकड़ा गया। वह सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी जाने के बाद ब्रांच में सबको चाय पिलाने लगा था। उससे 2.38 लाख रुपए नकद और बैंक से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि मुख्य आरोपी शिवा ने करीब डेढ़ करोड़ रुपए का आलीशान मकान बना रखा है, जिसकी जांच अब तेज कर दी गई है। पारा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के मुताबिक, शकुंतला विश्वविद्यालय परिसर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में शिवा राव बैंक मित्र के तौर पर काम करता था। करीब 2 दर्जन लोगों ने 12 जनवरी को बैंक परिसर में आकर हंगामा कर दिया था। उसके बाद पारा थाने में लिखित शिकायत भी दी थी। उसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए शिवा को बैंक से ही गिरफ्तार कर लिया गया। उसके सहयोगी दुबग्गा के दौलतखेड़ा के दिलीप कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दिलीप बैंक परिसर के एटीएम बूथ में सिक्योरिटी गार्ड था। 2019 में नौकरी से हटाए जाने के बाद भी दिलीप बैंक परिसर में चाय पिलाने और बैंक खोलने-बंद करने जैसे काम करता रहा। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2020 से शिवा ने ग्राहकों को जाली एफडी देना शुरू कर दिया। इस फर्जीवाड़े में दिलीप ने नकली दस्तावेज तैयार करने और रकम के लेन-देन में अहम भूमिका निभाई। ठगी से जुड़े सबूत शिवा के मोबाइल में मौजूद थे, जिसे उसने तोड़ दिया था।

पुलिस ने मोबाइल डेटा रिकवरी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं, दिलीप के मोबाइल से भी संदिग्ध ट्रांजैक्शन के सबूत मिले हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि 2020 से अब तक बैंक में चार अलग-अलग मैनेजर तैनात रहे हैं।

### सीएम योगी की आजीविका नीति ने बदली ग्रामीण महिला की तकदीर

## सामान्य गृहणी से उद्यमी बनकर लखपति दीदी बनने का सपना पूरा

▶ बिजनौर की रितु बनी उद्यमी कैफे से रोजाना सात हजार रुपये की कमाई

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश भर में संचालित श्राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशनश् ग्रामीण महिलाओं के जीवन में निर्णायक बदलाव ला रहा है। सरकार की यह पहल महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार सृजन की दिशा में आगे बढ़ा रही है। प्रशिक्षण, वित्तीय सहयोग और बाजार से सीधा जुड़ाव, योगी सरकार की उस नीति का आधार है, जिसके चलते गांवों में महिलाओं की भूमिका अब घर तक सीमित नहीं



रही। बिजनौर जिले की रितु की सफलता इसी परिवर्तन की सशक्त मिसाल है।देवमल ब्लॉक के ग्राम फिरोजपुर नरोत्तम की रहने वाली रितु का जीवन कुछ वर्ष पहले तक पति की दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर था। सीमित और अनिश्चित आय के कारण परिवार का खर्च चलाना कठिन होता था। भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रहती थी। ऐसे समय में वर्ष 2022 में रितु का जुड़ाव लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह से हुआ। यह जुड़ाव उनके जीवन में बदलाव का आधार बना।राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत रितु को उद्यमिता से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें बचत और ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई गई तथा व्यवसाय शुरू करने के लिए निरंतर मार्गदर्शन भी मिला। योगी सरकार का संकल्प है कि ग्रामीण महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हों और आत्मसम्मान के साथ आजीविका अर्जित करें। इसी सोच ने रितु को आगे बढ़ने का भरोसा दिया। आजीविका मिशन के सहयोग से रितु ने 'विदुर कैफे' की शुरुआत की। सीमित संसाधनों से शुरू हुआ यह कैफे आज उनकी पहचान बन चुका है। रितु अब प्रतिदिन 6-7 हजार रुपये तक की आय कर रही हैं। कभी जिनके लिए घर का खर्च जुटाना चुनौती था, आज वे आत्मविश्वास के साथ अपने परिवार की जिम्मेदारियां संभाल रही हैं और भविष्य की योजनाएं बना रही हैं। रितु की सफलता का असर केवल उनके परिवार तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने अपने कैफे के माध्यम से गांव की अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ा है। इससे गांव में महिलाओं के बीच आत्मनिर्भरता की भावना मजबूत हुई है।महिलाएं अब काम के लिए बाहर जाने के बजाय गांव में ही सम्मानजनक रोजगार पा रही हैं, जिससे सामाजिक माहौल में भी सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। रितु का कहना है कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें प्रशिक्षण, अवसर और सम्मान, तीनों मिले।

## लापता युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

दुबग्गा थाना क्षेत्र के कटौली गांव में चार दिन से लापता युवक का शव सोमवार देर रात गांव के बाहर बेहता नदी में उतराता हुआ मिला। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। खेतों में पानी लगा रहे किसानों ने नदी में शव देखा और तत्काल पुलिस व मृतक के परिजनों को सूचना दी। मृतक की पहचान कटौली गांव निवासी मजदूर मनोज यादव (24) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मनोज बीते 15 जनवरी की देर रात बिना बताए घर से निकल गया था। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटा और उसका मोबाइल भी बंद मिला, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।



कोई सुराग न मिलने पर दुबग्गा थाने में मनोज की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मृतक के भाई रमेश यादव ने बताया कि मनोज के लापता होने वाले दिन ही गांव के बाहर पश्चिम दिशा में करीब 500 मीटर की दूरी पर उसका एक जूता और लोवर पड़ा हुआ मिला था। तभी से परिजन किसी अनहोनी की आशंका जता रहे थे। चार दिन बाद बेहता नदी में शव मिलने से परिवार का शक और गहरा हो गया है। मनोज अविवाहित था और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके पिता राधेश्याम का निधन कई वर्ष पूर्व हो चुका है। सूचना मिलते ही दुबग्गा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि मृतक की गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले से दर्ज थी। उन्होंने कहा कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। पुलिस आसपास के इलाकों में पूछताछ कर रही है और यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि मनोज किन परिस्थितियों में घर से निकला था और वह बेहता नदी तक कैसे पहुंचा।

## खबरें एक नजर में

### अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुलह समझौता के आधार पर हो



**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के तत्वावधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 चलाये जाने को निर्देशित किया गया है। उक्त अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जाना है। जिसके सम्बन्ध में मंगलवार को जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी है। उक्त बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश मिश्रा, सभी न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश द्वारा सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह अपने अपने न्यायालयों में लम्बित मामलों को अधिक से अधिक संख्या में मीडियेशन सेन्टर के लिए संदर्भित करना सुनिश्चित करें। जिससे कि अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुलह समझौता के आधार पर किया जा सके।

### झाड़ियों में दिखा विशाल अजगर, वन विभाग की टीम ने पकड़कर जंगल में छोड़ा

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सुखचैनपुर में गांव वालों के द्वारा अजगर को देखकर अफरा–तफरी मच गई, ग्रामीणों के द्वारा बांस की झाड़ियों के बीच एक विशाल  दिखाई दिया। अजगर के दिखाई देने की सूचना फैलते ही ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम प्रधान के द्वारा तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची वन दरोगा रोहित पांडे वन रक्षक दीपक कुमार प्रभात सिंह अन्य टीम के सदस्यों के द्वारा   रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।  बांस की घनी झाड़ियों और ऊंचाई पर मौजूद होने के कारण रेस्क्यू में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हालांकि वन विभाग की टीम के साथ ग्रामीणों ने भी पूरी सतर्कता और सहयोग के साथ रेस्क्यू कार्य में मदद की गई। लगातार प्रयासों के बाद वन विभाग ने विशाल अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। अजगर के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग की टीम ने अजगर को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर जंगल में छोड़ने की बात कही है। इस सफल रेस्क्यू में वन विभाग के साथ ग्रामीणों की मेहनत और सूझबूझ सराहनीय रही।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से स्कूटी सवार प्रधानाध्यापक गंभीर घायल

**तिलहर–शाहजहांपुर।** विद्यालय की छुट्टी के बाद घर लौट रहे प्रधानाध्यापक की स्कूटी में सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेक्टर ट्रॉली ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी क्षतिग्रस्त  होने के साथ ही प्रधानाध्यापक भी लहूलुहान हो गए। वहीं ट्रेक्टर ट्रॉली लेकर चालक फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक तिलहर के सुभाष कॉलोनी निवासी जितेंद्र गंगवार गांव नौगाई स्थित सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक है। मंगलवार को अपरान्ह तीन बजे वह विद्यालय की छुट्टी के बाद स्कूटी से तिलहर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान गांव हरभानपुर मोड़ पर सामने से जा रहे तेज रफ्तार ट्रेक्टर ट्रॉली ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना की खबर मिलते ही कई शिक्षक साथी घटना स्थल पहुंचे। और उन्हें सीएचसी ले गए।जहां डॉक्टर ने एक्सरे किया। जिसमें फ्रैक्चर तो नहीं आया। लेकिन दाहिने पैर में काफी चोट आने से वह बेहाल हो गए। ट्रेक्टर ट्रॉली निजाम पुर की बताई गई है।

### परचून की दुकान जलकर खाक

**बंडा, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के बृजपाल नगर में नई बाजार के पास रामनाथ की परचून की दुकान में बीती रात अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग की लपटों को देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन देरी से आने के कारण पूरा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित रामनाथ ने थाने में तहरीर देकर जांच की मांग की है। बंडा थाना पुलिस ने मामले की तहरीर लेकर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या अन्य संभावित कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### विनोद गुप्ता एलडीबी के लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**कलान, शाहजहांपुर।** कलान में भूमि विकास बैंक के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विनोद गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।वह लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। मंगलवार को उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों और समर्थकों के साथ कलान ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर निर्वाचन अधिकारी रामकरन प्रभाकर को अपना नामांकन पत्र सौंपा था। दोपहर 3 बजे तक किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। इसके बाद निर्वाचन अधिकारी ने विनोद गुप्ता को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। निर्वाचन अधिकारी रामकरन प्रभाकर ने जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन के दौरान भाजपा प्रत्याशी विनोद गुप्ता का ही एक मात्र नामांकन पत्र दाखिल किया गया।जांच में नामांकन पत्र सही पाया गया। एक ही नामांकन पत्र दाखिल होने के कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। इससे पहले वर्ष 2021 में भी विनोद गुप्ता पहली बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए थे। उनके निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा के बाद बैंक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया।विनोद गुप्ता के आवास पर बधाई देने वालों का टाटा लग गया। कार्यकर्ताओं ने फूल–मालाओं से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री/डीसीडीएफ के चेयरमैन रमाकांत मिश्रा,कलान के नगर पंचायत अध्यक्ष हरनारायण गुप्ता,भाजपा नेता विनय शर्मा,ब्लॉक प्रमुख मिर्जापुर प्रियांशु रघुवंशी,भाजपा जिला महामंत्री अनिल गुप्ता, कलान मंडल अध्यक्ष भाजपा अजय प्रताप सिंह,मिर्जापुर मंडल अध्यक्ष दिनेश मिश्रा,सुधाकर गुप्ता,आलोक प्रताप सिंह ◆भोला◆ भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सभासद संदीप गुर्जर,अजय गुप्ता, सत्यदेव मिश्रा,समेत क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि लोग उपस्थित रहे।

### भूमि विकास बैंक सिंधौली से सत्यपाल सिंह चौहान निर्विरोध अध्यक्ष

**शाहजहांपुर।** सिधौली भूमि विकास बैंक भाजपा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह चौहान निवासी ग्राम कटौल निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। आज भूमि विकास बैंक का नामांकन हुआ जिसमें किसी और के नामांकन न करने के कारण सत्यपाल सिंह चौहान निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। सत्यपाल सिंह चौहान पूर्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मंडल कार्यवाह, तहसील कार्यवाह और विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए भारतीय जनता पार्टी में मंडल अध्यक्ष, जिला मंत्री, जिला महामंत्री का दायित्व निर्वहन किया है, वर्तमान में जन शिक्षा समिति के जिला अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर रहे है , पूरा परिवार संघ पृष्ठ भूमि से जुड़ा हुआ है। नामांकन के समय भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष, केसी मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख पति मुनेश्वर सिंह, मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सक्सेना, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव, जिला महामंत्री महेंद्रपाल व मंडल के सभी  पदाधिकारी  कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

### 46 वाहनों का चालान तथा 4 वाहन सीज



**शाहजहांपुर।** शासन द्वारा जनपद में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाए जाने के निर्देश दिए गये हैं। उक्त के क्रम में बरेली मोड़ पर अवैध रूप से संचालित ई–रिक्शा के विरुद्ध अभियान चलाया गया। बरेली मोड पर ई–रिक्शा चालकों को एकत्रित कर उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए नियमानुसार ही वाहन चलाने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्कूली वाहनों की भी जांच की गयी। विभिन्न अभियोगों में 46 वाहनों का चालान किया गया तथा 4 वाहन विभिन्न थानों में सीज किए गये। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रर्वतन) श्री हरिओम, यात्री/माल कर अधिकारी, आरपी गौत्तम, व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# सीडीओ ने विकास कार्यों की समीक्षा कर अधीनस्थों को दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




विकास भवन सभागार में सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की। उन्होंने बैठक में विकास कार्यों, आंगनवाड़ी विभाग के कार्यों, आंगनवाड़ी केन्द्रों पर वाटिका विकास, रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों के अवशेष विद्युत संयोजनों की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन की तैयारियों के संबंध में भी चर्चा की गई तथा कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित, गरिमामय एवं समयबद्ध आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। वही सीडीओ ने पूर्वदशम कक्षा 9-10 एवं दशमोत्तर कक्षा 11-12 के अंतर्गत अनुसूचित जाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के भुगतानित छात्र-छात्राओं का भौतिक सत्यापन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी एवं शिक्षण संस्थानों के अध्यापक उपस्थित रहे। सीडीओ द्वारा छात्र-छात्राओं से छात्रवृत्ति की धनराशि के संबंध में सीधा संवाद किया गया। छात्रों द्वारा बताया गया कि उन्हें छात्रवृत्ति की राशि समय से प्राप्त हो चुकी है तथा किसी भी छात्र-छात्रा द्वारा कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। इस दौरान विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद हेतु सर्वेश शर्मा ने कराया एकल नामांकन



**पुवायां, शाहजहांपुर।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष (पिछड़ा वर्ग मोर्चा) सर्वेश कुमार शर्मा ने मंगलवार को भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद हेतु अपना एकल नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने अपना नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी एडीओ पंचायत जमालुद्दीन को भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद हेतु सौंपा। एकल नामांकन के चलते उन्हें निर्विरोविरोध निर्वाचित माना जा रहा है। साधारण रूप से एकल नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान भाजपा जिला महामंत्री और सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष महेन्द्र पाल कोरी, पूर्व विधायक शकुंतला देवी, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कश्यप, सहकारी चीनी मिल पुवायां के अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी, भाजपा मंडल अध्यक्ष क्रमशः राजेश राजपूत, अमिताभ सिंह, महेश शर्मा, जयप्रकाश पांडेय, सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पालिका की कूड़ा ट्रैक्टर-ट्रॉली से घसीटे जा रहे नंदी



**तिलहर-शाहजहांपुर ।** प्रदेश में गौवंश संरक्षण व संवर्धन के प्रति जहां सरकार की ओर से करोड़ों के खर्च पर शहरी व ग्रामीण अंचल में गौशालाएं व नंदी शालाएं संचालित कर रही है। वहीं तिलहर पालिका प्रशासन की कूड़ा ट्रॉली से बांधकर गौवंश को घसीटे जाने की शर्मनाक घटना सामने आई है। नगर में मंगलवार को एक ऐसी शर्मसार करने बाली घटना हुई कि लोग नगर पालिका प्रशासन को कोसते नजर आए। हुआ यूं कि अपरान्ह समय पुरानी गल्ला मंडी पोटर गंज स्थित घास मंडी के समीप से एक विशाल के नंदी को पालिका कर्मी कूड़े वाले ट्रैक्टर से बांधकर घसीट कर ले जाते नजर आए। फिलहाल इस करुण दृश्य को देख लोग पालिका प्रशासनको कोसते नजर आए।

## 'सड़क पर सतर्कता ही जीवन की सुरक्षा है'

**एसएस कालेज में सुरक्षित वाहन चालन में युवाओं की भूमिका पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




एस.एस. कॉलेज के कामर्स सभागार में शब्दों के माध्यम से चेतना का दीप जलाया गया और विचारों ने जिम्मेदारी का स्वर पाया। मंगलवार को ÷सुरक्षित वाहन चालन में युवाओं की भूमिका÷ विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने ओजस्वी वक्तव्यों से यह रेखांकित किया कि युवा वर्ग केवल भविष्य का स्वप्न नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे सशक्त शक्ति है। वक्ताओं ने कहा कि सुरक्षित वाहन चालन नियमों का पालन मात्र कानून का पालन नहीं, बल्कि जीवन के प्रति सम्मान है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ आर के आजाद ने कहा कि इस भाषण प्रतियोगिता का उद्देश्य समाज को एक जीवनरक्षक संदेश देना है कि सड़क पर सतर्कता ही जीवन की सुरक्षा है। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. आलोक कुमार सिंह ने कहा कि जब युवा जागरूक होते हैं, तभी समाज सुरक्षित दिशा में आगे बढ़ता है। भाषण प्रतियोगिता के विषय की स्थापना करते हुए संयोजक डा. कविता भटनागर ने कहा कि सड़कें विकास की धमनियां हैं, परंतु जब सावधानी नहीं बरती जाती, तो यही सड़कें दुर्घटनाओं का कारण भी बन जाती हैं। यह भाषण प्रतियोगिता एक संदेश देने में सफल होगी कि सड़कें तभी सुरक्षित होंगी, जब युवा स्वयं नियमों के रक्षक और जीवन के प्रहरी बनेंगे। डा. मीना शर्मा, डा. आदित्य सिंह, डा.शालीन कुमार सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में संध्या सिंह ने पहला, काजल ने दूसरा तथा अनुष्का देवी व हेमंत पांडे ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता पुरस्कार भी दिया गया।विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों और निर्णायक मंडल ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डा. कविता भटनागर ने किया।इस मौके पर सुयश सिन्हा,अर्चना गर्ग, डा.प्रतिभा मिश्रा , डा. प्रज्वल पुंडीर,धर्मवीर सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### मंडी सचल दल ने 65 हजार 340 का वसूला जुर्माना

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा मंडी सचल दल ने मंगलवार की शाम फर्जी बिल्टी पर चावल का खंडा लेकर जा रहे एक ट्रक को पकड़ लिया। ट्रक में लदे समान से संबंधित कागज मांगे गए। जिसे कागज पूरे नहीं मिलने पर मंडी सचल दल जुर्माना लगाकर मंडी राजस्व में जमाकर ट्रकको माल सहित मुक्त कर दिया। मंडी इंस्पेक्टर अभिषेक सिंह और मनीष कुमार अपनी सचल दल टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। तभी अटसलिया ओवरब्रिज के पास खंडा चावल लेकर जा रहे एक ट्रक की सूचना मिलने पर उसे रुकवा कर उसके कागज बिल्टी आदि चेक की गई। उसके पास बिहार से उत्तराखंड खटीमा की बिल्टी मिली, जबकि वह ट्रक जैतीपुर जा रहा था। ट्रक चालक से मंडी से संबंधित और भी कागज नहीं दिखा पाया। जिस सचल दल ट्रक को मंडी ले आई। जहां उस पर 65 हजार 340 रुपए की रसीद काटकर जुर्माना वसूल किया गया।

## नगर पंचायत में इंडिया मार्का नल बोरिंग कार्य में अनियमितताओं का आरोप

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत  में कराए जा रहे इंडिया मार्का नल बोरिंग कार्य को लेकर स्थानीय नागरिकों ने गंभीर आपत्ति जताई है। इस संबंध में नगर पंचायत क्षेत्र निवासी अजीम अहमद खाँ ने ददरौल विधायक  अरविंद कुमार सिंह को शिकायती पत्र सौंपते हुए कार्य में मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है।शिकायत में बताया गया है कि नगर पंचायत काँट में हो रहे नल बोरिंग कार्य में निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है। बोरिंग की गहराई मानक से कम रखी जा रही है तथा घटिया किस्म की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे दूषित पानी निकलने की आशंका बनी हुई है। इससे आमजन, विशेषकर बच्चों एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता हैशिकायतकर्ताओं का यह भी कहना है कि बोरिंग कार्य में लोकल पाइप एवं घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही नगर पंचायत में स्ट्रीट लाइट एवं हाईमास्ट लाइट के कार्यों में भी अनियमितताएं बरती जा रही हैं। आरोप है कि पतले गेज के पाइप, लोकल बल्ब एवं लोकल एलईडी का प्रयोग किया जा रहा है तथा हाईमास्ट लाइट प्लांट नियमों के विपरीत लगाए जा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं ने विधायक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है, ताकि सरकारी धन का दुरुपयोग रोका जा सके और जनता को शुद्ध पेयजल व सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध हो सकें वही अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने बताया जगह विवादित है नगर पंचायत से कोई भी इंडियामार्का नल नहीं लगाया जाएगा।

## एनएसएस स्वयं सेवियों ने मिर्जापुर गांव में चलाया स्वच्छता अभियान

**सात दिवसीय विशेष शिविर का दूसरा दिन**



तिलहर - शाहजहांपुर। एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेवियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक किया । मंगलवार को आरवीएम इंटर कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन गांव मिर्जापुर में स्वयं सेवी छात्र छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार जयसवाल की सानिध्यता और कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार के निर्देशन में छात्रों ने गांव की गलियों , नालियों , धार्मिक स्थलों पर साफ सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति न केवल जागरूक किया बल्कि सफाई रखने से होने वाले फायदों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी । इस दौरान शिक्षक मित्रसेन वर्मा, गिरजा शंकर, अरूण कुमार, करन, जगमोहन, राखी, प्रियांशी, स्वाती, सूर्या, ऋषभ कुमार, सतेंद्र वर्मा, ओम प्रकाश, पियूष वर्मा रहे।

## कैसा चुनाव, नामांकन अधिकारी ही रहे गायब

**अधिकारियों ने चुनाव का बनाया मजाक, कार्रवाई कब होगी साहब**

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने के लिए विपक्षी टीम भारी समर्थकों के साथ ब्लॉक सभागार में पहुंची लेकिन निर्वाचन अधिकारी न आने पर बैरंग वापस चली आई इस पर समर्थकों ने सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की व किसान यूनियन के संगठन के कार्यकर्ताओं ने भी प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद के लिए 27 जनवरी को सरकार ने चुनाव निर्धारित किया था जिसका नामांकन मंगलवार को होना था लेकिन मंगलवार को विपक्षी टीम के प्रत्याशी रिशु कुमार सिंह, शिवसरन सिंह, सूर्यपाल सिंह व महीप सिंह सैकड़ों समर्थकों के साथ करीब 11 ब्लॉक परिसर पहुंचे, जहां नामांकन होना था लेकिन निर्वाचन अधिकारी नामांकन कराने नहीं पहुंचे इस पर समर्थकों ने दरा बिछाकर धरने पर बैठ गए साथ ही भारतीय किसान यूनियन अराजनेतिक गुट के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए भीड़ को देखकर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने थाना पुवाया व बंडा का फोर्स बुलाकर मौके पर लगा दिया। करीब 3:30 बजे शाम तक विपक्षी टीम निर्वाचन अधिकारी के आने का इंतजार करते रहे लेकिन  निर्वाचन अधिकारी ने न तो किसी का फोन उठाया और न ही मौके पर आए आखिरकार विपक्षी प्रत्याशी मायूस होकर वापस लौट आए।

## भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद पर हेतराम गंगवार का एकल नामांकन

**निर्विरोध विजई होने पर समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत**



**तिलहर - शाहजहांपुर।** भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए हेतराम गंगवार ने भाजपा नेता अजय प्रताप यादव के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। चूंकि एकल नामांकन होने के चलते श्री गंगवार का अध्यक्ष निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है। मंगलवार को ब्लॉक सभागार भूमि विकास बैंक के चुनाव की प्रारंभिक प्रक्रिया में भाजपा की ओर से हेतराम गंगवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। एकल नामांकन होने पर लोगों ने उन्हें मालाएं पहनाकर जीत की बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।  इस मौके पर भाजपा नेता सुशील बाबू गुप्ता बबलू, अरुण यादव चैनू , प्रेमपाल सिंह, राम सिंह यादव, संजय पाठक, राजकुमार सिंह, आशीष शर्मा समेत तमाम समर्थक व शुभचिंतक मौजूद रहे।

### बरामद शव की रजनीश मिश्रा के रूप में हुई शिनाख्त

**तिलहर - शाहजहांपुर।** हाइवे किनारे बरामद हुए अज्ञात शव की मंगलवार को नगर के ही मोहल्ला नई बस्ती निवासी रजनीश मिश्रा 35 के रूप में शिनाख्त हुई है। बता दें कि सोमवार की सुबह हाइवे स्थित सर्विस रोड एक शोरूम के बरामदे से एक युवक का शव बरामद हुआ था । जिसकी शिनाख्त कराने का पुलिस ने काफी प्रयास किया । मंगलवार को नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी रजनीश मिश्रा पुत्र चंद्र प्रकाश मिश्रा 35 बारिद हाल लोधीपुर शाहजहांपुर के रूप में शिनाख्त हुई है । पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### भीषण ठंड में पूर्व विधायक शकुंतला देवी ने बांटे कंबल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए पूर्व विधायक शकुंतला देवी ने अपने पुवायां स्थित आवास पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर सैकड़ों दिव्यांगों, बुजुर्गों और निराश्रित लोगों को कंबल वितरित किए। इस मानवीय पहल का उद्देश्य क्षेत्र के उन गरीबों और असहायों को राहत पहुँचाना है जो इस हाड़ कंपा देने वाली सर्दी में असुरक्षित हैं। इस सेवा कार्य के दौरान पूर्व विधायक के साथ अंकुर कुमार, अंकित कुमार, मुनीश तिवारी, अमित सिंह, विकास तिवारी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। पूर्व विधायक ने इस अवसर पर कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है और वह भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्य जारी रखेंगी। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर राहत और खुशी की मुस्कान देखी गई।

## वीआईपी ग्रुप की बैठक में बसंत पंचमी कार्यक्रम की रूपरेखा तय

**साहित्यकार के साथ-साथ विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व को माँ सरस्वती साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित करेगा वीआईपी ग्रुप**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स की एक बैठक महामंत्री सतीश सक्सेना के नवादा इंदेपुर स्थित प्रतिष्ठान राजा ऑटोमोबाइल (सोनालीका ट्रैक्टर्स) परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी बसन्त पंचमी के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। ग्रुप की अध्यक्ष दीपमाला रस्तोगी ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बसन्त पंचमी के पावन अवसर पर हनुमतधाम प्रांगण में विधि-विधान से माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। महामंत्री सतीश सक्सेना ने बताया कि विचार गोष्ठी के दौरान साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले एक साहित्यकार के साथ-साथ विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व को माँ सरस्वती साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

ग्रुप की संरक्षक डॉ. दीपा सक्सेना ने कहा कि यह सम्मान साहित्य, भाषा एवं रचनात्मक चेतना के प्रति विशिष्ट साधना को समर्पित रहेगा। वहीं कोषाध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य साहित्यिक मूल्यों के संरक्षण के साथ नई एवं विशिष्ट प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना है। अंत में ग्रुप क्रियेटर अभिनय गुप्ता एवं संयुक्त सचिव रिद्धि बहल ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बैठक के उपरांत शीतलहर को देखते हुए दर्जनों जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर संजय अग्रवाल, कौशलेन्द्र मिश्रा, अंशिका गुप्ता, गौरांशी, अग्रिमा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने बड़े पुत्र मो. आरिफ को उसके दुर्व्यवहार  के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं, भविष्य में अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। श्रीमती मजरून पत्नी सफी अहमद मोहल्ला खलील, कटरा तिलहर शाहजहांपुर।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 236654870 में मेरा नाम नसीबुल पुत्री इमाम है जबकि आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम सुन्दरा बेगम पुत्री इमाम अंकित है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं  इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या में मेरा नाम सुंदरा बेगम अंकित किया जाए। नसीबुल उर्फ सुंदरा बेगम पुत्री इमाम ग्राम नौवनपुरवा नसीरगंज महादेवा जिला श्रावस्ती 271801, मो. 9935751195।

## खबरें एक नजर में

### तीन पार्क बनने का रखा गया प्रस्ताव

**रोजा, शाहजहांपुर।** एरिया हाउस कमेटी में 24 दिसंबर को रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर गरीब रथ एक्सप्रेस से टकराकर पांच लोगों की मौत हो गई थी, जिसका रेल प्रशासन ने दोनों और के रास्ते के सीमा सील कर दी थी जिससे रेल कर्मचारियों को आने जाने के लिए परेशानी होती थी लोको पायलट ट्रेन लेकर आते थे अपने ऑफिस में ड्यूटी समाप्त करने के लिए जाने के लिए सारे रास्ते बनते जिसकी शिकायत एरिया हाउस कमेटी में की गई। जिस पर 1 मीटर रास्ता देने की सहमति बनी। रोजा जंक्शन रेलवे कॉलोनी में तीन पार्क बनाए जाने की प्रस्ताव रखा गया। एक बार रेलवे स्टेशन की तर्ज पर रेलवे स्टेशन के किनारे पार्क बनाया जाए। कॉलोनी वाली सड़क पर ब्रेकर बनाया जाए। जिससे कि कोई दुर्घटना ना हो रोजा जंक्शन प्लेटफार्म नंबर 1234 पर जो चालक ट्रेन लेकर जाते हैं अथवा जो चालक रोजा जंक्शन पर ट्रेन लेकर आते हैं उनके रुकने के लिए कोई टीन सेट नहीं था जिस पर मंडल अभियंता ने अपनी सहमति दे दी।शीघ्र ही लोको पायलट के लिए तीन सेट बनाए जाएंगे। रेलवे नवसो में बाथरूम पर टेंशन नहीं पड़े हैं उसे पर टीम से डाले जाएं गेट महीना के लिए गेटमैन की कंपनी सही कराई जाए।

### जलालाबादनगर पालिका के जल व भवन कर पर जनाक्रोश चरम पर, पूर्व चेयरमैन संजय पाठक ने ईओ को दी चेतावनी

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** नगर पालिका द्वारा लगाए गए जल और भवन कर के भारी–भरकम टैक्स ने शहरवासियों का गुस्सा भड़का दिया है। सोमवार को सड़कों पर उतरे सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के बाद मंगलवार दिन के 2बजे को पूर्व चेयरमैन संजय पाठक ने कार्यपालन अधिकारी (ईओ) से मुलाकात की और टैक्स नीति पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। पाठक ने शासन की नियमावली के हर बिंदु का हवाला देते हुए पालिका प्रशासन को घेरा तथा जनता के हित में तत्काल सुधार की मांग की।संजय पाठक ने ईओ के समक्ष स्पष्ट शब्दों में कहा, फ्पालिका द्वारा लगाया गया यह टैक्स किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। शासन की गाइडलाइंस में स्पष्ट प्रावधान हैं, जिनका उल्लंघन कर टैक्स निर्धारित किया गया है।फ्र उन्होंने जल कर में मीटर रीडिंग की अनियमितता, भवन कर में मूल्यांकन की मनमानी और पुराने बकाया पर भारी ब्याज लगाने जैसी खामियों की ओर इशारा किया। पाठक ने जोर देकर कहा कि इन कमियों को सुधारकर जनता को राहत दी जाए, वरना पालिका प्रशासन को न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा। पूर्व चेयरमैन संजय पाठक ने कहा, हम जनता की सहूलियत के लिए लड़ेंगे। यदि पालिका ने सुधार नहीं किए, तो व्यापक आंदोलन और अदालती लड़ाई का रास्ता अपनाएंगे। स्थानीय जनता कार्यसमिति ने भी टैक्स नीति की निंदा की है, जबकि भाजपा ने इसे राजनीतिक स्टंट करार दिया। आने वाले दिनों में और प्रदर्शन की संभावना है।

### 13 वर्षीय बच्ची की गला घोंटकर हत्या के मामले में किरायेदार दंपती को उम्रकैद, एक-एक लाख का जुर्माना भी

**शाहजहांपुर।** जनपद के पुवायां थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय बालिका विभूति की हत्या के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश शिव कुमार (तृतीय) ने आरोपी किरायेदार दिनेश चंद्र मिश्रा और उसकी पत्नी रचना मिश्रा को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों पर एक–एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना न देने की स्थिति में दो–दो साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। यह घटना 18 नवंबर 2013 की है। मृतका के पिता सत्यपाल शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी पत्नी थाने गई हुई थीं और घर में अकेली मौजूद उनकी 13 साल की बेटी पंखे से लटकी मिली। शुरुआत में मामला आत्महत्या का दर्ज किया गया, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या की पुष्टि हुई। पोस्टमार्टम में मृतका की गर्दन पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए और डॉक्टर ने मौत का कारण दम घुटना बताया। विवेचना के दौरान पुलिस ने मौके से साक्ष्य बरामद किए और वैज्ञानिक जांच के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मजबूत केस तैयार किया। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यह मामला नाबालिग बच्ची की नृशंस हत्या का है, जिसे किसी भी हाल में हल्के में नहीं लिया जा सकता। न्यायालय ने आदेश दिया कि अर्थदंड की राशि का 80 प्रतिशत पीड़िता की मां को मुआवजे के रूप में दिया जाएगा। साथ ही दोषियों को अपील के अधिकार की जानकारी दी गई और उन्हें जिला कारागार भेज दिया गया।

### किसान दिवस का हुआ आयोजन किसानों को दी गई कृषि से संबंधित जानकारी



**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के तृतीय बुद्धवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। माह जनवरी 2026 का किसान दिवस तृतीय बुद्धवार दिनांक 21.01.2026 को समय 12 बजे से 2 बजे अपरान्ह तक विकास भवन स्थित गोमती सभागार पीलीभीत में आयोजित किया जायेगा। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं के निदान हेतु बैठक में उपस्थित अधिकारियों/विशेषज्ञों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं, कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी तथा कृषकों की गुणवत्तापूर्वक समाधान किया जायेगा। उप कृषि निदेशक राम मिलन परिहार ने किसान भाइयों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उक्त किसान दिवस में प्रतिभाग करें।

### नगर पालिका में बोर्ड की बैठक हुई संपन्न




**पूरनपुर, पीलीभीत।** बोर्ड बैठक अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शैलेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 26 जनवरी में रामलीला मैदान पूरनपुर में नगर पालिका परिषद पूरनपुर द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह को धूम धाम से मनाये जाने हेतु कार्य योजना बनाई गई। साथ ही सर्व सहमति से होली पर नगर के होली स्थलों पर लकड़ी का प्रबंध नगर पालिका द्वारा किया जाना सुनिश्चित हुआ। बैठक में अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद,लेखाकार दिनेश भारती, सभासद उर्मिला देवी, सूरज बाथम, उदित सिंह, राजो देवी, दिनेश कुमार, विकास गुप्ता, विनीता देवी, मो.शरीफ, सौरभ सक्सेना रासू, शाहजहां बेग़म, राजेश कुमार, सुबेजहाँ बेग़म, गौरव जायसवाल, नेहा, नुसरत परवीन, मुन्नी बेगम, डॉ. रोहित मिश्रा, मो. आसिम रज़ा, नादिर रज़ा, सुशील कुमार गुप्ता, शराफत अली, अनुज कुमार गुप्ता, मो. मियां, दुर्वेश प्रजापति, सफाई नायक बालकराम, नरेश कुमार, अखिलेश कुमार व अन्य समस्त नगर पालिका कर्मचारी गण उपस्थित रहे है।

# अधजले शव की आंच क्या खाकी तक पहुंच सकती हैं?

- पुलिस की जांच जहां की तहां, किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई
- न्याय के अफसरान के चक्कर काट रहा हैं अभिषेक का पिता
- डीएनए टेस्ट आने के बाद दर्ज हुई थी हत्या की रिपोर्ट

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रोजा थाने में करीब पांच साल बीत जाने के बाद अधजले शव का रहस्य का पर्दाफाश होने में पुलिस को अभी तक कोई पुख्ता सबूत हाथ नहीं लगे हैं। पुलिस हवा में तीर छोड़ रही हैं, पुलिस को अभी तक उस दोस्त का भी कोई सुराग नहीं लगा पाई हैं, जिसने उसे कॉल करके घर से बुलाया था। सवाल उठता हैं कि घटना के दूसरे दिन पोस्टमार्टम के बाद उस समय के थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं की थी और शिनाख्त के लिये अभिषेक के पिता को क्यों नहीं बुलाया था ? चर्चा कि उस समय के थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी तक जांच का आंच पहुंच सकती हैं।

ज्ञात रहे कि 19 दिसंबर 20 को रोजा अड्डे पर नईम की मोबाइल और इलेक्ट्रिक की दुकान में रात करीब एक बजे आग लग गई थी। दूसरे दिन सुबह दुकान के अंदर एक तो अधजला शव बरामद हुआ था। जिसे थाना रोजा पुलिस व दुकान स्वामी ने जानवर का बताकर रेलवे अस्पताल के पीछे तालाब के किनारे फेंक दिया था। जब शव इंसान के होने की चर्चा हुई तो अधिकारी पहुंच गए थे। पशु चिकित्सक को बुलाकर जांच कराई गई जिसने पशु चिकित्सक डा. आदित्य गोयल ने इंसानी शव होने की




संभावना जताई थी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। पोस्टमार्टम में भी इंसानी शव की पुष्टि हुई। पोस्टमार्टम के बाद शव के शरीर से एक कड़ा, एक ताबीज व अधजला अंडरवियर मिला था। हालांकि बंद दुकान के अंदर आग लगने की घटना संदिग्ध है क्योंकि दुकान में बिजली कनेक्शन न होने के कारण शॉटसर्किट की भी संभावना नहीं थी। सवाल यह उठता है कि आखिर बंद दुकान के अंदर कोई व्यक्ति कैसे घुसा था और आग कैसे लगी थी ? वहीं घटना के दिन आरसी मिशन थाना क्षेत्र के फतेहपुर रेती से अभिषेक यादव नाम का एक युवक लापता था। जिसकी गुमशुदगी लिखाने के लिए थाने में उसका पिता रामऔतार पहुंचा था। मामला आरसी मिशन और रोजा थाने के बीच में वह फंस कर रह गया था। आखिर आरसी मिशन पुलिस ने 15 फरवरी 21 को उसके बेटे की गुमशुदगी दर्ज कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। तब से अभिषेक का पिता रामऔतार पोस्टमार्टम के दौरान मिले सामान की तस्दीक करने के लिए डेढ़ साल से अधिकारियों की चौखट पर चक्कर लगाता रहा। आखिर उसकी मेहनत सफल हुई। पांच अक्टूबर को रोजा पुलिस की मौजूदगी में पुलन्दा खोला गया था। पुलन्दे में कड़ा व तबीज देखकर उसने तस्दीक की कि ये सामान उसके ही बेटे अभिषेक का है। सामान की तस्दीक होने के बाद पुलिस ने डीएनए टेस्ट की कार्यवाही शुरू कर दी थी।

बताया जाता है कि तत्कालीन थाना प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा इस घटना के बेहद करीब पहुंच गये थे और उन्होंने डीएनए के लिए अधिकारियों से अनुमति मांगी थी, लेकिन किन्हीं कारणों से अनुमति नहीं मिली थी। तमाम कोशिशों के बाद नवम्बर 2022 को मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष संभावित पिता रामौतार व मां सुमन का सैम्पल लेकर लैब भेज दिया गया था। ये सैंपल लैब में जांच करने के बाद इसकी पुष्टि हो जायेगी कि वह शव अभिषेक यादव का ही था। लैब से रिपोर्ट मिलने के बाद आगे जांच की जायेगी। आखिर ढ़ाई साल बाद 12 जनवरी 2026 को थाना रामचन्द्र मिशन को डीएनए की रिपोर्ट मिली जिसके आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी को हत्या की धाराओं में दो लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं। पुलिस ने लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले रखा था। लेकिन रिपोर्ट दर्ज होने के एक सप्ताह बीत जाने के बाद पुलिस की जांच जहां की तहां ठहरी हुई हैं। रामचन्द्र मिशन के थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार का कहना हैं कि मामला पांच वर्ष पुराना हैं, पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच चल रही हैं।

## नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को जितिन प्रसाद ने दी शुभकामनाएं



**शाहजहांपुर।** नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने भेंट कर शुभकामनाएं प्रदान की। जितिन प्रसाद ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी कार्यों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाते हुए वो अपने संगठनात्मक अनुभव और जनसेवा के भाव के माध्यम से भाजपा परिवार को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। उक्त पोस्ट उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर कर बधाई दी।

## जारी नोटिसों की सुनवाई को अटल आडिटोरियम में दिया गया प्रशिक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 में जिन मतदाताओं की वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं हो सकी, उन मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन्स के अनुरूप निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किए गये हैं। नो-मैपिंग वाले मतदाताओं को जारी किए गये नोटिसों की सुनवाई के कार्य के लिए जनपद की सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 170 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की गयी तथा 81 सुनवाई स्थल निर्धारित किए गये। जारी नोटिसों



की सुनवाई आदि के कार्यों की विधिवत जानकारी दिये जाने के लिए मंगलवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम में जिला निर्वाचन अधिकारी-डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा सुपरवाइजर्स को गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने जारी नोटिसों की सुनवाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा, सीडीओ डा.अपराजिता सिंह, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, डीडीओ ऋषिपाल आदि मौजूद रहे।

## नकली कफ सिरप के अवैध व्यापार का खुलासा, बनाने और तस्करी करने वाला युवक गिरफ्तार

**पूरनपुर।** पूरनपुर के थाना घुंघचाई मे कफ सिरप बनाने और तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ घुंघचाई पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स नकली कफ सिरप बनाने की फैक्टरी पकड़ी घुंघचाई पुलिस ने सुरेश कुमार पुत्र कामता प्रसाद निवासी लाह को उसके घर से गिरफ्तार किया उसके कब्जे से 340 अदद Tope& Gold एवं 35 अदद Coyore&-T कफ सिरप की शीशियाँ तथा कफ सिरप बनाने से सम्बन्धित सामग्री, जिसमें 05 पैकेटों में 488 नई खाली शीशियाँ, 110 रैपर, 1939 ढक्कन, 03 स्प्रिट से भरी शीशियाँ, एक छोटा गैस सिलेंडर एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। बरामदी के आधार पर मुअसं 07/2026 धारा 318(4)/338/336(3)/340(2)/276/277/278 बीएनएस व 103/104 ट्रेड मार्क एक्ट थाना घुंघचाई में अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह वर्ष 2003 में सिटी अस्पताल पीलीभीत में कम्पाउंडरी का कार्य करता था तथा लगभग 3 वर्ष कार्य करने के बाद अपने गाँव आकर लोगों को जुकाम, बुखार व खाँसी की दवाइयाँ देने के लिए छोटा क्लीनिक खोल लिया इसके अतिरिक्त वह थाना खुटार क्षेत्र, जनपद शाहजहाँपुर के मझगंवा गाँव में भी क्लीनिक चलाने लगा अभियुक्त ने लगभग 2 वर्ष पूर्व यूट्यूब से नकली कफ सिरप बनाने की जानकारी प्राप्त कर घर पर ही नकली कफ सिरप बनाना शुरू कर दिया कोरेक्स कफ सिरप की बिक्री बंद होने के कारण उसने Tope& Gold ß Coyore&-T के रैपर जैसी छपाई कराई और स्प्रिट, ऑरेंज फ्लेवर नम्बर-1, DX सिरप के घोल व चीनी के शीरे से नकली कफ सिरप तैयार करने लगा उसने जनपद बरेली से खाली शीशियाँ व ढक्कन मंगवाए तथा छोटे गैस सिलेंडर की सहायता से 20 शीशियों की लेमिनेशन युक्त पैकिंग कर उन्हें असली जैसा रूप देता था अभियुक्त ने बताया कि वह उक्त कफ सिरप की पेटियाँ साई मेडिकल स्टोर को देते हैं।

## 31 को होगा विराट हिंदू सम्मेलन, की प्रेस वार्ता



**पुवायां, शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय केशव कुंज पर आगामी 31 जनबरी ,2026 पर होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन के निमित्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू समिति के पदाधिकारियों ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। नगर के संघ कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जाग्रत हिन्दू समिति के अध्यक्ष राजा नंदा ने बताया कि 31 जनबरी को सूरज मैरिज लॉन में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर विश्व विख्यात संत एवं शिव भक्त प्रशांत प्रभु जी महाराज उपस्थित रहेंगें। वही वक्ता के तौर पर सह प्रान्त प्रचारक ब्रज प्रान्त विनोद रहेंगें। विभाग प्रचार प्रमुख नरेंद्र शुक्ल ने बताया कि शाहजीपुर विभाग में कुल 77 कार्यक्रमों की रूपरेखा बनी है। सभी नगरों /खंडो में हिन्दू सम्मेलन होने है । लगभग सभी कार्यक्रम तय हो चुके हैं। प्रेस वार्ता में माननीय संघचालक गोपीनाथ, जिला सहकार्यवाह विनोद, जाग्रत हिन्दू समिति के उपाध्यक्ष कपिल गुप्ता,नगर प्रचार प्रमुख राजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे राजीव शर्मा ने सभी मीडिया बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

## चौक कोतवाल का सिपाही को गलियां देते ऑडियो वायरल

- नाबालिग लड़की को धमकाते और गलियां देते वीडियो भी वायरल
- सीओ सिटी को सौंपी गई जांच, शाम तक नहीं हुई कार्रवाई

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

चौक कोतवाली के इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार सिंह का दो विवादित ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसके अलावा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो में इंस्पेक्टर पर आरोप है कि वे ड्यूटी पर देरी से पहुंचे सिपाही संजीव पाल को कथित तौर पर भद्दी गालियां दे रहे हैं और गोली मारने की धमकी भी दे रहे हैं।

जबकि दूसरे ऑडियो में दूसरा सिपाही फ्रेश होने की बात कह रहा है। इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार फोन पर सिपाहियों को तुरंत थाने आने का आदेश देते हुए सुनाई दे रहे हैं और न आने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं। एक 48 सेकंड के ऑडियो में इंस्पेक्टर एक सिपाही से पूछता है, कहां रह गया बे? सिपाही जवाब देता है कि उसका बेटा रो रहा है। इस पर इंस्पेक्टर गुस्से में कहता है, वो गया ऐसी तैसी में, एक मिनट में यहां आ जा अभी, वरना गाड़ी घर पर ले जाकर खड़ी कर दूंगा। समझा कि नहीं समझा? वह पीआरवी भेजने और मोहल्ले में ड्रामा करवाने की भी धमकी देता है। दूसरे आडियो में सिपाही बोला-जयहिंद सर, इंस्पेक्टर ने कहा कि कहां रहे गया बे शराबी, सिपाही बोला, आ रहा हूं साहब फ्रेश हो रहा था। इंस्पेक्टर ने गाली देकर कहा कि इतनी देर पहले बताया अभी भी फ्रेश हो रहा है। सिपाही बोला-आ रहे हैं सर, इंस्पेक्टर ने गाली देकर कहा कि यहां आ जा वरना गोली मार दूंगा आकर। सिपाही ने कहा कि आ रहा हू सर। यह भी जानकारी मिली है कि अजीजगंज पुलिस चौकी के कुछ सिपाहियों पर पिछले कुछ समय से अवैध वसूली के आरोप लग रहे थे। सोशल मीडिया पर भी लोग अजीजगंज पुलिस चौकी के खिलाफ लगातार नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। इन ऑडियो के सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दे दिए हैं। फिलहाल ऑडियो की प्रामाणिकता की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस विभाग का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सोशल मीडिया पर इस ऑडियो को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। पुलिस की पुलिस के प्रति इस तरह की भाषा शैली बता रही हैं कि इस इंस्पेक्टर की जनता के प्रति क्या व्यवहार होगा। सोशल मीडिया पर इतना सबकुछ होने के बाद भी कार्रवाई नहीं होना उसकी पहुंच को भी दर्शाता है, चर्चा तो यहां तक हो रही है कि चौक का कोतवाल अपने आप में पवार फूल होता है क्योंकि वह क्षेत्र बड़े जनप्रतिनिधि के एरिया में आता हैं यहां पर पोस्टिंग भी अधिकारयों की मर्जी से नहीं बल्कि किसी और के इशारे पर होती है। पुलिस महकमा की इतनी छीछालेदर होने के बाद भी कार्रवाई नहीं होना अपने आप में बड़ा सवाल अवश्य छोड़ जाता है। फिलहाल जांच के बाद क्या कार्रवाई होगी ये तो भविष्य के गर्भ में है।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति एवं व्यापार बंधु की बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं का समय से हो समाधान

जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति एवं व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं तथा सुविधाओं से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के समाधान में प्राथमिकता दी जाए। उद्योग बंधु की बैठक में बनतारा और अटसालिया के बीच में विद्युत घर की स्वीकृत के संबंध में चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। औद्योगिक स्थान रौजा में जल निकासी समस्या को जिलाधिकारी ने एक माह में सही करने के निर्देश दिए। ददरौल के ग्राम जमौर गौटिया में टूटी सड़क सड़क को सही करने के लिए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को कार्रवाई करने के लिए कहा। सरिता सिंह चौहान द्वारा पीएमईजीपी योजना अंतर्गत ऋण लिया गया था जिसकी मार्जिन मनी धनराशि को समायोजित करना था जिलाधिकारी ने कहा कि 31 जनवरी तक भुगतान कर दिया जाए। हथौड़ा बुजुर्ग मोहम्मदी रोड पर फुटपाथ पर अवैध रूप से दुकानों के निर्माण के संबंध में लोक निर्माण विभाग को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। मोहम्मदी रोड फ्लाईओवर के नीचे विद्युत तार लटके एवं विद्युत पोल पुराने होने की समस्या को 15 दिनों में करवाई कर सूचित करने के लिए जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया। जलालाबाद रोड ग्राम गोटिया के सड़क के रास्ते में विद्युत पोल लगा होने के कारण औद्योगिक इकाइयों में वाहनों को आवागमन में सुविधा की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने विद्युत पोल को एक सप्ताह में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि खराब विद्युत पोलों की मरम्मत तथा रास्ते के विद्युत पोल शिफ्ट तथा विद्युत लाइनों को सही कराना सुनिश्चित किया जाए। व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों द्वारा राज्य कर कार्यालय में अधिकारियों द्वारा प्रथम तल पर बैठने से आने जाने की समस्या के अवगत कराया। जिलाधिकारी ने व्यापार बंधुओं को बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत 21 से 41 वर्ष के कक्षा 8 पास लोगों को उद्यमी बनने हेतु पहली बार 05 लाख रुपए का बिना ब्याज के ऋण दिया जाता है समय से चुकता करने पर 10 लाख रुपए का ऋण दिया जाता है। बैठक में नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र एवं संबंधित विभागों के अधिकारी, उद्यमीगण एवं व्यापारीगणउपस्थित रहे।

## निगोही कैपिटल्स ने किंग्स इलेवन निगोही को 57 रनों से हराया

**निगोही, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




निगोही प्रीमियर लीग के लीग मुकाबले में निगोही कैपिटल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किंग्स इलेवन निगोही को 57 रनों से पराजित किया। यह मैच 20 जनवरी 2026 को एनपीएल ग्राउंड, निगोही में खेला गया। टॉस जीतकर किंग्स इलेवन निगोही ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करते हुए निगोही कैपिटल्स ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 170 रन बनाए। टीम की ओर से कप्तान जॉन्टी ने 35 गेंदों में 55 रनों की तेज़ पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 1 छक्का शामिल था। उनके अलावा नूरुल हुदा ने 27 रन और दिवाकर वर्मा ने सिर्फ 7 गेंदों में 22 रनों की तूफानी पारी खेलकर स्कोर को मजबूत किया। 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग्स इलेवन निगोही की टीम 13.2 ओवर में 113 रनों पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से रईस ने 17 गेंदों में 41 रनों की आक्रामक पारी खेली, लेकिन अन्य बल्लेबाज़ टिककर नहीं खेल सके।

निगोही कैपिटल्स की जीत में गेंदबाज़ी का अहम योगदान रहा। दिवाकर वर्मा ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए 4 ओवर में सिर्फ 17 रन देकर 5 विकेट झटके। इसके अलावा आनंद राजपूत ने 3 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट लिए।

शानदार ऑलराउंड गेंदबाज़ी प्रदर्शन के लिए दिवाकर वर्मा को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया। उन्होंने 5 विकेट लेकर किंग्स इलेवन निगोही की बल्लेबाज़ी की कमर तोड़ दी और टीम की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। कल सनराइजर्स निगोही और निगोही इंडियंस के बीच लीग चरण का आखिरी मैच खेला जाएगा।

### रोजगार मेला आज

**शाहजहांपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आज बुधवार को सुबह 10.30 बजे से राजकीय ओद्योगिक प्रश्विाण संस्थान रोजा परिसर में एक दिवसीय रोजागार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग कम्पनी प्रतिभाग कर रही है। मेले में 18 वर्ग से 40 वर्ष के तक के हाईस्कूल, इन्टर, स्तानक तथा आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। मेले के लिए अभ्यर्थी रोजगार संगम पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पर अनिवार्य रूप से पंजीकृत होकर समस्त शैक्षिक, तकनीकि प्रमाग पत्र की छाया प्रतियां, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड अपने वार्याडाटा एवं फोटोग्राफ के साथ राजकीय ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रोजा में उपस्थित होकर मेला प्रतिभाग कर सकते है।

### संभव में आई चार शिकायतें, दो का निस्तारण

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को सम्भव के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन–सामान्य द्वारा जन–सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ–सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी–अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन–सुनवाई दिवस में 4 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर ही 2शिकायतों का निस्तारण कराया गया। शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, अपर नवर आयुक्त अजय कुमाफ त्रिपाठी, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य, मुख्य अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी व अन्य अधिकारी कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद, महोबा**

पत्रांक-394/एन.पी.के./निविदा सूचना/2025-26 — दिनांक-20.01.2026

(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)

अल्पकालीन निविदा सूचना

शासन द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य की निविदा दिनांक 21.01.2026 से 28.01.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 29.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

प्रवेन्द्र कुमार
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

वैभव अरजरिया
अध्यक्ष
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

## नैरेटिव गढ़ने में एआई माहिर है, हमें सावधान रहना होगा

आठ वर्ष पहले व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि जो भी एआई में महारत हासिल करेगा, वही दुनिया पर राज करेगा। तब से इस तकनीक में निवेश विस्फोटक रूप से बढ़ा है। अकेले 2025 में ही माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, अमेजन और मेटा ने एआई पर 320 अरब डॉलर से अधिक खर्च किए। एआई में वर्चस्व की यह दौड़ तीखी प्रतिक्रिया भी पैदा कर रही है। आशंकाएं बढ़ रही हैं कि बुद्धिमान मशीनें सुरक्षा के नए जोखिम पैदा करेंगी- जैसे आतंकवादियों, हैकरों और अन्य बुरे तत्वों को सशक्त करना। और यदि एआई मानव नियंत्रण से पूरी तरह बाहर निकल जाए तो? तब क्या वह अपने वर्चस्व की तलाश में मनुष्यों को पराजित कर सकती है? लेकिन इससे भी अधिक तात्कालिक खतरा मौजूद है। लगातार अधिक शक्तिशाली लेकिन अपारदर्शी एआई एल्गोरिदम हमारी स्वतंत्रता के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं। जितना अधिक हम सोचने का काम मशीनों को सौंपते जाएंगे, उतनी ही कम हमारी क्षमता चुनौतियों से निपटने की रह जाएगी। हमारी स्वतंत्रता पर यह खतरा दोहरा है। एक ओर रूस और चीन जैसे निरंकुश शासन पहले ही एआई का उपयोग व्यापक पैमाने पर लोगों की निगरानी और पहले से कहीं अधिक परिष्कृत तौर-तरीकों से उनके दमन के लिए कर रहे हैं। वे न केवल असहमति को कुचल रहे हैं, बल्कि सूचना के किसी भी ऐसे स्रोत को निशाना बना रहे हैं जो असंतोष को जन्म दे सकता है। दूसरी ओर, निजी और बहुराष्ट्रीय कंपनियां- जिनके पास अपार पूंजी और डेटा तक पहुंच है- अपने उत्पादों और प्रणालियों में एआई को एकीकृत करके मानवीय हस्तक्षेप को कमजोर कर रही हैं। उनका इकलौता मकसद अपने मुनाफे को अधिकतम करना है। सोशल मीडिया के गंभीर सामाजिक, राजनीतिक और मानसिक-स्वास्थ्य प्रभाव तो हम पहले ही देख चुके हैं। एआई उदार लोकतंत्रों के सामने भी अस्तित्वगत प्रश्न खड़ा करती है। यदि यह तकनीक निजी क्षेत्र के नियंत्रण में ही बनी रहती है तो जनता की, जनता के द्वारा और जनता के लिए सरकार कैसे बच सकेगी? लोगों को समझने की जरूरत है कि स्वतंत्रता का सार्थक प्रयोग इस बात पर निर्भर करता है कि मानवीय-प्रसंगों की रक्षा की जाए। उन्हें उन मशीनों के अतिक्रमण से बचाया जाए, जिन्हें सोचने और महसूस करने की हमारी प्रक्रियाओं को इस तरह ढालने के लिए बनाया गया है कि इसका लाभ कॉर्पोरेट हितों को हो। हालिया एक अध्ययन- जिसमें लगभग 77,000 लोगों ने राजनीतिक मुद्दों पर एआई मॉडलों के साथ संवाद किया- में पाया गया कि लोगों को किसी नैरेटिव की तरफझुकाने के मकसद से डिजाइन किए गए चौटबॉट उन मॉडलों की तुलना में- जिन्हें इस तरह से प्रशिक्षित नहीं किया गया था- 51ः तक अधिक प्रभावी थे। एक अन्य हालिया अध्ययन (कनाडा और पोलैंड में) में हर दस में से एक मतदाता ने शोधकर्ताओं को बताया कि एआई चौटबॉट्स के साथ हुई बातचीत ने उन्हें किसी विशेष उम्मीदवार का समर्थन न करने की स्थिति से समर्थन करने की ओर मोड़ दिया। फ्री-स्पीच का पारम्परिक सिद्धांत भी उस डिजिटल बाजार के लिए उपयुक्त नहीं रह गया है, जो सर्वव्यापी एल्गोरिदमों द्वारा आकार ले रहा है- एल्गोरिदम जो चुपचाप एआई इन्फ्लुएंसर की तरह काम करते हैं। ऑनलाइन सेवाओं के यूजर्स को लग सकता है कि उन्हें वही दिखाया जा रहा है जो वे चाहते हैं, लेकिन जिन व्यापक तरीकों से एल्गोरिदम यूजर्स को उस दिशा में मोड़ देते हैं, जहां कॉर्पोरेट प्लेटफॉर्म उन्हें ले जाना चाहता हैं, वे गोपनीय बने रहते हैं।

# ट्रंप का प्रस्ताव ठुकराना ही बेहतर



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत को एक ऐसा प्रस्ताव मिला है, जिसे सरकार को फौरन नकार देना चाहिए। क्योंकि इसमें न केवल भारत की संप्रभुता और गुटनिरपेक्षता पर खतरा खड़ा होगा, बल्कि घोर वैश्विक असंतुलन भी खड़ा हो सकता है। डोनाल्ड ट्रंप गजा में शांति बहाल करने और स्थायी व्यवस्था निर्मित करने के लिए बनाए गए बोर्ड में भारत को भी शामिल करना चाहते हैं। अमेरिका की तरफ से बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण आया है। 16 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में ट्रंप ने कहा कि भारत की भागीदारी से मध्य पूर्व में शांति की दिशा में एक श्ऐतिहासिक और निर्णायक प्रयासश् को मजबूती मिलेगी। उन्होंने इसे 7 अक्टूबर 2023 से जारी गजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक नए और साहसिक वैश्विक दृष्टिकोण के रूप में पेश किया है। ट्रंप के मुताबिक, उन्होंने 29 सितंबर, 2025 को गजा संकट को खत्म करने के लिए 20-बिंदुओं वाली योजना की घोषणा की थी, जिसे अरब देशों, इजरायल और यूरोप सहित कई वैश्विक नेताओं का समर्थन मिला था। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इसे अनुमोदित किया था।लेकिन बात केवल इतनी ही नहीं है। असल में यह बोर्ड ऑफ पीस पूरी वैश्विक व्यवस्था को उलट-पुलट करने के इरादे से बनाया गया है। डोनाल्ड ट्रंप इसके आजीवन अध्यक्ष रहेंगे, और वो हटते हैं तो उनके द्वारा नामित व्यक्ति ही उनका उत्तराधिकारी बनेगा। यानी अमेरिका अपनी चौधराहट अब नए तरीके से दिखा रहा है। इसके अलावा बोर्ड के जरिए केवल गजा तक नहीं बल्कि तीसरी दुनिया के देशों की कमान संभालने का इरादा दिख रहा है।ट्रंप ने पिछले साल सितंबर में जब गजा के लिए एक 20-सूत्रीय शांति योजना प्रस्तावित की थी तो इसमें गजा को एक श्अस्थायी शासनश् के अधीन रखा जाना था, जिसका प्रबंधन एक श्तकनीकी, गैर-राजनीतिक फिलिस्तीनी समितिश् द्वारा किया जाता। जब संरा ने इस बोर्ड को मंजूरी दी, तो इसका कार्यकाल 2027 के अंत तक सीमित था और फोकस केवल गजा पर था। लेकिन बोर्ड का चार्टर अब विस्तारित हो चुका है। अब यह सिर्फ मध्यपूर्व की शांति तक सीमित नहीं है, बल्कि श्वैश्विक संघर्षों को सुलझानेश् वाला एक श्नया अंतरराष्ट्रीय संगठन और अस्थायी शासन प्रशासनश् के रूप में परिभाषित है। चार्टर में श्और संस्थाओं से अलग होने का साहसश् पर जोर दिया गया है। यानी संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्था को खत्म कर, एक समानांतर व्यवस्था बनाने की चालाकी ट्रंप ने दिखाई है। बोर्ड का चार्टर श्संघर्ष से प्रभावितश् या श्संघर्ष की धमकी वालेश् क्षेत्रों में श्स्थायी शांतिश् पर फोकस करता है। जहां श्धमकी वालेश् क्षेत्र की परिभाषा साफ नहीं है। वैसे भारत इस व्यवस्था से दूर ही रहे तो अच्छा है, क्योंकि चार्टर में लिखे श्संघर्ष की धमकी वाले क्षेत्रश् जैसे अस्पष्ट शब्द भविष्य में कश्मीर जैसे मुद्दे पर भारत की संप्रभुता को चुनौती दे सकते हैं। ट्रंप अभी पहलगाम के बाद ही किस तरह दखलंदाजी करने लगे हैं, ये सबने देखा है। भारत की हामी के बाद तो उन्हें कश्मीर पर बोलने का लाइसेंस ही मिल जाएगा।दरअसल गजा को कट्टरता और आतंकवाद से मुक्त क्षेत्र बनाने, सुरक्षा ढांचा तैयार करने और पुनर्निर्माण करने के नाम पर ट्रंप अब एशिया और अफ्रीका के कमजोर देशों पर अमेरिकी पूंजीवाद के चंगुल और कसना चाहते हैं। नए निर्माण और सुरक्षा के नाम पर कमजोर देशों को मनमानी शर्तों पर समझौता करने मजबूर किया जाएगा और उससे बाद उनकी जमीन और संसाधनों का इस्तेमाल ट्रंप अपने मुनाफे के लिए करेंगे। अभी संयुक्त राष्ट्र संघ चाहे शांति बहाली या युद्ध रुकवाने में प्रभावी रहे न रहे, वहां सभी सदस्य देशों के वोट का महत्व है और वीटो शक्ति के कारण किसी एक देश की मनमानी नहीं चल पाती है। ट्रंप इसे खत्म करके एक नये किस्म की तानाशाही कायम करने की राह पर हैं और इसमें वो भारत को भी शामिल करना चाहते हैं।अब यह नरेन्द्र मोदी को तय करना है कि वे ट्रंप की मीठी-मीठी बातों में आते हैं या भारत के घरेलू और वैश्विक हितों पर दूरगामी नजरिया रखते हैं। गौरतलब है कि ट्रंप का निमंत्रण ऐसे वक्त में आया है जब मोदी सरकार ट्रंप प्रशासन के साथ एक व्यापार समझौते पर काम कर रही है, ताकि भारतीय निर्यात पर लगे 50प्रतिशत शुल्क को कम किया जा सके। ट्रंप ने पहले ही भारत को परोक्ष रूप से धमका कर अपने फायदे के सौदे करवाए हैं। चाहे रूस से तेल खरीद कम करना हो या ईरान में चाबहार पोर्ट पर समझौते से पीछे हटना हो, मोदी सारे काम ट्रंप की सुविधा के लिए कर रहे हैं। अब उनके सामने बोर्ड ऑफ पीस का नया चारा फेंका गया है। ध्यान रहे कि ट्रंप इसमें भी चंदा उगाही से बाज नहीं आ रहे हैं। इस बोर्ड में स्थायी सदस्यता पाने के लिए एक अरब अमेरिकी डॉलर का योगदान करना होगा। वहीं, तीन साल की अस्थायी सदस्यता के लिए किसी वित्तीय योगदान की शर्त नहीं रखी गई है। इस राशि का उपयोग गजा के लिए होगा, ये कहा गया है। लेकिन जहां ट्रंप की मर्जी चलेगी, वहां क्या कोई देश या बोर्ड का सदस्य हिसाब-किताब मांग सकेगा।बता दें कि इस समय बोर्ड की कार्यकारी समिति में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर, मध्य पूर्व के लिए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, ट्रंप के दामाद और व्यवसायी जेरेड कुशनर तथा विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा शामिल हैं। इसके अलावा अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट के सीईओ मार्क रोवन और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट गैब्रियल भी समिति का हिस्सा हैं। मतलब सभी ट्रंप के करीबी इसमें शामिल हैं, यानी किसी सदस्य ने अलग राय व्यक्त भी की, तो उसका महत्व नहीं होगा।ट्रंप ने भारत के अलावा, हंगरी, अल्बानिया, ग्रीस, कनाडा, तुर्की, साइप्रस, मिस्र, जॉर्डन, पैराग्वे और अर्जेंटीना जैसे देशों को भी निमंत्रण भेजा गया है। पाकिस्तान ने भारत से पहले अपना निमंत्रण स्वीकार किया, जबकि हंगरी ने स्पष्ट रूप से हामी भरी है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक विदेश मंत्रालय या नरेन्द्र मोदी की कोई टिप्पणी तो नहीं आई है। लेकिन बेहतर यही होगा कि नरेन्द्र मोदी विश्वगुरु बनने के मोह में न पड़ें और इस निमंत्रण को विनम्रता से ठुकरा दें। मोदी अगर भारत की गुटनिरपेक्षता वाली पारंपरिक विदेश नीति पर कायम रहेंगे, तो उनके पास विश्वगुरु कहलाने की संभावनाएं बनी रहेंगी।

## शांति थोपने की कोशिश

नोबेल शांति पुरस्कार की उत्कट अभिलाषा के मोह में अमेरिकी राष्ट्रपति दुनिया के तमाम हिस्सों में जारी अशांति पर शांति थोपने की असफल कोशिश करते रहे हैं। कई देशों में टकराव के बाद शांति की स्थापना की असफल कोशिशों के पश्चात अब ट्रंप गाजा में शांति थोपने का उपक्रम कर रहे हैं। गाजा में शांति स्थापना के लिये अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रस्तावित योजना विश्व की नियामक संस्थाओं के ढांचे से बाहर उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप एक महत्वाकांक्षी कदम है। गाजा में शांति बनाये रखने के लिये मुनाफे व व्यापार जैसी प्रक्रिया के रूप में यह प्रयास अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता को एक प्रत्यक्ष चुनौती है। जो लंबे समय से दुनिया के सबसे जटिल संघर्षों में से एक गाजा संकट को दूर करने के प्रयासों में लगी हुई हैं। सही मायनों में ट्रंप का यह शांति प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र संघ को दरकिनार करने जैसा है, जिसको लेकर उन्होंने बार-बार नकारात्मक प्रतिक्रिया दी हैं। उनकी दलील है कि संयुक्त राष्ट्र संघ मौजूदा वैश्विक चुनौतियों से निपटने में अक्षम और पक्षपाती है। वह इसमें अत्यधिक नौकरशाही हावी होने के भी आरोप लगाते रहे हैं। निश्चित तौर पर दुनिया की महाशक्तियां संयुक्त राष्ट्र को हांकने का प्रयास करती रही हैं। वे अपने मनमाफिक न होने पर इसे अक्षम बताने लगते हैं। दरअसल, ट्रंप की कोशिश है कि उसकी मनमाफिक क्षेत्रीय शक्तियां और अमेरिका-संगठित पक्षों द्वारा शांति योजना को सिरे चढ़ाया जाए। निश्चित रूप से यह प्रयास सार्वभौमिक बहुपक्षवाद को नकार कर शासन व्यवस्था बदलने का प्रयास ही है। निर्विवाद रूप से जो शांति, बिना वैधता,सहमति और जवाबदेही के थोपी जाती है, वह कभी स्थायी समाधान का वाहक नहीं बन सकती है। ऐसे में किसी भी विश्वसनीय शांति प्रयास के जरिये उन वास्तविकताओं से निपटना होगा, जिन्हें ट्रंप मनमानी व जल्दबाजी में अकसर नजरअंदाज करते रहे हैं।

### विचार

# ग्रीनलैंड में ट्रम्प की दिलचस्पी के पुख्ता सामरिक कारण हैं

*लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन*

स्कूल के दिनों में भूगोल मेरे सबसे कम पसंदीदा विषयों में शामिल था। ऐसे में आर्कटिक सर्कल के पास फैली उस विशाल, फीकी भू-आकृति ग्रीनलैंड पर मैंने शायद ही कभी ध्यान दिया था। 'रेयर अर्थ्स' उस समय हमारी शब्दावली का हिस्सा नहीं थे और न ही तब मुझमें कोई सैन्य या रणनीतिक चेतना थी, जो संघर्ष के क्षेत्र से दूर के किसी भूभाग के सामरिक मूल्य को समझ सके। यह कल्पना कि बर्फ से ढका कोई दूरस्थ भू-भाग किसी दिन वैश्विक रणनीतिक महत्व हासिल कर सकता है, उस समय तो मुझे अविश्वसनीय ही लगती। लेकिन हाल ही में ग्रीनलैंड बार-बार अंतरराष्ट्रीय विमर्श में उभरा है- मुख्यतः ट्रम्प के कारण। इस पर शुरुआती वैश्विक प्रतिक्रिया अविश्वास की थी। भला अमेरिका एक ऐसे द्वीप में दिलचस्पी क्यों लेने लेगा, जहां मुश्किल से 57,000 लोग रहते हैं और जिसका अधिकांश हिस्सा बर्फ से ढका है? विश्लेषकीय टिप्पणियां रेयर अर्थ्स, खनिजों और भविष्य की व्यावसायिक संभावनाओं पर केंद्रित रहीं। यकीनन, ये तमाम पहलू महत्वपूर्ण हैं, लेकिन ये मूल मुद्दा नहीं हैं। ग्रीनलैंड के पुनः उभार को समझने के लिए एक दूसरे आयाम को देखना होगा। ग्रीनलैंड का महत्व उसकी लोकेशन में निहित है। यह यूरेशिया और उत्तरी अमेरिका के बीच सबसे छोटे हवाई और मिसाइल मार्गों पर स्थित है। शीत युद्ध के दौरान, ग्रीनलैंड-आइसलैंड-यूके गैप नाटो की समुद्री रणनीति का केंद्रीय तत्व था, जो अटलांटिक में प्रवेश करने वाली सोवियत पनडुब्बियों की निगरानी को संभव बनाता था। दशकों तक आर्कटिक एक जमे हुए बफर की तरह रहा- दूरस्थ, दुर्गम और लंबे समय तक चलने वाली प्रतिस्पर्धा से लगभग अप्रभावित। लेकिन अब जलवायु परिवर्तन आर्कटिक को एक सक्रिय क्षेत्र में बदल रहा है। पिघलती बर्फनए समुद्री मार्ग खोल रही है। साथ ही, हाइपरसोनिक हथियारों, लंबी दूरी के सटीक प्रहार, अंतरिक्ष-आधारित सेंसर, मिसाइल रक्षा और समुद्रगत प्रणालियों में प्रगति दूरी को लगातार समेट रही है। ऐसे में ग्रीनलैंड हाशिये से खिसककर अग्रिम रणनीतिक क्षेत्र में बदल जाता है। जो दूरी कभी सुरक्षा देती थी, वह सिमट रही हैय प्रतिक्रिया का समय घट रहा हैय और अमेरिकी मुख्यभूमि के लिए चेतावनी का अंतराल सिकुड़ता जा रहा है। अमेरिका ने ऐतिहासिक रूप से बहुत कम प्रत्यक्ष खतरों का सामना किया है। पर्ल हार्बर ने उसके मेनलैंड को निशाना नहीं बनाया था और 9/11 एक अपवाद था। अमेरिका की पारम्परिक प्राथमिकता यही रही है कि वह खतरों को अपनी सीमाओं से दूर रखने के लिए विदेशों में संलग्न रहे। महाशक्तियों की होड़ अब नाटकीय आक्रमणों से कम और विरोधियों को रणनीतिक बढ़त हासिल करने से रोकने से अधिक जुड़ी है। ऐसे रणनीतिक क्षेत्र जो कम आबादी वाले हों, राजनीतिक रूप से सीमित हों या पर्याप्त रूप से सुरक्षित न हों, स्वाभाविक रूप से आकर्षक बन जाते हैं- और केवल सैनिक तैनाती भर के लिए नहीं। ऐसे में ग्रीनलैंड को रणनीतिक रूप से कमजोर छोड़ देना अमेरिका के लिए जोखिम बढ़ाने वाला है। ग्रीनलैंड अमेरिका तक की दूरी घटाता है और यही उसकी चिंता का कारण है। भारत के उदाहरण से समझें। सियाचिन ग्लेशियर का कोई विशेष आर्थिक मूल्य नहीं है, उस पर भारी लॉजिस्टिक लागत भी आती है और वह अनुभवी सैनिकों के लिए भी अत्यंत दुर्गम है। इसके बावजूद भारत दशकों से सियाचिन पर कायम है। क्योंकि उसे खाली करने का अर्थ होगा पाकिस्तान को ऐसे भू-भाग पर कब्जा करने देना, जो भले ही आज सीमांत लगे, लेकिन भविष्य में उपयोग में लाया जा सकता है। एक बार ऐसा इलाका हाथ से निकल जाए तो उसे वापस हासिल करना कई गुना महंगा पड़ता है। इसलिए सियाचिन पर बने रहने का फैसला तात्कालिक सामरिक लाभ से नहीं, बल्कि दीर्घकालिक दूरदृष्टि से उपजा है। अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड भी कुछ ऐसा ही है। रूस ने आर्कटिक के बड़े हिस्सों का दोबारा सैन्यीकरण कर लिया है। उसने पुराने ठिकानों को फिर से सक्रिय किया है और अपनी उत्तरी सैन्य क्षमताओं का विस्तार किया है। चीन ने भी स्वयं को नियर-आर्कटिक राष्ट्र घोषित करते हुए शोध केंद्रों, निवेश और कूटनीति के जरिये इस क्षेत्र में अपनी मौजूदगी लगातार बढ़ाई है। ऐसे में अगर अमेरिका कुछ ना करता तो यह हैरानी की बात होती। ट्रम्प की शैली चाहे जैसी हो, लेकिन डेनमार्क को लेकर उनकी रणनीतिक प्रेरणा तर्कहीन नहीं है। तेजी से सैन्यीकृत हो रहे आर्कटिक के मद्देनजर कोई भी अमेरिकी सरकार अंततः ग्रीनलैंड के महत्व का पुनर्मूल्यांकन करने को विवश ही होती। आर्कटिक को अब हमें उभरते हुए रणनीतिक महत्व के नए रंगमंच के रूप में स्वीकार लेना चाहिए। भूगोल नहीं बदला है, लेकिन उसके मायने बदल गए हैं। मजबूत राष्ट्र अपनी कमजोरियां उजागर होने से पहले कार्रवाई करते हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## ममता बनर्जी को केंद्र सरकार से टकराने का बहाना चाहिए

**योगेंद्र योगी।**

ममता बनर्जी ने आई-पैक के कार्यालय और उसके प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर ईडी की छापेमारी के संबंध में संघीय एजेंसी के खिलाफ दो कोलकाता और बिधाननगर पुलिस ने औपचारिक प्राथमिकी दर्ज कराई। ममता बनर्जी ने ईडी की छापेमारी के खिलाफ कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस समर्थकों के साथ विरोध मार्च निकाला। पश्चिम बंगाल देश के लिए ऐसा राजनीतिक अखाड़ा बन चुका है। इससे होने वाले राष्ट्व्यापी नुकसान की ममता बनर्जी सरकार को परवाह नहीं है। ममता बनर्जी का तौर–तरीका ऐसा बन चुका है मानो पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा नहीं होकर एक स्वतंत्र देश हो। ममता किसी न किसी मुद्दे पर केंद्र सरकार से टकराती रही हैं। एक भी मौका केंद्र से टकराव का नहीं छोड़ती है और फिर खुद ही लोकतंत्र खतरे में है का नारा देकर सिर पर आसमान उठा लेती है। नया मामला प्रवर्तन निदेशालय के छापे की कार्रवाई का है। ईडी ने पश्चिम बंगाल में 6 और दिल्ली में 4 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की टीम ने प्रतीक जैन के कोलकाता के गुलाउडन स्ट्रीट स्थित घर और दूसरी टीम सॉल्टलेक स्थित दफ्तर पर छापा मारा था। सीएम ममता बनर्जी खुद लाउडन स्ट्रीट पहुंच गई। जब बाहर निकलीं, तो उनके हाथ में एक हरी फाइल दिखाई दी। इसके बाद ऑफिस भी गईं। उन्होंने कहा- गृहमंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे हैं। ममता बनर्जी ने आई-पैक के कार्यालय और उसके प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर ईडी की छापेमारी के संबंध में संघीय एजेंसी के खिलाफ दो कोलकाता और बिधाननगर पुलिस ने औपचारिक प्राथमिकी दर्ज कराई। ममता बनर्जी ने ईडी की छापेमारी के खिलाफ कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस समर्थकों के साथ विरोध मार्च निकाला। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि ईडी चुनाव से पहले उनकी पाटी तृणमूल कांग्रेस के संवेदनशील दस्तावेज जब्त कर राजनीतिक प्रतिशोध कर रही है। पुलिस ने ममता बनर्जी की शिकायत पर ईडी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर औपचारिक जांच शुरू कर दी। यह मुद्दा कलकत्ता हाईकोर्ट तक गया। कलकत्ता हाइकोर्ट ने रेड मामले में बुधवार को तृणमूल कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी। पार्टी ने आरोप लगाया था कि जांच एजेंसी ईडी ने आईटी हेड प्रतीक जैन के ऑफिस पर रेड मारकर कुछ कागजात जब्त किए थे। एजेंसी का कहना था कि पार्टी दफ्तर से कुछ भी जब्त नहीं किया है। कोर्ट ने कहा, जब ईडी ने कुछ भी जब्त न करने की बात की है, तो अब इस मामले पर सुनवाई के लिए कुछ नहीं बचता है। याचिका को खारिज कर दी। ममता बनर्जी की केंद्र सरकार से टकराने की फेहरिस्त काफी लंबी है। इसका नमूना कोरोना महामारी में केंद्र के साथ टकराव, अम्फन तूफान को लेकर गृह मंत्री के साथ झगड़ा शामिल है। इस क्रम में बंगाली प्रवासी मजदूरों को लेकर केंद्र और बंगाल सरकार के बीच टकराव को कौन भूल सकता है। बंगाल की सीमा पर नेपाल, बांग्लादेश और भूटान से आने वाले ट्रकों को लेकर भी केंद्र और बंगाल सरकार के बीच टकराव हुआ था। हुगली के तेलिनीपाड़ा में हुए दंगे को लेकर सोशल मीडिया में सवाल उठाने पर बीजेपी राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और आईटी सेल प्रभारी अमित मालवीय के खिलाफ हुई रिपोर्ट पर राज्य पुलिस ने सांसद अर्जुन सिंह और लॉकेट बनर्जी समेत कई नेताओं पर मामले दर्ज कर एक और टकराव को जन्म दिया था।

## राशिफल



**मेषः–** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**वृषभः–** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**मिथुनः–** भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्कः–**महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंहः–** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्याः–** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुलाः–** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिकः–** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनुः–** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकरः–** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः–** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा।

**मीनः–** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा।

# राहुल-प्रियंका का ग्लैमर, मीडिया की बेवकूफी या साजिश

*संजय सक्सेना, लखनऊ*
*वरिष्ठ पत्रकार*



कांग्रेस का गांधी परिवार भारतीय राजनीति का एक ऐसा रहस्य बना हुआ है जो दशकों से अनसुलझा है। आश्चर्य होता है कि गांधी परिवार की नाकामियां साफ नजर आने के बावजूद कांग्रेसी नेता उनके आगे नतमस्तक क्यों बने रहते हैं? नेहरू युग से शुरू हुआ यह सिलसिला राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा तक पहुंचा है, जहां परिवार के दोनों वारिसों का योगदान कांग्रेस के पतन में कहीं ज्यादा साफ दिखता है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में पार्टी का बुरा हाल रहा सीटें घटकर महज 44 और फिर 52 रह गईं। फिर भी कांग्रेसी नेता चुपचाप उनके पीछे लाइन लगाए खड़े हैं। यह वफादारी समझ में आ सकती है, क्योंकि उनके पास परिवार से जुड़े हित, पुरानी दोस्तियां और राजनीतिक उत्तराधिकार की मजबूरियां हैं। लेकिन मीडिया, खासकर इलेक्ट्रॉनिक चैनल्स का यह आकर्षण क्या है? राहुल-प्रियंका की हर छोटी-मोटी गतिविधि, हर बयान को ब्रेकिंग न्यूज़ बना देना? यह ग्लैमर कहां से आता है, जब तथ्य इनकी राजनीतिक साख को धूल चटाते हैं?कांग्रेसियों की स्थिति तो कुछ हद तक सहानुभूतिपूर्ण लग सकती है। नेहरू-इंदिरा राज की चमक अभी भी उनके दिमाग में बसी है। गांधी परिवार को पार्टी का सूत्रधार मानना उनकी रणनीति का हिस्सा है। राहुल के अध्यक्ष बनने पर भी पार्टी ने हार स्वीकार की, लेकिन विद्रोह नहीं किया। प्रियंका की उत्तर प्रदेश में एंट्री को मास्टर स्ट्रोक समझा गया, पर 2022 विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। कांग्रेसी जानते हैं कि गांधी परिवार के बिना पार्टी का कोई भविष्य नहीं है। कांग्रेसियों की मजबूरी है उनको गांधी परिवार से इतर वैकल्पिक चेहरा न होने से डर लगता है। लेकिन मीडिया की यह भक्ति कहां से उपजी? क्या यह नेहरूवादी विरासत का भूत है या कुछ और? राहुल गांधी पर पप्पू का तमगा चिपक चुका है। संसद में नारे लगाना, विदेश यात्राओं पर बयानबाजी, और चुनावी हार के बाद भगोड़ा बन जाना ये सब तथ्य हैं। 2024 लोकसभा में इंडी गठबंधन में उनकी भूमिका रही, लेकिन कांग्रेस फिर 99 सीटों पर सिमट गई। प्रियंका वाड्रा की कहानी भी कमाल की है। पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रभारी बनीं, लेकिन योगी आदित्यनाथ के सामने धराशायी। वायनाड उपचुनाव में राहुल की हार, प्रियंका की सड़क यात्राएं ये मीडिया में सब सुर्खियां बटोरती रहीं। मीडिया इन्हें मोदी-योगी जैसे दिग्गजों से तौलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात से केंद्र तक का सफर तय किया, योगी ने उत्तर प्रदेश को अपराध मुक्त और विकास के पथ पर ला खड़ा किया। ममता बनर्जी ने बंगाल में टीएमसी को मजबूत बनाया, मायावती ने दलित राजनीति को नई ऊंचाई दी, अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी को युवा चेहरा दिया। इनकी साख तथ्यों पर टिकी है विकास, सुशासन, जीत। परंतु राहुल-प्रियंका की साख? सिर्फ वंशवाद और हार की कहानियां।फिर भी टीवी चैनल्स पर राहुल का हर ट्वीट ब्रेकिंग न्यूज़। प्रियंका का कोई सड़क शो तो जैसे चुनाव जीत लिया। क्यों? तथ्य बताते हैं कि मीडिया का एक बड़ा हिस्सा वामपंथी विचारधारा से प्रभावित है। नेहरू युग में प्रेस को संरक्षण मिला, आज भी वही पुराना कनेक्शन काम करता है। टीआरपी की होड़ में विवादास्पद बयान बिकते हैं। राहुल का 'चौकीदार चोर है' या प्रियंका का मोदी पर हमला ये चटपटे हैं। मोदी का कोई भाषण? बोरिंग विकास गाथा। योगी का बुलडोजर एक्शन? तो सांप्रदायिक करार दो। लेकिन गांधी परिवार को ग्लैमर का चोला पहनाना क्यों? शायद इसलिए कि वे विपक्ष के प्रतीक हैं। विपक्ष कमजोर हो तो सरकार की जवाबदेही कम। मीडिया जानबूझकर गांधी भाइयों-बहनों को फुल कवरेज देता है ताकि विपक्ष का भ्रम बना रहे। तथ्यों पर गौर करें। 2019 चुनाव में राहुल की अमेठी हार ने परिवार की राजनीतिक पूंजी को चकनाचूर कर दिया। प्रियंका को सोनिया ने मैदान में उतारा, लेकिन परिणाम? जीरो। 2023 मध्य प्रदेश में कांग्रेस हारी, राहुल की भारत जोड़ो यात्रा बेकार। इसके उलट मोदी ने 2014 से तीन चुनाव जीते, योगी ने 2022 में 273 सीटें दिलाई। अखिलेश ने 37 लोकसभा सीटें झटकीं। ये नेता काम से पहचाने जाते हैं, न कि वंश से। मीडिया की तुलना गलत क्यों? क्योंकि राहुल को युवा चेहरा कहना मजाक है। उम्र में अखिलेश से बड़े, पर उपलब्धि शून्य। प्रियंका को महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताया जाता है? जबकि पार्टी में महिलाओं की भागीदारी घट रही है।गांधी खानदान के प्रति यह ग्लैमर का भ्रम क्यों टूटता नहीं? सोशल मीडिया पर गांधी परिवार को ट्रोल किया जाता है, लेकिन मुख्यधारा मीडिया चुप। क्योंकि चैनल्स के मालिकों के हित जुड़े हैं। पुरानी कांग्रेसी सरकारों से लाभ मिला। आज भी विपक्षी ध्रुवीकरण से फायदा। राहुल का अमेरिका दौरा जहां वे 'डेमोक्रेसी खतरे में' बोलते हैं, वहां मोदी की जी-20 सफलता दब जाती है। प्रियंका का हर बयान महत्वपूर्ण बन जाता है। तथ्य कहते हैं इनकी लोकप्रियता घटी है। सर्वे दिखाते हैं मोदी-योगी टॉप पर। फिर भी मीडिया गांधी परिवार को हीरो बनाता है। क्यों? शायद डर से। सरकार का पक्ष लेने पर लाइसेंस रद्द का भय। विपक्ष को जिंदा रखना सुरक्षित लगता है। खैर, कांग्रेसियों की मजबूरी समझ आती है, वे पार्टी बचाने के लिए झुकते हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने गुमशुदा युवक को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**श्रीनगर/महोबा।** पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी चरखारी महोदय दीपक दुबे के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद महोबा पुलिस द्वारा निरंतर गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश एवं सकुशल बरामदगी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में थाना श्रीनगर पर पंजीकृत गुमशुदगी संख्या 01/2026 दिनांक 09 जनवरी 2026 से संबंधित गुमशुदा युवक बृजेश पुत्र श्याम सुन्दर कुशवाहा, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी ग्राम इमिलिया, थाना श्रीनगर, जनपद महोबा को थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा सकुशल बरामद किया गया।क बरामदगी के दौरान पुलिस टीम द्वारा पूछताछ एवं फोटो पहचान के माध्यम से गुमशुदा की पुष्टि की गई। पूछताछ में गुमशुदा बृजेश पुत्र श्याम सुन्दर ने बताया कि वह बिना किसी को बताए घर से चला गया था तथा वर्तमान में उसने स्वेच्छा से अपने घर वापस आने की इच्छा व्यक्त की। थाना श्रीनगर पुलिस द्वारा गुमशुदा युवक बृजेश को सकुशल महोबा लाकर दिनांक 20 जनवरी 2026 को उसकी माता ओमवती पत्नी श्याम सुन्दर कुशवाहा, निवासी ग्राम इमिलिया, थाना श्रीनगर, जनपद महोबा को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। गुमशुदा युवक की सकुशल बरामदगी पर परिजनों द्वारा महोबा पुलिस की सक्रियता, संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

### भारतीय शिशु मंदिर की प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न

**भरुआ सुमेरपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश पर सोमवार को भारती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रबंध समिति का चुनाव पर्वेक्षक की मौजूदगी में पिठासीन अधिकारी ने संपन्न कराया। निर्विरोध निर्वाचन में रमाशंकर को प्रबंधक/मंत्री चुना गया पीठासीन अधिकारी उदल सिंह यादव ने बताया कि पर्वेक्षक शिवनारायण सिंह की मौजूदगी में संपन्न हुए चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। इनमें रमाशंकर को प्रबंधक/ मंत्री, राधाचरण सिंह को अध्यक्ष, फूलचंद्र को उपाध्यक्ष, उपप्रबंधक शिवदयाल, कोषाध्यक्ष रामभजन प्रजापति, ऑडिटर मूलचंद, सदस्य मुन्नालाल, रामसेवक को चुना गया। इस मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रहा।

### हनुमान गढ़ी के महंत राजूदास महाराज दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिले



**भरुआ सुमेरपुर।** लव जिहाद, धर्मांतरण एवं दुष्कर्म पीड़िता के घर पहुंचकर हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजूदास महाराज एवं पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल पहुंचकर न्याय दिलाने के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने परिवार के सदस्यों को बिना भय एवं दबाव के अदालती कार्यवाही में सहयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि बेटियों के साथ इस तरह की दरिंदगी और जबरन धर्मांतरण का दबाव किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि वह इस मामले में शासन-प्रशासन से बात कर दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। पूर्व सांसद ने पीड़ित परिवार की सुरक्षा के लिए प्रशासन से मांग की।

### शिव शक्ति अखाड़ा के महंत से परिजनों ने लगाई सुरक्षा की गुहार

**भरुआ सुमेरपुर।** मंगलवार को शिवशक्ति अखाड़ा के महंत मधुराम महाराज लव जिहाद का शिकार हुई पीडिता के परिजनों से मिले। परिजनों ने सुरक्षा की मांग की है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी हिंदू एकजुट होकर इनको अपने मकान दुकान से बेदखल करें तभी हमारी बहन बेटियां सुरक्षित रहेंगीं कस्बे में हुआ लव जिहाद का मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। मंगलवार को शिव शक्ति अखाड़ा के महंत मधुराम महाराज ने कस्बे में पहुंचकर लव जिहाद की शिकार हुई पीडिता के परिजनों को ढांढस बंधाकर घटना की जानकारी ली। पीडिता के भाई ने महंत को घटना की जानकारी देकर परिवार की सुरक्षा की मांग की। उसने कहा कि परिवार को लगातार धमकियां मिल रही हैं। इससे परिवार भयभीत है। महंत ने कहा कि वह प्रशासन से मिलकर सुरक्षा की मांग करेंगे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट रहने की जरूरत है। एकजुट होकर ही इनसे मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी इनको अपने मकान दुकान से बेदखल करके इनका सामूहिक बहिष्कार करें। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, के के त्रिवेदी, राखी शिवहरे, अंकित सिंह रानू, आदर्श तिवारी, सचिन सेंगर, शुभम मिश्रा, अमन धुरिया, नैतिक सोनी आदि मौजूद रहे।

### आर्थो की रिपोर्ट के बाद हैलेट से मिलेगी मुख्य आरोपी को छुट्टी

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** लव जिहाद गैंगरेप एवं धर्मांतरण के मुख्य आरोपी की पुलिस मुठभेड़ के दौरान टांग की हड्डी में गोली लगने के बाद हैलेट में पुलिस अभिरक्षा में चल रहे इलाज में अब आर्थो विभाग की रिपोर्ट का मामला अटक गया है। आर्थो विभाग की रिपोर्ट के बाद ही मुख्य आरोपी को हैलेट से छुट्टी मिलने की उम्मीद है पुलिस मंगलवार को लवजिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण के दबाव में मुख्य आरोपी अबान उर्फ अफान खान को हैलेट से डिस्चार्ज कराकर अदालत में लाने की कोशिश में थी लेकिन हैलेट प्रशासन ने आर्थो विभाग की रिपोर्ट आने के बाद ही मुख्य आरोपी को डिस्चार्ज करने की बात कही है। इससे मुख्य आरोपी को अस्पताल से लाकर जेल भेजे जाने की कोशिश एक बार फिर असफल हो गई है। गत 15 जनवरी को देर रात हुई मुठभेड़ के बाद से मुख्य आरोपी का उपचार कानपुर के हैलेट में चल रहा है। पुलिस हैलेट से लाकर जेल भेजने की कोशिश में है लेकिन जांच रिपोर्ट के नहीं आने से मुख्य आरोपी फिलहाल अस्पताल से डिस्चार्ज नहीं हो पा रहा है।

# पिता की त्रयोदशी कार्यक्रम में चाकू से बेटे की हत्या

- भाई सहित पांच अन्य घायल, सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात
- सीओ ने तीन टीमों का किया गठन, छानबीन में जुटी पुलिस





**अजनर/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के लेवा गांव में त्रयोदशी कार्यक्रम में शराबियों ने नशे में उत्पात मचाया विरोध करने पर मृतक के बेटे की हमला कर हत्या कर दी, जबकि बचाव करने पर मृतक के दूसरे पुत्र सहित पांच लोग घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से एक की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। अजनर थाना क्षेत्र के लेवा गांव निवासी रामकृपाल की 13 दिन पहले बीमारी से मौत हो गई थी ।सोमवार को परिजन त्रयोदशी कार्यक्रम कर रहे थे। देर शाम शराब के नशे में दबंग आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मृतक के पुत्र विकास पर चाकुओं से हमला बोल दिया। विकास की चीख सुनकर भाई आकाश उसका चाचा सुरजन सिंह, चचेरा भाई अनिल ,प्रदीप व जीतू बचाने आए तो हमलावरों ने इन सभी पर भी धारदार हथियार से हमला बोल दिया। बाद में शोर शराबा सुन ग्रामीण एकजुट हो गए तो हमलावर मौके से भाग गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने विकास को मृत घोषित कर दिया। जबकि आकाश को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया है।

सीओ रविकांत गौंड का कहना है कि तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया है । गांव में सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुड़ गई है।

### बाइक सवार दबंग मचा रहे थे उत्पात

बताया जाता है त्रयोदशी कार्यक्रम में बाइक सवार दबंग रास्ता से बार-बार निकल रहे थे । परिजनों द्वारा खाना होने पर दबंगों को रोका गया तो तीन बाइक स्वरों ने घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि शराबी नशे में तीन बाइकों से युवक आकर मृतक के घर के आसपास से बार-बार निकल रहे थे। जहां त्रयोदशी कार्यक्रम में व्यवधान हो रहा था। मृतक के पुत्र विकास द्वारा विरोध किया गया तो दबंगों ने धारदार हथियार से हमला बोल दिया।

### पुलिस ने शान्ति भंग की कोशिश में चार को किया गिरफ्तार




**कुलपहाड़ /महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक बन्दना सिंह के आदेशानुसार जनपद में संज्ञेय अपराधों की रोकथाम एवं शान्ति-सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ महोदय रविकान्त गौड के पर्यवेक्षण में थाना कुलपहाड़ क्षेत्रान्तर्गत कस्बा सोनीगंज राजावार्ड में शान्ति-सुरक्षा अभियान के दौरान कार्यवाही की गई।प्राप्त सूचना के अनुसार कस्बा सोनीगंज में गाने-बजाने को लेकर दो पक्षों के मध्य वाद-विवाद हो रहा था। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा दोनों पक्षों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया, किन्तु दोनों पक्षों द्वारा नहीं मानते हुए अधिक उग्र होकर आपस में वाद-विवाद करते हुए आमदा फसाद की स्थिति उत्पन्न कर दी गई, जिससे शान्ति भंग होने की प्रबल आशंका उत्पन्न हो गई। शान्ति भंग की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए उनि विकास तिवारी मय हमराह द्वारा दोनों पक्षों के कुल 4 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को उपजिला मजिस्ट्रेट कुलपहाड़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जनपद पुलिस द्वारा शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सतत प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। किसी भी प्रकार से शान्ति भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही जारी रहेगी।

## छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल कर मतदान को किया जागरूक

- नोडल अधिकारी मजहर खान भी रैली में रहे मौजूद




**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें मतदाताओं से एस आई आर में सहयोग करने एवं नए मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करने के लिए प्रेरित किया। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से संबन्धित स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस रैली में जनतंत्र इंटर कॉलेज, जीबी इस्लामिया इंटर कॉलेज, जीजीआईसी सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह रैली अपने अपने विधालय से चलकर नगर भ्रमण कर यथास्थान समाप्त हुई। नोडल अधिकारी मजहर खान ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया गया है। रैली में जीबी इस्लामिया के प्रधानाचार्य एजाज अहमद खान, शमशाद अली, अब्दुल अजीज अंसारी, जगत राज सक्सेना, राजेश साहू, नसरीन खातून, जनतंत्र इंटर कॉलेज के प्रकाश चंद्र सहित अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

## डीएम ने बैठक में सुनी व्यापारियों की समस्याएं

- व्यापारियों ने विद्युत, सड़क, अवैध खनन, गलत चालान आदि समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखी



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद स्तरीय उद्योग तथा व्यापार बंधु की बैठक जिलाधिकारी श्रीमती गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संपन्न हुई ।बैठक में मुख्य रूप से विद्युत से संबंधित समस्या, महोबा से कबरई के बीच खराब रोड, खनिजों के अवैध परिवहन को रोकने के संबंध में तथा कबरई में पेयजल की समस्या के संबंध में प्रकरण प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही कबरई से बांदा के बीच रोड खराब होने का प्रकरण तथा प्रदेश में उपखनिजों के परिवहन में गलत चालान करने के संबंध में उद्यमियों द्वारा समस्या रखी गई। उपरोक्त प्रकरणों पर जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता,एन एच ए आई छतरपुर के साइट इंजीनियर, वरिष्ठ खान अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय तथा परिवहन विभाग को समयांतर्गत कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश निर्गत किए गए। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग महेश चंद्र सरोज द्वारा किया गया । बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, सहायक आयुक्त व्यापार कर तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों व उद्यमियों तथा व्यापारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उद्यमी व व्यापारी संगठन की तरफ से देवेंद्र मिश्रा, रघुराज सिंह, मोहम्मद वसीम, भागीरथ नगाइच, राम जी गुप्ता इत्यादि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### पीड़ित की तहरीर पर पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी

**मौदहा(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के सिजनौडा गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र रामफल कश्यप ने शराब के नशे में धुत पहले पत्नी और अपने बुजुर्ग पिता से झगड़ा किया और फिर गुस्से में अपनी 7 साल की मासूम बेटी वर्षा की बेरहमी से गोदी से जमीन पर पटक दिया। जहां बच्ची की बेहोश हो गई , जिसे प्राथमिक इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले गए जहां प्राथमिक इलाज के बाद बाँदा हायर सेंटर रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही यूपी-112 पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पिता को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। पत्नी सरिता देवी ने बताया कि मेरा पति शराब पीकर घर मे आए दिन झगड़ा व मारपीट करता रहता है मौदहा कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी फिलहाल हिरासत में है और पीड़ित परिवार की तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अतिक्रमण के खिलाफ जमकर गरजा प्रशासन का बुलडोजर

- अतिक्रमणकारियों ने निजी भूमि बता प्रशासनिक कार्रवाई पर खड़े किए सवाल






**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में चौराहों को अतिक्रमण से मुक्त करने को लेकर पुलिस, प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा एसडीएम के नेतृत्व में अभियान चलाकर शहर के ऊदल चौक में फैला अतिक्रमण हटाया गया। हालांकि अभियान के दौरान टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। नगर पालिका के पार्क के बगल में फुटपाथ पर गुमटी और खोखे निजी भूमि से हटाने का आरोप लगा महिलाओं सहित दुकानदारों ने कार्रवाई को अवैध ठहरा मामले की जांच करा कार्रवाई करने की मांग की है। दरअसल मामला शहर कोतवाली कस्बा क्षेत्र के उदल चौक इलाके का है।जहां स्थित पार्क के बगल में फुटपाथ पर रखी गुमटी और खोखों को एसडीएम सदर शिवध्यान पाण्डेय के नेतृत्व में पहुँची पुलिस,प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा हटाया गया। हालांकि इस दौरान मौके पर पहुंची महिलाओं ने जमीन को अपनी निजी भूमि बता मामला न्यायालय में विचाराधीन होने की बात कह प्रशासनिक टीम द्वारा की जा रही है इस कार्यवाही को अवैध ठहरा मामले की निष्पक्ष जांच करा कार्रवाई करने की मांग की है। अतिक्रमण हटाने पहुँची प्रशासनिक टीम का विरोध होने पर मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार विवेक तोमर द्वारा महिलाओं को जमीन के दस्तावेज दिखाने के लिए एसडीएम कार्यालय पहुंचा कार्रवाई को कुछ देर के लिए रोक दिया गया। दूसरी तरफ स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि यह जमीन निजी भूमि है जिसमें दशकों से कई लोग खोखे और गुमटी रखकर व्यापार करते चले आ रहे हैं,और इस जमीन का मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है। इसके बावजूद भी प्रशासन द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के आज अचानक बुलडोजर लाकर उक्त जमीन में रखे गुमटी और खोखे हटाने का काम किया जाना आम लोगों के रोजगार पर बुलडोजर चलाने जैसा है।हालांकि मामले को लेकर एसडीएम सदर शिवध्यान पांडे का कहना है कि शहर के चौराहों के पास फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है ताकि चौराहों,पार्को और शहर के मुख्य प्रमुख स्थलों को सजाने सवांरने का काम किया जा सके इसी के तहत आज शहर के ऊदल चौक में अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण को हटाया गया है आगे भी है अभियान जारी रहेगा।

## कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुनवाई के दौरान 90 शिकायतें प्राप्त हुईं, अधिकांश का मौके पर निस्तारण

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए जनसुनवाई में लगभग 90 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## गुरुवार को रिपोर्ट दाखिल करने की तैयारी में जुटा बंधी विभाग

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सिंचाई विभाग महोबा की हीलाहवाली से एसडीएम के निर्देश के बाद बंधी की रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकी है। बंधी विभाग अभिलेख तैयार करने के नाम पर समयावधि बढ़ाता जा रहा है। फिलहाल बंधी विभाग के एसडीओ ने गुरुवार तक रिपोर्ट दाखिल करने की बात कही है एसडीएम सदर केडी शर्मा ने रविवार को सिंचाई विभाग बंधी महोबा को निर्देश दिए थे कि वह सोमवार को कस्बे के बस स्टैंड की बंधी की नापजोख करके रिपोर्ट प्रशासन को उपलब्ध कराए। लेकिन सिंचाई विभाग महोबा ने सोमवार को कोई नापजोख नहीं की। यह नापजोख लव जिहाद, धर्मांतरण का दबाव एवं गैंगरेप के आरोपी के इंडियन लाज को लेकर की जानी थी। क्योंकि इंडियन लाज का निर्माण सिंचाई विभाग की बंधी को ध्वस्त करके बनाया गया है। सिंचाई विभाग के अनुसार बस स्टैंड के समीप बंधी की चौड़ाई करीब 40 फीट है। जबकि मौके पर बंधी का कोई नामोनिशान नहीं है। इसके ऊपर आलीशान मकान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, कार्यालय आदि बने हैं। इनमें मुख्य आरोपी अबान उर्फ अफान के पिता का इंडियन लाज भी है। इसी लाज में मुख्य आरोपी ने गैंगरेप की घटना को अंजाम देकर अश्लील वीडियो बनाऐ है। पुलिस ने लाज को खाली कराकर ताला डलवा दिया है और सीसीटीवी फुटेज की डीबीआर कब्जे में ले रखी है। प्रशासन की नजर में यह लाज नियम विरुद्ध बना है। नगर पंचायत इस लाज में नोटिस चस्पा कर चुकी है। प्रशासन को सिंचाई विभाग की रिपोर्ट का इंतजार है लेकिन विभाग रिपोर्ट देने में लगातार लिंगाराम किए हुए हैं मंगलवार को बंधी विभाग के एसडीओ रवि गुप्ता ने बताया कि रिपोर्ट तैयार हो चुकी है गुरुवार को वह हमीरपुर पहुंचकर प्रशासन को रिपोर्ट सौंप देंगे। एसडीएम सदर केडी शर्मा ने बताया कि सिंचाई विभाग रिपोर्ट तैयार करने में जुटा हुआ है रिपोर्ट दो दिन में प्राप्त होने की उम्मीद है रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे की कार्यवाही सुनिश्चित हो सकेगी।

## हिन्दू समाज के सशक्त और दूरदर्शी बनने से ही भारत वैभवशाली होगाः श्रीरामजी





- एकता और समरसता के संकल्प के साथ संपन्न हुआ हिन्दू सम्मेलन

**खन्ना/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर संघ गांव गांव जाकर विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन कर रहा है इसी क्रम में खन्ना थाना के ग्योडी गांव में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक श्रीरामजी विशिष्ट अतिथि के रूप में साध्वी गिरी,पुरुषोत्तम महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रान्त प्रचारक श्रीरामजी ने कहा की संघ के सौ वर्षो की यात्रा के सम्पूर्ण होने कर भारतवर्ष सहभागी बने उसी के लिए यह कार्यक्रम रखे गए है कालखंड कोई रहा हो हमारे देश के संत,ऋषि मुनियों ने महापुरुषों ने देश को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया है विश्व के अंदर कोई ऐसा देश नहीं है जिसको मां का दर्जा प्राप्त हो केवल भारत को ही भारत माता कहा जाता है और मां कभी नहीं चाहती की किसी का कोई बुरा हो हमारे यहां पूजा के बाद विश्व का कल्याण हो ऐसा नारा लगाते है पिछले कालखंड के कुछ रूढ़िवादी लोगों के कारण हम कुछ बट गए थे, लेकिन स्वामी विवेकानंद ने नारा दिया हम सब हिंदू एक है और फिर हिंदू एक हो गया उन्हीं का सपना था की पूरे विश्व के अंदर हिंदू एक हो उन्हीं की प्रेरणा से आज हिंदू एक है। अब हम पराजय का नहीं विजय का उत्सव मना रहे है आज संपूर्ण हिंदू समाज के एकता का नतीजा है की अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना है जब जब हिन्दू घटा है तब तब हिन्दू कटा है आज हिन्दू एक है तो नए नए इतिहास लिखे जा रहे है पहली बार हिंदुत्ववादी सरकार देश में है पहले की सरकारें रामसेतु तोड़ने पर उतारू थी लेकिन जैसे ही हिन्दू एक हुआ सुप्रीम कोर्ट को आदेश देना पड़ा की किसी की भावनाएं आहत नहीं की जा सकती पिछले वर्ष आस्था का महाकुंभ हुआ करोड़ों लोगों ने संगम में डुबकी लगाई और हिन्दू एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला प्रचारक सौरभ, जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख रोहित राज, जिला कार्यवाह प्रमोद,खंड कार्यवाह अंकित, खंड व्यवस्था प्रमुख रूपेन्द्र सिंह, भाजपा नेता सुलभ सक्सेना, पूर्व मंत्री सिद्धगोपाल साहू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, प्रकाश मिश्रा, देवेंद्र शुक्ला,ब्लॉक प्रमुख राजू सिंह, पूर्व चेयरमैन शिवपाल तिवारी, जीतू विश्वकर्मा, अंकित देवेन्द्र शुक्ला, गजेन्द्र सिंह, सौरभ तिवारी सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

## सहकारी ग्राम विकास बैंक के अध्यक्ष के लिए रामविलास श्रीवास ने दाखिल किया नामांकन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए कुरारा निवासी रामविलास श्रीवास ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। उनके अलावा किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन पत्र नहीं खरीदा, जिससे उनका निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है यह नामांकन कुरारा के ब्लॉक सभागार में नोडल अधिकारी कानूनगो अशोक निगम, बैंक मैनेजर बीएन उपाध्याय और फील्ड ऑफिसर आलोक श्रीवास्तव की मौजूदगी में किया गया। रामविलास श्रीवास ने भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में अपना पर्चा भरा निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता, डायरेक्टर किशन व्यास, कुरारा ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, नगर पालिका हमीरपुर के अध्यक्ष कुलदीप निषाद, कुरारा चेयरमैन आशारानी कबीर, सहकारी ग्राम विकास बैंक के निवर्तमान अध्यक्ष कामता कुशवाहा, भाजपा नेता राजेंद्र श्रीवास, देवेंद्र सिंह, भाजपा कुरारा के मण्डल अध्यक्ष मोहन कुशवाहा, महामंत्री दिनेश द्विवेदी, दीपक सिंह गौर, अमित वर्मा सहित लगभग एक सैकड़ा भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## धूप से फसले खिली, पुरवाई ने बढ़ा दी किसानों की चिंता



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** पिछले एक सप्ताह से खिल रही धूप से दलहनी-तिलहनी फसलों में सुधार नजर आने लगा है। धूप पाकर मटर, मसूर, चना, अरहर, सरसों, अलसी की फसल में फूल चढ़ने लगा है। इसी बीच पिछले तीन दिनों से चल रही पुरवाई ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पुरवाई से फसलों में कीट पतंग की संख्या में इजाफा होने की संभावना बनने लगी है करीब एक माह तक कोहरा पड़ने के बाद पिछले एक सप्ताह से खिल रही धूप ने दलहनी-तिलहनी फसलों की सेहत पर काफी सुधार किया है। बगैर बरसात के पड़ रहे कोहरे से यह फसले खराब होने की कगार पर पहुंचने लगी थी लेकिन जैसे ही धूप मिली है यह फसले पुनः लहलहाकर फूलों से अच्छादित होने लगी है। धूप से फसलों की सेहत जरूर सुधर रही हैं लेकिन तीन दिन से चल रही पुरवाई से इन पर फिर संकट मंडराने लगा है। किसान मानसिंह, राधेश्याम सिंह, चंद्रभान कुशवाहा, घसीटा कुशवाहा, कल्लू धुरिया, गुरु सिंह, सुरेश यादव, प्रदीप गुप्ता आदि ने बताया कि पुरवाई चलने से माहू के साथ सूड़ी का प्रकोप दलहनी तिलहनी फसलों में नजर आने लगा है। अगर हवा का रुख जल्द नहीं बदलता और फसलों को पछुआ हवा का साथ नहीं मिलता तो इनको बचाने के लिए कीटनाशक का छिड़काव करना मजबूरी हो जाएगी। इससे फसलों की लागत बढ़ेगी। कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित कुमार शुक्ला ने कहा कि अगर कीट पतंगे बढ़ रहे है तो समय पर कीटनाशक दवाओ का छिड़काव करें।

# एसबीएस इंटर कालेज में अयोजित हुआ भव्य समारोह

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड क्षेत्र के नरौली गांव में स्थित एसबीएस इंटर कॉलेज में गणेश पूजा के शुभ अवसर पर आस्था, सम्मान और सामाजिक संदेश से ओत-प्रोत भव्य आयोजन संपन्न हुआ। विगत वर्षों की परंपरा को निभाते हुए विद्यालय परिसर में भगवान श्री गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया।

विद्यालय के संस्थापक रहे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक कुमार सिंह के सुपुत्र व पूर्व केबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप के भतीजे विद्यालय प्रबंधक हर्षित राजकुमार सिंह ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके




उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के पत्रकार बंधुओं को अंगवस्त्र, डायरी एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया, जिसे समाज और मीडिया के बीच सम्मानजनक संवाद का प्रतीक माना जा रहा है। इस अवसर पर प्रबंधक हर्षित राजकुमार सिंह ने कहा कि अपने अभिभावक पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप के मार्गदर्शन में तथा अपने पिता स्वर्गीय अशोक कुमार सिंह के आदर्शों और पदचिह्नों पर चलते हुए समाज, शिक्षा और जनसेवा के क्षेत्र में उनके सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सरोज वर्मा, कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया, ओमप्रकाश मौर्य महेंद्र प्रताप सिंह रामानंद कनौजिया आशीष मौर्य मोहम्मद इदरीश. ओमप्रकाश श्रीवास्तव. शिवम अवस्थी. कृष्ण कुमार मिश्रा. रजनीश सिंह तमाम क्षेत्रीय पत्रकार बंधुओ के साथ-साथ क्षेत्र के संभ्रांत लोग अखिलेश कुमार सिंह पूर्व अध्यक्ष शंकर बख्श सिंह पवार. गंगा बक्श सिंह. राजू सिंह त्रिवेणी प्रसाद द्विवेदी राजेश सिंह. शंकर बक्श सिंह. गिरिजा प्रसाद रावत. धीरज यादव आदि लोगों के साथ साथ विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## मासूम को पिकअप चालक ने मारी टक्कर, अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** घर जाते समय मासूम को लापरवाही पूर्वक चला रहे पिकअप चालक ने टक्कर मार दी।

इलाज के लिये जैदपुर सीएचसी ले जाया गया।जहां डाक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। जिसकी शिकायत मृतक के पिता द्वारा जैदपुर थाने में की गयी। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार रामगोपाल पुत्र रामापति निवासी ग्राम गढ़ी गंजरिया थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि दिनांक 18-01-26 को समय लगभग शाम 5.30 बजे प्रार्थी का लड़का अंशू उम्र लगभग 5 वर्ष अपने घर जा रहा था।

## पूर्व प्रधान की पुण्यतिथि पर प्रधान पुत्र ने गरीबों को बांटे कंबल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

- गरीबों की मदद करने से आत्मा को शांति व सुकून मिलता है : राजन सिंह

पूर्व प्रधान स्व भानु प्रताप सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर प्रधान राजन सिंह ने क्षेत्र के ओहरामऊ गाँव में अपने आवास पर गरीबों को ठंड से बचाव के लिए कम्बल वितरण समारोह का आयोजन किया।इस समारोह में गांव सहित आसपास के इलाके से आए हुए हजारों गरीब जरूरतमंन्दो को कम्बल वितरित किये गए। इस अवसर पर ब्राम्हण समाज व पत्रकारों को सम्मानित भी किया

प्रधान राजन सिंह ने कहा कि पिता के सपनों को साकार करने के लिए पिछले डेढ़ दशक से कम्बल वितरित किए जा रहे हैं। कहा कि गरीबों की मदद करने से आत्मा को शांति व सुकून मिलता है। इस पुनीत कार्य में धनाढ्य व्यक्तियों को बढ़चढकर हिस्सा लेना चाहिए। मानस मर्मज्ञ पं0 अभयनाथ शास्त्री, समाजसेवी राजू भैया ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिनेश प्रताप सिंह,रणविजय सिंह पिंकू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## घास छीलने के बहाने बुलाकर नाबालिग लड़की से किया छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक गांव मे एक नाबालिग लड़की को गांव के ही एक व्यक्ति ने मिनी सचिवालय मे घास छीलने के बहाने बुलाया और सचिवालय मे अश्लील हरकत करने लगा।साथ में गया लड़की का भाई सचिवालय के बाहर खड़ा था।अपनी बहन की आवाजे आने से सचिवालय मे नजारा देख अचंभित हो गया। बहन बचाओ बचाओ की आवाज करने लगी उसकी आवाज सुनकर लोग इकठ्ठा हो गये जिसपर आरोपी नाबालिग लड़की को छोड़ कर भाग निकला। घर आकर लड़की ने अपनी आप बीती घटना की सारी जानकारी अपने परिवार के लोगो को बताया।जिसके बाद पिता ने अपनी बेटी व बेटे को जैदपुर कोतवाली ले जाकर घटनाक्रम की तहरीर देते हुए प्रार्थनापत्र दिया।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक

- विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश
- शिक्षा की गुणवत्ता व शत-प्रतिशत उपस्थिति पर डीएम का जोर

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री नवीन कुमार पाठक सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों के शैक्षिक स्तर में निरंतर सुधार एवं




विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना शिक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने प्रार्थना सभा के दौरान प्रतिदिन कराए जा रहे विषय आधारित भाषण की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि पूर्व बैठक में न्याय पंचायत, ब्लॉक एवं जनपद स्तर तक प्रतियोगिताएं आयोजित कराए जाने के निर्देश निर्गत किए गए थे। जिसके क्रम में न्याय पंचायत, ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिताएं कराई जा चुकी हैं, तत्पश्चात् विद्यालयों में छुट्टी के कारण जनपद स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित नही कराई जा सकी हैं।

जिलाधिकारी ने संबंधित को जनपद स्तर की प्रतियोगिताएं यथाशीघ्र कराए जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में बताया गया कि ये प्रतियोगिताएं तीन वर्गों में कराई गई हैं, जिसमें कक्षा 6 से 8 तक भाषण प्रतियोगिता, कक्षा 4 व 5 के लिए कहानी प्रतियोगिता तथा कक्षा 1 से 3 के विद्यार्थियों के लिए कविता प्रतियोगिता शामिल है।

जिलाधिकारी ने कहा कि ब्लॉक से जनपद स्तर तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाए, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति क्षमता का विकास हो सके।

**कम उपस्थिति एवं शैक्षणिक स्तर वाले विद्यालयों पर विशेष फोकस**

जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विकास खण्ड के ऐसे 20 चिन्हित विद्यालय, जहाँ विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं शैक्षणिक स्तर सामान्य से कम है, वहां के प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित कर ठोस कार्ययोजना बनाते हुए प्रगति सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने कहा कि कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा जिन बच्चों के अधिगम स्तर में सुधार हुआ है, उन्हें प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया जाए।

**कस्तूरबा विद्यालयों का किया जाए नियमित निरीक्षण**

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी ब्लॉकों के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामित नोडल अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाए।निरीक्षण के दौरान मिलने वाली कमियों का निस्तारण आवश्यक रूप से कराया जाए।

**शैक्षिक उन्नति को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान**

जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बच्चों के शैक्षिक स्तर में निरंतर उन्नति सुनिश्चित करना ही हम सभी का मुख्य ध्येय होना चाहिए।

इसके लिए सभी अधिकारी एवं शिक्षक समन्वित प्रयास करें।

बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प, डीबीटी, मध्यान्ह भोजन योजना, विद्यालय निरीक्षण एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

## खबरें एक नजर में

### भाले सुल्तान क्षत्रियों ने की बैकुंठी भवानी धाम पर वार्षिक बैठक



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मकर संक्रांति के बाद सुल्तानपुर जिले की सीमा पर स्थिति भाले सुल्तान क्षत्रियों की आदिशक्ति मां बैकुंठी भवानी मंदिर धाम परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने का निश्चय किया गया जैसे शादी समारोह में फिजूल खर्च न कर सादगी से शादी समारोह आयोजित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया जिसका सभी ने स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता भाले सुल्तान क्षत्रिय कल्याण परिषद अध्यक्ष राय भानु प्रताप सिंह ने किया। सबसे खास बात यह रही कि भाले सुल्तान क्षत्रियों की वंशावली जिसे ग्राम उमरा निवासी समाजसेवी व शिक्षाविद ओंकार सिंह विभाकर ने अथक प्रयास कर लिखा है जिसका निःशुल्क वितरण सभी को किया गया है। उनकी इस पुस्तक का विमोचन बैठक में वरिष्ठ जनों द्वारा किया गया। पुस्तक की सराहना करते हुए पत्रकार प्रेस परिषद अयोध्या मण्डल प्रभारी यशपाल सिंह निवासी ग्राम धरौली ने कहा कि आगामी होली के बाद होने वाली बैठक में अयोध्या मण्डल की ओर से नागरिक अभिनंदन एवं सम्मानित किया जाएगा। साथ ही मण्डल प्रभारी यशपाल सिंह ने यह भी कहा कि वंशावली तैयार करने में सहयोगी बंधुओं को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में शिव बहादुर सिंह, मानवेंद्र सिंह, संत शरण सिंह, राम अच्छबर सिंह मवई, शिव शंकर सिंह, जगन्नाथ, रघुनंदन सिंह, जगवंत सिंह, प्रदीप सिंह, नारायणन बक्स सिंह, विशाल सिंह, शिव दयाल महामंत्री, अभय सिंह नारे, पूर्व प्राचार्य बाबू भगवान बक्स सिंह, पूर्व शिक्षक हरीश सिंह सहित अन्य विशिष्ट लोग उपस्थित थे।

### जिला मजिस्ट्रेट ने दो को किया 6 माह के लिए जिला बदर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है, ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाते हुये जिला मजिस्ट्रेट, संजय चौहान ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये उन्हें जनपद की सीमा से 6 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। जिला बदर किए गए अभियुक्त आशीष दुबे उर्फ लड्डू दुबे पुत्र शिव बहादुर दुबे निवासी ग्राम-पूनीपुर मजरे हरखूमऊ थाना-बाजार शुकुल तथा राजन सिंह पुत्र अकबाल बहादुर सिंह निवासी ग्राम-पूरब दुआरा थाना-मुंशीगंज शामिल हैं। जिन्हें 9 जनवरी 26 से 6 माह की अवधि के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित किया गया है।

# उपजिलाधिकारी से मिलकर किसानों ने मुआवजा दिलाए जाने की लगाई गुहार

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

पानी में डूबने से बरबाद हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर दूसरे दिन भी किसान तहसील परिसर पहुंचे। किसानों ने उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी से मिलकर बरबाद हुई फसलों का मुआवजा दिलवाए जाने की मांग की। किसानो ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से उनके गांव में नहर पटरी बार बार कट रही है और फसलें लगातार पानी में डूबी पड़ी है जिससे फसल बरबाद हो चुकी हैं। अब पानी आबादी के पास तक पहुंच गया है। यही हाल रहा तो घरो के अंदर भी पानी भरने लगेगा।वह सब लगातार सिचाई विभाग, गंगा एक्सप्रेसवे



निर्माण में लगी आईटीडी कंपनी के जिम्मेदारों समेत तहसील प्रशासन को सूचित कर रहे हैं इसके बाद भी कोई सुनवाई नही हो रही है।

किसानों का कहना था कि उनकी फसल पानी में डूब गयी हैं। उनकी मांग थी कि सिचाई विभाग हो चाहे गंगा एक्सप्रेसवे के जिम्मेदार, किसानों को खराब हुई फसलों का मुआवजा दें। यदि मुआवजा न मिला तो वह सब दुबारा तहसील आकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

# नेता प्रतिपक्ष व जनपद के सांसद राहुल गांधी का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे रायबरेली जनपद के सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का कस्बे में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया तथा उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की है। सोमवार रात्रि 9:30 बजे के आसपास बछरावा कस्बे में नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी का काफिला रायबरेली दौरे के दौरान कस्बे के मुख्य चौराहे पर कुछ देर के लिए रुका। इस दौरान राहुल गांधी ने हाथ जोड़कर उपस्थित कार्यकर्ताओं और समर्थकों का अभिवादन किया। तथा अपने वाहन से उतरकर कार्यकर्ताओं से संक्षिप्त मुलाकात की।



कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारे बाजी करते हुए फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं में उनके आगमन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कुछ देर रुकने के बाद राहुल गांधी रायबरेली शहर के लिए रवाना हो गये। उनके इस संक्षिप्त ठहराव ने स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भर दी। इस मौके पर रमेश शुक्ला, पंकज तिवारी, मो इलियास, पलटू दास, दिनेश यादव, अविनाश चंद्र बाजपेई, नीरज साहू सहित स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

# सोमवार को हुई बुजुर्ग महिला की नृशंस हत्या का आरोपी हुआ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

- रिश्ते में लगने वाली अपनी दादी पर धारदार हथियार से आरोपी सोनू ने वार कर उतारा था मौत के घाट

**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनांक 19 जनवरी 2026 को समय सुबह 10:00 बजे थाना शिवगढ़ पर डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम किशन खेड़ा मजरे रानीखेड़ा थाना शिवगढ़ में एक महिला तारावती पत्नी रामप्रताप रैदास उम्र लगभग 60 वर्ष की सोनू रैदास पुत्र राजकुमार उम्र 24 वर्ष निवासी उपरोक्त के द्वारा कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई। प्राप्त सूचना पर थाना शिवगढ़ पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। घटना के संबंध में आसपास जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि रविवार की रात सोनू रैदास उपरोक्त द्वारा नशे की हालत में गाली गलौज की जा रही थी। जिस बात पर मृतका तारावती जो अपने हत्यारे की रिश्ते में दादी भी लगती है, उनके व आरोपी के बीच कहासुनी एवं झगड़ा हुआ था। इसी बात से आक्रोशित होकर आरोपी द्वारा कुल्हाड़ी से वार कर तारावती उपरोक्त की हत्या कर दी गई। पुलिस द्वारा आरोपी सोनू रैदास को मय आलाकत्ल (एक अदद कुल्हाड़ी) के साथ हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही थी। मृतका के पुत्र से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना शिवगढ़ पर मुकदमा अपराध संख्या




14/2026 धारा 103(1)/131 बीएनएस अभियोग पंजीकृत किया गया था। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित थी। इसी क्रम में मंगलवार को थाना शिवगढ़ पर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त सोनू पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम किशनखेड़ा मजरे रानीखेड़ा थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली के विरुद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह यादव, मुख्य आरक्षी लालसा चौहान, आरक्षी बड़े बाबू, आरक्षी गौरव सिंह की महती भूमिका रही।

# बाजार विस्थापित होने के आदेश के बाद चर्चाओं का दौर गर्म

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मुराई बाग क्षेत्र में पिछले दिनों दुर्घटनाओं से हुई मौतों के बाद मुराई बाग क्षेत्र के लालगंज रोड पर लगने वाली वर्षो पुरानी साप्ताहिक बाजार को रविवार को आयोजित हुई बैठक में सर्वसम्मति से बाजार लालगंज रोड से विस्थापित कर डलमऊ रोड पड़वा नाला के पास स्थापित करने का तहसील प्रशासन द्वारा आदेश पारित किया गया जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने आसहमति जताते हुए कहा कि बैठक में छोटे व्यापारियों का ध्यान कतई नहीं रखा गया साप्ताहिक बाजार से उनकी रोजी-रोटी चलती है छोटे एवं स्थानीय व्यापारियों की सहमत के बिना तुगलकी फरमान जारी कर दिया गया जिसको लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है आम जनमानस का कहना है कि बाजार को लालगंज रोड से विस्थापित कर कस्बे की डलमऊ रोड पड़वा नाला में बाजार स्थापित करने का आदेश जारी कर दिया गया है जिसमें छोटे व्यापारियों के हानि लाभ का ध्यान नहीं रखा गया है क्या डलमऊ रोड परिवार नाला पर बाजार स्थापित करने के लिए पर्याप्त जगह की उपलब्धता है आम जनमानस का कहना है कि वहां पर भी बाजार रोड के किनारे ही लगेगी और अतिक्रमण फैलेगा इससे उस रोड पर भी दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ जाएगी जब तक तहसील प्रशासन द्वारा बाजार को स्थापित कराने के लिए उचित भूमि उपलब्ध नहीं कराई जाती है तब तक दुर्घटनाओं को कम करने के बारे में सोचना बेमानी सी होगी।

# सीडीओ ने सिधौली बीडीओ को दिए जांच के कड़े निर्देश

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा लगातार भ्रष्टाचार्यों पर कार्यवाही की जा रही है परंतु विकासखंड सिधौली में तैनात सचिव अमरेश गौतम के द्वारा शासनादेश की धज्जियां उड़ाते हुए प्रधान के लड़की पर मजदूरी का भुगतान लगा दिया गया और अपनी मनमानी की गई जिस पर खंड विकास अधिकारी द्वारा जांच का आश्वासन देते हुए जांच की जा रही थी जिस पर मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा संज्ञान लेकर खंड विकास अधिकारी से जांच रिपोर्ट मांगी गई है क्या मुख्य विकास अधिकारी के आदेश पर खंड विकास अधिकारी सिधौली के द्वारा निष्पक्ष जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी या सिर्फ नोटिस देखकर सिर्फ खानापूर्ति का आलम किया जाएगा। विकासखंड सिधौली की ग्राम पंचायत अकबरपुर रिवान में सचिव अमरेश गौतम के द्वारा जमकर भ्रष्टाचार और शासनादेश की धज्जियां उड़ाई जा




रही हैं सचिव के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 25 के 15वें व 5वें वित्त से प्रधान के लड़के दीपक कुमार पर मजदूरी का भुगतान जमकर फर्जी बड़ा किया गया है जहां सरकार और प्रशासन लगातार गरीबों के साथ रहकर कार्य करने का प्रयास कर रही है और गरीबों को रोजगार देने का कार्य करती है वहीं सचिव के द्वारा सिर्फ अपनी जेब भरने का कार्य तेजी से कर रहे हैं सचिव के द्वारा सिर्फ जेब भरने का कार्य ही नहीं किया जा रहा है उनके द्वारा एक और भी काम कर रहे हैं जो शासनादेश की भी धज्जियां पढ़ने का कार्य तेजी से कर रहे हैं जो सरकार और प्रशासन की विपरीत कार्य करने में नजर आ रहे हैं सचिव के द्वारा प्रधान के लड़के पर भुगतान लगाना स्वयं स्पष्ट कर दिया है कि मैं भ्रष्टाचार कर रहा हूं क्या ऐसे मामले पर विकासखंड के अधिकारी संज्ञान लेकर सचिन के खिलाफ निष्पक्ष जांच करवा कर कड़ी कार्यवाही करेंगे या नोटिस देखकर सिर्फ जेबपूर्ति का कार्य किया जाएगा।

# डीएम ने निर्माणाधीन आचार्य नरेन्द्र देव स्मृति पार्क का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देंखी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने निर्माणाधीन आचार्य नरेन्द्र देव स्मृति पार्क का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देंखी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को प्रदान किये। जिलाधिकारी ने पार्क की लाइट व्यवस्था सही न होने पर कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि लाइट की व्यवस्था सुदृढ़ की जाये। साथ ही जिलाधिकारी ने पार्क में लगी इंटरलाकिंग की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि पार्क की सुन्दरता बढ़ाने के लियें फूल वाले पौधें ज्यादा से ज्यादा लगाये




जायें तथा पार्क में वाटर पॉन्ड को देखते हुये जल भरने की व्यवस्था एवं जल निकासी के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि बाउन्ड्रीवाल को सही कराते हुये वाल पेंटिंग अवश्य करायी जाये तथा दीवारों को आकर्षक बनाये जाने हेतु सुन्दर टैटो बनवाये जायें। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिये कि सभी कार्यों को गुणवत्तापरक एवं ससमय पूर्ण किया जाये। निरीक्षण के दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जाम की मार से बेहाल संगठनों ने दिया धरना,दी चेतावनी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



शहर में बढ़ती जाम की समस्या ने अब आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। इस मुद्दे पर नागरिक विकास मंच (माय सिटी माय रिस्पॉन्सिबिलिटी - एमसीएमआर ग्रुप) के नेतृत्व में कई संगठनों ने नगर पालिका कार्यालय के गेट पर दोपहर 1 से 4 बजे तक सांकेतिक धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को साफ चेतावनी दी कि यदि जाम दूर करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो 1 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा। धरने के दौरान अधिशासी अधिकारी (ईओ) सुनील कुमार सिंह से वार्ता हुई और ज्ञापन सौंपा गया। इसमें मुख्य मांगें ई-रिक्शाओं के विधिवत पंजीकरण, रूट निर्धारण और आगे-पीछे रूट बोर्ड लगाने की थीं, ताकि इनका अव्यवस्थित संचालन रुके। साथ ही, स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन अधिनियम 2014) के तहत पटरी दुकानदारों के लिए टाउन वेंडिंग कमेटी गठित करने और धारा 3 व 5 के अनुसार वेंडिंग सर्टिफिकेट (सीओवी) जारी करने की मांग की गई। इसके अलावा, स्कूल वाहनों, एम्बुलेंस, निजी चार पहिया वाहनों तथा भारी व्यावसायिक वाहनों के लिए नगर सीमा और मुख्य बाजार क्षेत्रों में स्पष्ट प्रवेश नीति लागू करने तथा चालान राशि निर्धारित करने का सुझाव दिया गया।

फुटपाथों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कठोर जुर्माना लगाने और प्रशासन, नागरिकों व व्यापारियों की संयुक्त जागरूकता रैलियों के आयोजन की भी बात कही गई। मंच ने जोर देकर कहा कि इन बिंदुओं पर त्वरित कार्रवाई के बाद सख्त प्रशासनिक कदम उठाए जाएं, जिससे जाम की समस्या से स्थायी निजात मिल सके। ईओ सुनील कुमार सिंह ने आश्वासन दिया कि इस मामले में में प्रगति से सभी संगठनों को नियमित जानकारी दी जाएगी।

### सांकेतिक धरने को मिला व्यापक समर्थन

छिबरामऊ। आवास विकास कल्याण समिति, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, भारतीय किसान यूनियन (भानु व किसान गुट), लोधी महासभा, मां भारती वैश्य समाज, यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, समर्थ वेरिटेबल ट्रस्ट, गोल्डन पहल फाउंडेशन, उद्योग व्यापार संगठन, दिव्यांग कल्याण सेना, स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन, अखिल भारतीय हिन्दू शक्ति सेना (गौ रक्षा विभाग), पर्यावरण प्रहरी, एकता मानवाधिकार, एआईएमआईएम पार्टी, प्राथमिक शिक्षक संघ, समाजवादी अधिवक्ता संघ तथा संयुक्त धार्मिक समिति जैसे कई संगठनों ने इसे जनहित का मुद्दा बताते हुए समर्थन जताया और कहा यह आंदोलन शहरवासियों की लंबे समय से चली आ रही परेशानी को उजागर करता है, जहां ट्रैफिक जाम न केवल समय बर्बाद कर रहा है, बल्कि स्वास्थ्य व आर्थिक हानि भी पहुंचा रहा है। उम्मीद है कि प्रशासन शीघ्र सक्रिय होकर समाधान निकालेगा।

# ईश्वर बुद्धि से परे, लेकिन कृपा से प्राप्यर्थ

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



मोहल्ला बजरिया के चंद्रकांता पैलेस में कृपालु जी महाराज (प्रेम मंदिर, वृंदावन) की प्रचारिका डॉ. हरीश्वरी देवी ने तृतीय दिवस के दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन में कहा कि ईश्वर माया-प्रधान बुद्धि के दायरे से परे है।

वेदों के प्रमाण उद्धृत करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि ईश्वर को जानने के कई बाधक हैं। ईश्वर प्रेरक, धारक एवं ज्ञाता है, जबकि इन्द्रिय-मन-बुद्धि ज्ञेय, धार्यमाण एवं प्राकृत हैं। ईश्वर दिव्य एवं सर्वज्ञ है, जीव अल्पज्ञ एवं प्राकृत। इन विपरीत गुणों के कारण बुद्धि द्वारा ईश्वर की प्राप्ति असंभव है।डॉ. देवी ने जोर दिया कि भगवान की कृपा ही एकमात्र मार्ग है। जिस जीव पर भगवान कृपा बरसाते हैं, वे अपनी दिव्य शक्ति प्रदान कर देते हैं, वही ईश्वर को जान, देख एवं प्राप्त कर सकता है। उदाहरणस्वरूप, काग भुशुंडि जैसे साधारण प्राणी भी कृपा से भगवान को अनुभव कर लेते हैं। आयोजक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव दुबे एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (महिला) की प्रदेश उपाध्यक्ष शोभा दुबे ने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान 26 जनवरी तक सायं 4:30 से 7:30 बजे तक चलेगा। भक्तों से आध्यात्मिक लाभ हेतु उपस्थिति की अपील की गई।

दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन

# सीतापुर व छिबरामऊ टीमों से गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट की हुई शुरूआत



**समधन, समृद्धि न्यूज।**

गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट में पहले दिन सीतापुर व छिबरामऊ क्रिकेट टीमों के बीच कमेटी द्वारा मैच कराया गया जिसमें दोनों कप्तानों के बीच टास उछाल कर मैच शुरू किया गया जलान एलेवन सीतापुर क्रिकेट टीम के कप्तान सबलू ने 14 ओवर के मैच में बारी बारी से सभी खिलाड़ियों से जबरदस्त बल्लेबाजी करवाई 103 रन बनाएं बाद में जबाब में उतरीं छिबरामऊ क्रिकेट टीम के कप्तान इम्मी के खिलाड़ियों ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवरों में पूरी टीम 72 रन बनाकर आलाउट हों गई। समधन नगर के दारा सराय कांशीराम कॉलोनी के पास मैदान में गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन मंगलवार दोपहर से शूरू कराया गया पहले दिन कमेटी के सदस्यों द्वारा सीतापुर के जलान एलेवन क्रिकेट टीम व छिबरामऊ क्रिकेट टीम के बीच मैच करने का फैसला लिया गया जिसमें जलान क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर के मैच में 103 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया बाद में जबाब में उतरीं छिबरामऊ क्रिकेट टीम ने मात्र 72 रन बनाकर पूरी टीम अलाउट हो गई। सीतापुर के जलान एलेवन क्रिकेट टीम ने 31 रनों से अपनी जीत दर्ज कराई टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच रोशन कुमार को दिया गया इससे पहले टूर्नामेंट आयोजकों ने समधन नगर के सपा नेता इरफान हुसैन से गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काट कर शुभारंभ कराया सपा नेता का कमेटी के लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर ढोल नगाड़े की धुन में घोड़ी पर बैठाकर जोरदार स्वागत किया गया इसी दौरान इरफान हुसैन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं की छिपी प्रतिभाओं में निखार आता है और खेल के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक विकास होता है। ऐसे खेलों में युवाओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर टूर्नामेंट कमेटी के उम्मीद हसन अल्लाह रक्खा,शीरु, इमरान (बन्ना),रूकसाद पहलवान, नफीस बम्बईया, अब्दुल्ला खान के अलावा आदिल परवेज आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने स्कूल व घर को बनाया निशाना, पार किया सामान

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में सोमवार की रात दो चोरी की वारदातें हुईं, चोर एक प्राइमरी स्कूल की रसोई तथा एक घर को निशाना बनाते हुए सारा सामान चोरी करके निकल गए, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है ग्राम खानपुर चौबे स्थित प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक कौशलेंद्र मिश्र ने बताया कि अज्ञात चोरों ने रसोई घर का ताला तोड़कर मिड-डे मील का पूरा सामान चुरा लिया। चोरी हुए सामान में गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, विभिन्न आकार के 4 भगौने (ढक्कन सहित), 2 तसले, 32 बच्चों की थालियां, 30 गिलास, मसालदानी समेत सभी मसाले, लगभग 75 किलो चावल, 30 किलो आटा और एक बाल्टी शामिल है। इस घटना से स्कूल में बच्चों के मध्यान्ह भोजन संचालन में गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। कौशलेंद्र मिश्र ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। लेकिन पुलिस में अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के बहवलपुर चौकी अंतर्गत पटेल नगर वार्ड में हुई। वहां के निवासी पंकज कुमार पाठक पुत्र रामनरेश पाठक ने बताया कि 19 जनवरी को वह अपने पैतृक गांव हाथिन गए थे।

घर लौटने पर पता चला कि अज्ञात चोरों ने खिड़की की रेलिंग तोड़कर अंदर घुसकर कपड़े, बर्तन, साड़ी, चूल्हा, एक जोड़ी सोने की चूड़ी और 75 हजार रुपये नगद चुरा लिए। पड़ोसियों ने सुबह सूचना दी। पंकज ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

# मुफ्त जांच के नाम पर हो रही अवैध वसूली, मरीज नाराज

## सीएचसी में खून की जांच के नाम पर 20 से 30 रुपए की वसूली का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सरकारी निशुल्क चिकित्सा के दावों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यहां जांच के नाम पर कर्मचारी गरीब मरीजों से 20 से 30 रुपये तक अवैध वसूली कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। मरीजों ने खुलासा किया कि लैब और जांच केंद्रों पर तैनात कर्मचारी पैसे मांगते हैं। विरोध करने पर उन्हें झूठ बोलकर गुमराह किया जाता है कि यह सरकारी शुल्क है, जो विभाग में जमा होता है। कई मरीजों जैसे उमा दुबे और तनवीर यादव ने बताया कि दूर-दराज से आने वाले गरीब मरीजों को रसीद के बहाने टाल दिया जाता है और उनकी जेबें ढीली कराई जाती हैं। लोगों का आरोप है कि सरकारी अस्पताल अब कमाई के अड्डे बन चुके हैं। कुछ स्वास्थ्य कर्मचारी सरकारी तनख्वाह के अलावा गरीबों से छोटी-छोटी रकम वसूलकर मुनाफा कमा रहे हैं। इसके अलावा जांच कराने आए मरीजों को जमीन पर बैठकर रिपोर्ट का इंतजार करना पड़ता है, क्योंकि वहां बैठने की व्यवस्था तक नहीं है। ऐसे में उपचार कराने आए मरीज जमीन में बैठकर अपने साथ अन्य संक्रमण बैक्टीरिया लेकर वापस घर जाते हैं, जिससे वह और ज्यादा गंभीर बीमार हो सकते हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल मिश्रा ने इन आरोपों को गंभीर बताते हुए कहा अस्पताल में केवल 1 रुपये का पर्चा बनता है। जांच, दवा या उपचार के लिए कोई शुल्क नहीं है। यदि कोई कर्मचारी पैसे मांग रहा है, तो यह पूरी तरह अवैध है। मामले की जांच कर आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए अशोक वर्मा



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद पर भाजपा ने अपना कब्जा बरकरार रखा। अशोक वर्मा दूसरी बार इसके निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। भाजपा नेताओं ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। मंगलवार को ब्लाक तालग्राम के ग्राम तेराजाकेट स्थित कार्यालय पर भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। जिसमें भाजपा प्रत्याशी अशोक वर्मा ने नायब तहसीलदार छिबरामऊ को अपना नामांकन पत्र सौपा। समय सीमा के तहत कोई दूसरा नामांकन ना होने पर अशोक वर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। लगातार दूसरी बार उनके अध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाजपाइयों ने खुशी जताई और उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। भाजपा ने लगातार दूसरी बार यहां पर अपना कब्जा बरकरार रखा। इस दौरान ब्लाक प्रमुख राजीव ठाकुर, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, संतोष चतुर्वेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, चेयरमैन प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, हरनाथ सिंह आदि उनकी जीत पर खुशी जताई और नवनिर्वाचित अध्यक्ष को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

### फांसी के फंदे से लटका मिला महिला का शव

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ कस्बे में 32 वर्षीय विवाहिता का शव किचन में फांसी के फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विशुनगढ़ कस्बा के मोहल्ला बाथम निवासी प्रदीप बाथम की 32 वर्षिय पत्नी मोहिनी देवी ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि परिवार के सभी लोग खाना खा कर सो गए थे। रात में मोहिनी ने रसोई के कुंडे से दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सुबह पति प्रदीप जब जागे तो पत्नी बिस्तर पर नहीं मिली। खोजबीन पर रसोई में उन्हें मोहिनी फंदे पर लटकी हुई मिली। उनकी चीख सुनकर परिजन पहुंचे और तुरंत मायके पक्ष तथा विशुनगढ़ थाना पुलिस को सूचित किया। मायके वाले भी मौके पर पहुंचे। प्रदीप–मोहिनी की शादी 12 वर्ष पूर्व मैनपुरी जिले के नगला ढकन गांव में हुई थी। मोहिनी अपने पीछे तीन बच्चों पुत्र मानस, अवी और पुत्री शिवांगी को रोता बिलखता छोड़ गई हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### पेट्रोल पंप के नोजल पाइप को क्षतिग्रस्त करने का आरोप

**कोंच (जालौन)।** कैलिया बाईपास पर स्थित एक पेट्रोल पंप की फ्यूल सप्लाई करने वाली नोजल के पाइप को क्षतिग्रस्त कर देने की घटना प्रकाश में आई है। पूरी घटना पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पंप मालिक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दे दी। पुलिस मामले की जांचकर कार्रवाई की बात कह रही है। कस्बे के कैलिया बाईपास पर आराजी लेन इलाके में ओम साईं राम पेट्रोल पंप स्थित है। पंप के मालिक नरेंद्र कुमार अग्रवाल ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें बताया कि वह दिव्यांगजन व्यक्ति है एवं ओम साईं राम सेल्स, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप जो 103/4 आराजी लेन कोंच में स्थित है, का मालिक है। पेट्रोल पंप परिसर के भूखंड में बाउंड्री बाल की ऊंचाई और कैनोपी फाउंडेशन निर्माण के कार्य में आराजी लेन के रहने वाले एक व्यक्ति एवं उसके कुछ साथी रुकावट उत्पन्न कर रहे हैं। सोमवार तड़के करीब तीन बजे उक्त व्यक्ति का दामाद उसके पेट्रोल पंप पर आया और आगजनी की मंशा से मशीन की नोजल की पाइपलाइन को कुल्हाड़ी से क्षतिग्रस्त कर दिया है। जिस वजह से काफी मात्रा में पेट्रोल बह गया है। पेट्रोलियम पदार्थ होने के नाते कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

# अब बस स्टैंड पर रुकेंगी उरई-हमीरपुर मार्ग पर चलने वाली बसें

**उरई ,जालौन।** उरई से हमीरपुर जाने वाली परिवहन बसों द्वारा यात्रियों को निर्धारित बस स्टैंड के बजाय मेडिकल चौराहा पर उतारे जाने की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की गई है। समाजसेवी मोहम्मद अशफाक राईन द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई गई जनहित शिकायत के बाद संबंधित अधिकारियों ने आदेश जारी किया, जिसके तहत अब सभी बसें निर्धारित बस स्टैंड तक ही संचालित होंगी। इससे महिलाओं, बच्चों व आम यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। समाजसेवी अशफाक राईन ने इस त्वरित व जनहितकारी कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे जनता का शासन पर विश्वास और मजबूत हुआ है।

# रामेंद्र सिंह चौहान का निर्विरोध अध्यक्ष बनना तय

**सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. के अध्यक्ष पद का चुनाव**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**





सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. अध्यक्ष पद के नामांकन की प्रक्रिया खंड विकास कार्यालय में शुरू हुई। निर्धारित समय तक सिर्फ भाजपा समर्थित एक प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया। ऐसे में अब उनका निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय माना जा रहा है। अब सिर्फ उनके नाम की औपचारिक घोषणा होनी ही शेष बची है। आरओ नायब तहसीलदार रामप्रकाश एआरओ खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी व पूर्ति निरीक्षक सौरभ गुप्ता की मौजूदगी में मंगलवार की सुबह 10 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। खुबरियापुर गांव निवासी रामेंद्र सिंह चौहान ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके प्रस्तावक विनोद दीक्षित, जबकि उनका अनुमोदन रामानंद कठेरिया ने किया। नामांकन प्रक्रिया के निर्धारित समय तक सिर्फ एक ही नामांकन होने से अब रामेंद्र सिंह चौहान का निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय है। 21 जनवरी को नामांकन पत्र की जांच होगी और जांच के बाद उनके अध्यक्ष बनने की विधिवत घोषणा हो सकती है। उनके निर्विरोध निर्वाचन तय होते ही भाजपा विधायक अर्चना पांडेय दर्जनों समर्थकों के साथ खंड विकास कार्यालय पहुंची। उन्होंने संभावित अध्यक्ष रामेंद्र सिंह चौहान को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान उनके समर्थकों ने माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त पूर्व प्रधान राजपाल सिंह चौहान, सोसाइटी अध्यक्ष मुनीष मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल, पूर्व अध्यक्ष आनंद गुप्ता, शिवकुमार सिंह, सुनील सिंह, शैलेंद्र सिंह गौर, राकेश मिश्रा, विवेक दुबे, सभासद पंकज दुबे, रजनेश दुबे, नागेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# देवी मंदिर के चबूतरे के पुर्ननिर्माण को लेकर विवाद

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कोंच तहसील के भदारी गांव में देवी मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर विवाद सामने आया है। गांव के ग्रामीणों ने मंदिर और मंदिर के चबूतरे के निर्माण में कुछ पड़ोसियों द्वारा बाधा उत्पन्न किए जाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को एसडीएम ज्योति सिंह से शिकायत की है और मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भदारी गांव में स्थित एक प्राचीन देवी मंदिर का पुनः निर्माण कार्य ग्रामीणों के सहयोग से कराया जा रहा है।

मंदिर परिसर में पहले से मौजूद कच्चे चबूतरे को पक्का बनाए जाने का कार्य भी चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसी दौरान कुछ पड़ोसी लोग निर्माण कार्य में अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप कर रहे हैं और मंदिर की जमीन को अपनी निजी भूमि बताते हुए कार्य रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं। इससे गांव में तनाव की स्थिति बन रही है और धार्मिक आस्था से जुड़ा कार्य बाधित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर लंबे समय से उसी स्थान पर स्थित है और गांव के सभी लोग वहां पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। बावजूद इसके, कुछ लोगों द्वारा बेवजह विवाद खड़ा किया जा रहा है। इस संबंध में अमरदीप, अनिल कुमार, रामशरण, पवन कुमार, शेर सिंह, जगत सिंह, राम प्रताप, देवी दयाल, मूलचंद्र, सोनू सहित अन्य ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपते हुए निष्पक्ष जांच कराकर मंदिर निर्माण कार्य को सुचारू रूप से जारी कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर विवाद का समाधान निकालने और दोषियों के खिलाफकार्रवाई किए जाने की अपील की है, ताकि गांव में शांति व्यवस्था बनी रहे और मंदिर निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के पूरा हो सके।

**न्यायालय तहसीलदार कायमगंज।**

वाद संख्या 580/2014

अन्तर्गत धारा 34 एल0आर0 एक्ट
मौजा-गिर्द कायमगंज
परगना कम्पिल

तजम्मुल हुसैन पुत्र तफज्जुल हुसैन खां निवासी मो0 काजम खां परगना कम्पिल

बनाम

नरगिस जमाल पत्नी अजपारुल खां आदि नि0मो0काजम खां परगना कम्पिल

निम्नलिखित को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में पारित आदेश दिनांक 9.11.2023, 6.2.2015, 16.2.2015 के विरूद्ध श्री अजय अग्रवाल पुत्र हरेराम अग्रवाल निवासी मो0 पृथ्वीदरवाजा कायमगंज हाल नि0 ई 104 फर्स्ट फलोर, अहिंसा खण्ड इंदिरापुरम गाजियाबाद 30प्र0 द्वारा तजवीजसानी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसमे तिथि 12.1.2026 नियत है। नियत तिथि दिनांक 12.1.2026 को जिस किसी भी पक्ष को एतराज हो, न्यायालय में प्रात 10:30 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। उपस्थित न होने की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही कर दी जावेगी।

1- कु0कशिष नावा उम्र 17 वर्ष पुत्री सफदर हुसैन खां संरक्षक माता स्वय सगमा बेगम पत्नी सफदर हुसैन खां नि0 काजमखां कायगगंज।
2- कु0रिया खानम पुत्री सफदर हुसैन खां निवासी काजम खां कस्वा कायमगंज
3- कु0सनाखानम पुत्री सफदर वा नि0काजम खां कस्बा कायमगंज
4- कु0इकराखान पुत्री सफदर हुसैन खां नि0 काजम खां कस्वा कायमगंज
5- रागमा बेगम पत्नी सफदर हुसैन खां नि0 काजम खां कस्वा कायमगंज
6- श्री सोहराव हुसैन पुत्र सफदर हुसैन खा नि0 काजम खां कस्वा कायमगंज
7- आयशा सिददी बेगम पत्नी फिदा हुसैन खां नि0काजम खां कस्वा कायमगंज
8- हामिद हुसैन खां पुत्र फिदा हुसैन खा नि0 काजम खां कस्वा कायमगंज
9- वाजिद हुसैन खां पुत्र फिदा हुसैन खां नि0 काजम खां कस्वा कायमगंज
10-इक्तिदार हुसैन खां पुत्र फिदा हुसैन खां नि0काजम खां कस्वा कायमगंज
11-इफतयार हुसैन खा पुत्र फिदा हुसैन खां नि0 काजम खां कस्वा कायमगंज
12-तजम्मुल हुसैन खां पुत्र तफज्जुल हुसैन खां नि0मु0 काजम खां कस्वा कायमगंज

तहसीलदार,
कायमगंज

# डीएम ने जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति का लिया जायजा

**ग्रामों में योजनाओं का जमीनी सत्यापन, जनचौपाल में जनता से सीधा संवाद**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने आज विकास खण्ड रामपुरा के ग्राम बिजुआपुर एवं ग्राम बावली का स्थलीय भ्रमण कर गलियों में पैदल घूमते हुए केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर आवास, पेंशन, राशन, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की।

इसके उपरांत ग्राम पंचायत कंझारी में आयोजित जनचौपाल में जिलाधिकारी ने ग्राम में कराए गए विकास कार्यों का सत्यापन कराया तथा ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र लाभार्थी को योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि ग्राम में खेल मैदान उपलब्ध नहीं है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 31 मार्च 2026 तक खेल मैदान निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बालिका की बात सुनकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक ने उसे अपने पास बैठाया और सार्वजनिक मंच से घोषणा की कि इस बेटी की शिक्षा से लेकर समस्त खर्च जिला प्रशासन वहन करेगी।

## नगर में किरकिरी होने के बाद ईओ ने ठेकेदारों को लगायी फटकार

**कोंच ,जालौन।** नगर पालिका के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की लगातार उड़ती धज्जियां और हर मोर्चे पर किरकिरी होने के बाद अब जाकर पालिका प्रशासन चेता है और ठेकेदार फटकारे गए हैं। निशाने पर अवर अभियंता भी रहे जिन्हें दो टूक अल्टीमेटम दिया गया कि अपनी देखरेख में सही काम कराएं। नगरपालिका की अधिशासी अधिकारी ने सोमवार को इन सभी की कक्षा लगाकर अपना-अपना काम ठीक ढंग से करने की हिदायत दी है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मोनिका उमराव ने सोमवार को पालिका परिषद के सभाकक्ष में पालिका के ठेकेदारों और अवर अभियंता की क्लास लगाई और काम करने के तरीके की घुट्टी पिलाई। उन्होंने कड़े लहजे में कहा, नगर में हो रहे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें, मानकों की अनदेखी भारी पड़ेगी। अवर अभियंता को कड़े शब्दों में हिदायत दी गई कि अपनी देखरेख और पर्यवेक्षण में सही काम कराएं।

# एसपी ने की फायर सर्विस कार्ययोजना की समीक्षा

**आपात स्थितियों से निपटने पर दिया जोर**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने फायर सर्विस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर फायर सर्विस की कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान आपातकालीन परिस्थितियों एवं आगजनी की घटनाओं से निपटने हेतु की गई तैयारियों, रिस्पांस टाइम, जन-जागरूकता कार्यक्रमों तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान फायर सर्विस में उपलब्ध फायर टेंडर, पम्प, रेस्क्यू उपकरण, सुरक्षा किट सहित अन्य आवश्यक उपकरणों की भी गहन जांच की गई। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सभी उपकरणों की नियमित जांच एवं रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही समय- समय पर मॉक ड्रिल आयोजित कर तैयारियों को और मजबूत करने पर जोर दिया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की जा सके। एसपी विनोद कुमार ने फायर सर्विस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहते हुए आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

उन्होंने विभागीय समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि समन्वित प्रयासों से ही आपदा की स्थिति में नुकसान को न्यूनतम किया जा सकता है।

## नाराज़ ग्रामीणों को समझाकर विधायक ने धरना कराया समाप्त



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सड़क का निर्माण न होने से नाराज ग्रामीण दूसरे दिन भी धरने पर बैठे थे लेकिन विधायक ने पहुंचकर अधिकारियों से वार्ता की और ग्रामीणों को समझाया जिस पर उन्होंने धरना समाप्त कर दिया। क्षेत्र के ग्राम बनियानी में नवोदय विद्यालय जाने वाले मार्ग का पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण किया जा रहा था लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने उक्त जमीन को अपनी बताकर सड़क का निर्माण रोक दिया था। जिससे नाराज तमाम ग्रामीणों ने सोमवार से धरना शुरू कर दिया था। सोमवार को पूरे दिन चले धरने के बाद ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की थी। मंगलवार को विधायक अर्चना पांडे गांव पहुंची और प्रधान अनिल कुमार सिंह सहित अन्य ग्रामीणों से वार्ता की। इसके बाद उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों और वन विभाग के अधिकारियों से वार्ता की। विधायक ने ग्रामीणों को समझाया और आश्वासन दिया कि ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए सड़क का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि सरकार पूरी तरह से विकास कार्यों के प्रति कटिबंध। सड़क का निर्माण हर हाल में कराया जाएगा इसके लिए धरना प्रदर्शन की आवश्यकता नहीं है। वह जनता की भावनाओं को समझती हैं और उनके हित में ही काम होगा। समझाएं जाने के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया।

**कार्यालय-नगर पंचायत-खिमसेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः-390/न0पं0खिम/ई0नि0सू0/2025-26 दिनांक 20/01/2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-586ध2026/नौ-5-2026/001-Com.No-1873679, नगर विकास अनुभाग- 5, लखनऊ दिनांक 17 जनवरी, 2026 द्वारा पेयजल व्यवस्था से सम्बन्धित कार्यो को कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद में वर्ष 2025-26 में समस्त ठेकेदारों/फर्मो/सप्लायर्स से ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से **दिनांक 21/01/2026 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 20/02/2026 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। टेण्डर मूल्य नगर पंचायत खिमसेपुर द्वारा संचालित खाता संख्या-SB041810210000036, IFS Code-BKID0ARYAGB आर्यावर्त बैंक खिमसेपुर में आर.टी.जी.एस./ डी.डी. द्वारा जमाकर निविदा के साथ अपलोड करेंगें एवं निविदा की जमानत धनराशि एफ.डी.आर./ एम.एस.सी.05 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खिमसेपुर के पक्ष में बन्धक बनाकर अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ संलग्न कर निविदा के साथ अपलोड करने के पश्चात मूल अभिलेखों को लिफाफे में बन्द कर दिनांक **20/02/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे** तक कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य हैं। ऑनलाईन निविदा **दिनांक 20/02/2026 को समय अपरान्ह 04:00 बजे** समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष www.etender.up.nic.in पर कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय/ अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत खिमसेपुर में निहित है। विस्तृत शर्ते, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पं0खिम0/2025-26 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bids | 21.01.2026 10:00 A.M. |
| Last Date Time For Submission of E-Bids | 20.02.2026 12:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 20.02.2026 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Executive Officer Nagar Panchayat Khimsepur, Farrukhabad |

(डा0 लव कुमार मिश्र )
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रुखाबाद।

(पुष्पराज सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रुखाबाद।

# बार काउंसिल ऑफ उ.प्र. के सदस्य पद हेतु हुए मतदान में 531 अधिवक्ताओं ने डाले वोट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बार काउंसिल ऑफ उ0प्र0 के सदस्य पद के चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान शुरू हो गया। मतगणना सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चली। पहले दिन 1648 मतों में कुल 531 वोट पड़े। शाम 5 बजे मतदान समाप्ति के बाद जिला जज नीरज कुमार, अपर जिला जज द्वितीय अभिनितम उपाध्याय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने मतदान का जायजा लिया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जिला जज से बेरीकेडिंग करवाने की मांग की। वहीं जिला जज ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। शेष मतदान आज होगा। बार काउंसिल ऑफ उ0प्र0 के सदस्य पद के चुनाव के लिए मतदान मंगलवार को हुआ। पहले दिन कुल 1648 मतों में से 531 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में हुई। इस दौरान पुलिस के साथ पीएससी की भी तैनाती की गयी। अधिवक्ताओं को गहन जांच-पड़ताल के बाद ही मतदान केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। कचहरी परिसर में सुबह 9 बजे से ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। जिसमें चार पहिया और दो पहिया वाहनों को गेट पर ही रोका गया। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल चुनाव के मद्देनजर 20 और 21 जनवरी 2026 को अधिवक्ताओं का न्यायिक कार्य स्थगित रहा। बार एसोसिएशन के सभागार को मतदान केंद्र बनाया गया है। निर्वाचन अधिकारी शैलेंद्र सचान की निगरानी में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई गयी। बड़ी संख्या में अधिवक्ता मतदान के लिए पहुंचे हैं। मतदान केंद्र के बाहर कई अधिवक्ता अपने-अपने प्रत्याशियों के समर्थन में तख्तियां लेकर खड़े थे और वोटरों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे थे। बार एसोसिएशन के बाहर मतदाता सूची में नाम देखने और पर्ची लेने के लिए कैंप भी लगाए गए थे।

फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी रणविजय सिंह सहित महिला पुलिसकर्मी भी बड़ी संख्या में तैनात हैं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शशि भूषण दीक्षित भी परिसर के बाहर मौजूद हैं। शेष अधिवक्ता आज मतदान करेंगे।


मतदान का जायजा लेते जिला जज

## भाकृए ने मेला श्रीरामनगरिया में व्याप्त समस्याओं पर की चर्चा


मेला श्रीरामनगरिया में बैठक करते पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय कृषक एसोशिएशन अराजनैति के राष्टीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ कैम्प कार्यालय माँ भगीरथी के तट पाँचालघाट मेला रामनगरिया में पहुँचे। जहाँ कैम्प लगाकर एक बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने कहा मेला रामनगरिया में सफाई व्यवस्था की जाए, मेला प्रांगण में छोटे वाहनों से अवैध वसूली, मेले में लाइट जैसी आदि व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान संगठन के राष्टीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे, राष्टीय महासचिव रामवीर जाटव, अहिलकार, शिवमंगल राजपूत, सुरेन्द्र सिंह, मधू, सुनीता दुबे, उदयवीर सिंह, छविराम, रतीराम, पेशकार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पॉक्सो व दुष्कर्म के आरोपी को दस वर्ष का कारावास

- दस हजार रुपए के अर्थदंड से भी किया गया दंडित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम न्यायाधीश मेराज अहमद ने सलमान उर्फ भूरा पुत्र अनोखे लाल निवासी ग्राम पपड़ी कायमगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

बीते नौ वर्षों पूर्व कोतवाली कायमगंज के ग्राम युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी पत्नी व दस वर्षीय पुत्री 07 मई 2017 को बरामदे में सो रही थी, तभी सलमान जो कि घर की छत से नीचे आकर मेरी पुत्री का मुंह दबाकर जबरदस्ती गलत काम किया।

चीख पुकार की आवाज सुनकर घर के परिजन आ गए। जिस पर आरोपी भाग गया। पुत्री की हालत ज्यादा गंभीर हो गई। उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में इलाज कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता विकास कटियार की कुशल पैरवी के आधार न्यायाधीश ने सलमान उर्फ भूरा को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

## बाइकों की टक्कर में दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव बुनियादपुर कुआंखेड़ा खास निवासी गौरव उम्र 28 वर्षीय पुत्र रमाकान्त अपने गाँव के साथी राहुल उम्र 18 वर्षीय पुत्र सुभाष चन्द कठेरिया के साथ बाइक द्वारा ढाईघाट रामनगरिया मेले से भंडारे से प्रसाद खाकर अपने घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह गाँव नियामतपुर बक्शी के पास पहुँचा, तभी सामने से आ रहे अज्ञात बाइक चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


घायल युवक

## धूप खिलने से मेला श्रीरामनगरिया में बढ़ी रौनक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दो दिनों से खिली धूप ने मेला श्रीरामनगरिया में रौनक बढ़ा दी है। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से लोगों ने पहुंचकर मेले मनोरंजन के साधन झूलों, सर्कस, जादू, मौत का कुआं आदि का लुत्फ लिया और घरेलू वस्तुओं की खरीददारी की।

बीच में मौसम खुलने के बाद अचानक फिर गड़बड़ा गया। जिससे मेला श्रीरामगरिया में दूरदराज से आये दुकानदारों के चेहरे मुरझा गये थे। उनकी दुकानदारी फीकी पड़ गयी थी। अचानक दो दिनों से खिली धूप ने मेले में फिर रौनक बढ़ा दी है। दूरदराज से आकर श्रद्धालुओं ने गंगा में डूबकी लगायी और मेले में कथा आदि का आयोजन कराया। बच्चों व युवाओं ने झूलों का आनन्द लिया। महिलाओं ने घरेलू वस्तुओं की जमकर खरीददारी की। धूप खिलने के बाद दुकानदारों की बिक्री भी एकाएक बढ़ गयी। जिससे दुकानदारों ने राहत की सांस ली।

दुकानदारों का कहना है कि धूप खिलने से उनकी बिक्री बढ़ जाती है। भीड़ को देखते हुए मेले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया था। पुल पर पुलिस बल की तैनाती के बावजूद रुक-रुककर जाम लगता रहा। रामनगरिया प्रभारी भूलेंद्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने जाम खुलवाया। बताते चलें कि अब मेले में दिन पर दिन भीड़ बढ़ेगी, क्योंकि मेले की अवधि मात्र तेरह दिन ही शेष रह गयी है।

भीड़ को देखते हुए मेला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किये हैं।


मेला श्रीरामनगरिया में मौजूद लोग

## बार काउंसिल चुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा में हुआ मतदान

- सिविल जज की निगरानी में पड़े वोट, परिसर के बाहर तैनाती रही पुलिस


मतदान का जायजा लेते सीओ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश बार काउंसिल चुनाव के लिए मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान हुआ। मुंसिफ कोर्ट की सिविल जज जूनियर डिवीजन माला कुमारी की निगरानी में अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

सुबह से ही तहसील और कोर्ट परिसर में वकीलों का जमावड़ा शुरू हो गया था। बार काउंसिल चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में भारी उत्साह और गहमागहमी देखी गई। हालांकि कोर्ट परिसर के बाहर 100 मीटर की दूरी पर प्रत्याशियों के समर्थकों ने जमकर प्रचार किया।

जिससे पूरी सड़क बैनर और पोस्टरों से पटी रही। इस चुनाव में कुल 222 मतदाता पंजीकृत थे। जिन्होंने अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट डाले। सिविल जज की निगरानी के कारण पूरी मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रही। संवेदनशील चुनाव को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए गए थे। क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी और इंस्पेक्टर लॉ एंड ऑर्डर मोहम्मद कामिल ने स्वयं मोर्चा संभाला। उनके साथ कस्बा चौकी प्रभारी सोमवीर सिंह, एसआई शमीमुद्दीन और भारी पुलिस बल मतदान स्थल पर तैनात रहा। चुनाव के दौरान मनोज यादव, पेशकार शिवकुमार तिवारी और नाजिर राहुल गंगवार भी मौजूद रहे।

## तमंचा व कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने एक अभियुक्त को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दिनांक 19.01.2026 को स्थानीय पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अर्जुन गिहार पुत्र खुशीराम निवासी महरुपुर रावी थाना कमालगंज को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर के बरामद हुए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया।


पुलिस हिरासत में तमंचा के साथ अभियुक्त

## मासिक बैठक में की गयी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को एएनएम के साथ एक मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा और आगामी योजनाओं पर चर्चा करना था। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

इनमें टीकाकरण अभियान को गति देना, आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को सुगम बनाना और गर्भवती महिलाओं के नियमित टीकाकरण को सुनिश्चित करना शामिल था। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य की डॉक्टर दीप्ति, एआरओ सुंदरम, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर लोकेश शर्मा, बीसीएम पीयूष दीक्षित और बीसीपीएम प्रदीप कुमार उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त, एएनएम गुंजन, अनीता, कल्पना, अल्पना और अर्वंतिका सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी बैठक में मौजूद थे।


बैठक लेते चिकित्सा प्रभारी व अन्य

## शराबी पति ने पत्नी को लाठी-डंडों से पीटकर किया लहूलुहान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मंझना गांव में किराए पर रह रहे ई-रिक्शा चालक ने सोमवार रात नशे में अपनी पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। नगला पाल निवासी पीड़िता ने जब पति के नशे का विरोध किया, तो आरोपी ने उसे लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मंगलवार को मां के साथ थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भागवत कथा के शुभारंभ पर निकली शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला श्रीरामनगरिया पांचाल घाट में बालाजी व अन्य क्षेत्र कुरुक्षेत्र हरियाणा में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इसके उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। मेले में पधारे सभी साधु संत व कल्पवासियों ने शामिल होकर शोभायात्रा की रौनक बढ़ायी। इसके अलावा कई श्रद्धालुओं ने भी शोभायात्रा में भाग लिया। जिसमें महंत सौरभपुरी महाराज, कथा व्यास पंडित मायाराम त्रिवेदी, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, नन्हें सिंह, महिपाल सिंह, इंद्रप्रकाश दुबे, रमेश सिंह, रघुवीर सिंह, वीरपाल चौहान, अखिलेश कुमार मिश्रा आदि भक्तगण मौजूद रहे। बताते चलें कि मेला श्रीरामनगरिया में कल्पवासियों व साधु संतों द्वारा भजन, कीर्तन व कथाएं करने का दौर जारी है। कल्पवासी कहीं कथा करवा रहे हैं, तो कहीं भागवत। कुल मिलाकर मेला श्रीरामनगरिया का माहौल आध्यात्मिक बना हुआ है।


भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर निकलती शोभायात्रा

## भूमि विकास बैंक के शाखा प्रबंधक के लिए हुए नामांकन

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदाबाद ब्लॉक में मंगलवार को उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास एवं भूमि विकास बैंक के शाखा प्रबंधक पद के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई। करथिया निवासी वीरेंद्र पाल सिंह ने इस पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया।

वीरेंद्र पाल सिंह ने भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर के साथ नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने नोडल अधिकारी राघवेन्द्र सिंह (जिला उद्योग आलू साग भाजी विकास अधिकारी आरओ) खण्ड शिक्षा अधिकारी भारती शाक्य और भूमि विकास बैंक के शाखा प्रबंधक अमित गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। नामांकन प्रक्रिया के दौरान दोपहर तीन बजे तक केवल वीरेंद्र पाल सिंह का ही नामांकन प्राप्त हुआ। नामांकन पत्रों की जांच के बाद वीरेंद्र पाल सिंह का निर्विरोध निर्वाचित होना लगभग तय माना जा रहा है। इस अवसर पर बीडीओ त्रिलोकी चंद, डीएसपी अजय वर्मा और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।


नामांकन करते वीरेंद्र पाल सिंह व मौजूद भोजपुर विधायक

## भीम आर्मी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष जयद्रत्त अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ तहसील परिसर मे पहुँचकर उपजिलाधिकारी अतुल कुमार को प्रार्थना पत्र सौंपकर कहा है कि मुन्नालाल, मनोहर लाल निवासी ग्राम ज्योना थाना कायमगंज की जमीन पर जबरन कब्जा किया है। तत्काल प्रभाव से कब्जा हटवाया जाए। इस दौरान आर्मी जिला अध्यक्ष जयद्रथ कुमार, उपाध्याय रजनीश गौतम, तहसील अध्यक्ष सूर्यकांत, नगर अध्यक्ष गोविंद, मीडिया प्रभारी रवि कुमार, जिला प्रचारक अनुराग, जिला पंचायत दो नंबर वार्ड प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप, मंडल अध्यक्ष कर्मवीर उर्फ पिंटू जाटव, जिला प्रवक्ता पवन कुमार, जिला प्रचारक मोतीलाल पाठशाला, प्रभारी वीर सिंह मुन्नालाल आदि लोग मौजूद रहे।

## आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में पति व देवरानी को पांच-पांच वर्ष का कारावास

- बीस बीस हजार रुपए के अर्थदंड से भी किया दंडित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार ने जहरूदीन पुत्र अली शेर, काड़ी उर्फ रूकसाना पत्नी शकुरद्दीन निवासीगण सुल्तानपुर पलनापर कम्पिल को दोषी करार देते हुए पांच पांच वर्ष का कारावास व बीस-बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते नौ वर्ष पूर्व थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर पलनापुर निवासी शाकिर अली पुत्र पंडे ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मैने अपनी लड़की शकील बानो की शादी अपने गांव में जहरुहदीन के साथ की थी। पुत्री के ससुरलीजन उसे हमेशा परेशान करते रहते थे दिनांक 5 नवंबर 2017 को पुत्री का झगड़ा उसके पति, जेठ, देवर, देवरानी से हुआ था। उक्त लोगों को समझाया था। उक्त लोगों ने मेरी पुत्री की हत्या कर शव को लटका दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता पंकज कटियार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश ने जहरुहदीन, काड़ी उर्फ रूकसाना को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर पांच-पांच का कारावास व बीस-बीस हजार रुपए के अर्थदंड दंडित किया।



## ईओ ने सफाई नायकों, स्वास्थ्य टीम व एसबीएम सेल के साथ की बैठक


बैठक लेते अधिशाषी अधिकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अधिशाषी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्रा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को दृष्टिगत रखते हुए समस्त सफाई नायकों, स्वास्थ्य विभाग की टीम व एसबीएम सेल के साथ बैठक की गई। जिसमें स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की टूल किट के मुख्य बिंदुओं व पालिका में किए आगामी दिवसों में किए जाने वाले आवश्यक महत्वपूर्ण कार्यों की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने संबंधित सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्रा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल आजाद, सफाई नायक विजेन्द्र, सुभाष, उमेश मौजूद रहे।

## शरारतीतत्वों ने पीरा के महाराज की माजर की क्षतिग्रस्त

- मेरापुर थाना पुलिस व क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी ने की जांच पड़ताल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के गाँव देवसनी से कुछ ही दूर पर स्थित पीरा के महाराज की प्राचीन मजार को सोमवार देर रात्रि अज्ञात शरारतीतत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। मंगलवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर गए, तो मजार को टूटा देखकर उनमें हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना मेरापुर पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंचकर मेरापुर थाना पुलिस व क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी ने जाँच पड़ताल की। देवसनी के ग्रामीणों ने बताया कि यह मजार लगभग 200 वर्ष पुरानी है। मजार के पास एक देव स्थान भी है। गॉव में एक भी मुस्लिम परिवार न होने के बावजूद गाँव के हिन्दू परिवार ही मजार और देव स्थान पर पूजा करते रहे हैं। सोमवार को भागवत कथा के बाद भण्डारा भी हुआ। मजार को तोड़े जाने से ग्रामीण अचंभित हैं। वहीं क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।


शरारतीतत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त की गयी मजीर

# नगर में धूमधाम से निकाली गई "एक भारत श्रेष्ठ भारत" जन जागरण यात्रा

- विभिन्न प्रांतों की वेशभूषा में झांकियों में स्कूली बच्चों ने लिया भाग
- वंदे मातरम, भारत माता के जयकारों के साथ गुंजायमान हुआ शहर
- कृष्ण देवी बालिका डिग्री कालेज की छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा


यात्रा में शामिल लोग



विभिन्न प्रांत की वेशभूषा में मौजूद बालिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में नगर में धूमधाम से निकाली गई। यात्रा में विभिन्न प्रांतों की वेशभूषा में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। पाण्डेश्वर नाथ मंदिर से एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा शुरु होकर भारतीय संस्कृति की छठा विखेरते हुए बद्री विशाल महाविद्यालय के समीप स्वराज कुटीर तक निकाली गई। विभिन्न तरह की पोशाक पहने बच्चों ने भाग लिया। कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यात्रा में शहर के गणमान्य नागरिक व विभिन्न संस्थाओं के लोगों ने भाग लिया। कश्मीर से कन्याकुमारी, गुजरात, असम, उत्तर प्रदेश, पंजाब आदि प्रांतों की वेशभूषा में लोग नजर आये। अयोध्या से आयी मण्डलीय द्वारा नेतृत्य आकर्षण केंद्र रहा। यात्रा में कृष्णा देवी बालिका महाविद्यालय लोहिया पुरम आवास विकास की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय कृष्णा देवी की छात्राएं महाराष्ट्रीयन और बांग्ला वेशभूषा में सम्मिलित हुई। नये भारत व पंच परिवर्तन का संकल्प पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन, स्वदेशी अपनाओ, संविधान के 75 वर्ष का शांति संदेश, अयोध्या की दिवारी, मुन्नालाल राठौर का आल्हा, नब्बू की भजन मण्डली एवं संस्कार भारती के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक दीपक मिश्रा ने व्यवस्था देखी। प्रांतीय पदाधिकारी सुरेन्द्र पाण्डेय, अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह राठौर, गौरव मिश्रा आदि पदाधिकारी शोभायात्रा में आगे-आगे चल रहे थे। रेलवे रोड, चौक व नेहरु रोड पर संजय गर्ग ने अपने प्रतिष्ठान के बाहर यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। दीप संस्था प्रमुख निमिष टंडन ने भी यात्रा का स्वागत किया। स्वराज कुटीर में यात्रा का समापन हुआ। इस मौके पर सर्वेन्द्र शुक्ल, अखिलेश पाण्डेय, अरविन्द दीक्षित, नारायन दत्त द्विवेदी, श्वेता दुबे, सुधेश दुबे, अनुभव सारस्वत, नरेन्द्र पाण्डेय, डीएस राठौर, संदीप चतुर्वेदी, वीरेन्द्र सिंह राठौर, सुबोध वर्मा, बीके शोभा, अमन अवस्थी, गौरव मिश्रा, सुबोध शुक्ला, रविन्द्र भदौरिया, उज्जवल, नमन, पूनम शुक्ला, मनोज मिश्रा, विमलेश मिश्रा, सौरव शुक्ला, डॉ. सचिन दुबे, आदेश अवस्थी, कविता शुक्ला, रितु शुक्ला, वैभव सोमवंशी, विनोद अग्निहोत्री, विनय अग्रवाल, श्यामजी गर्ग, बबिता पाठक, रोहित शर्मा, रेखा शुक्ला, मीरा सिंह, प्रीती तिवारी, अर्चना वर्मा, चित्रा अग्निहोत्री, सरदार जगदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स, छात्रायें व विभिन्न स्कूलों के बच्चे मौजूद रहे।

## गुरुगांव देवी में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** द्वितीय दिवस गुरुगांव देवी मंदिर में आमजनमानस की भावना का आदर करते हुए गुलामी के प्रतीक नाम फर्रुखाबाद को पांचालनगर करने के लिए हस्ताक्षर अभियान जारी रहा। जिससे इस विषय पर मताधिक्य दिख सके और गुलामी का प्रतीक हमारे जनपद से धोया जा सके।

हिन्दू समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा कि हम लगातार विभिन्न मंदिरों में अभियान चलाते रहेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश मिश्र, रोहन कश्यप, अमन राजपूत, आदर्श शर्मा, बंटी शाक्य, सोनू शाक्य आदि उपस्थित रहे।

# कनोडिया इंटर कॉलेज में मां सरस्वती पूजन व गायत्री यज्ञ का हुआ आयोजन


पूजन के दौरान प्रधानाचार्य व विद्वान पंडित आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी के द्वारा सरस्वती पूजन व गायत्री हवन सम्पन्न हुआ। माँ सरस्वती की अनुकम्पा से विद्यालय प्रागण में मां सरस्वती एवं माँ गायत्री का हवन एवं पाठ गायत्री परिवार के विद्वानों के द्वारा सम्पन्न कराया गया। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने हवन का आरम्भ प्रकांडो के सानिध्य में किया। उन्होंने अपने हवन पूजन पूर्व अभिभाषण में सभी उपस्थित शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को मां सरस्वती के प्राक्टय के सम्दर्भ में बताया कि बसन्त पंचमी के दिन माँ सरस्वती प्रकट हुई। जब भगबान बह्मा ने अपने कमंडल से जल छिड़क कर सृष्टि को ध्वनि एवं जीवन प्रदान करने के लिये उनका आवाह्न किया। इसके बाद उन्होने वीणा बजाकर पूरे संसार में ज्ञान का संचार किया। उसी दिवस से बसन्त पंचमी को माँ सरस्वती के जन्मोत्सव के रुप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा और सभी ने माँ सरस्वती के जन्मोत्सव हवन में आहुति अर्पित कर विद्यालय के निरन्तर अग्रसर एवं उन्नति के पथ पर निरन्तरता हेतु प्रार्थना की। इस मौके पर विद्यालय की समस्त शिक्षिकायें व कर्मचारी मौजूद रहे।


छात्राओं को जानकारी देते प्राचार्य डॉ. आरएन सिंह

## डीएन कालेज में सड़क सुरक्षा के तहत भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में सड़क सुरक्षा पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संचालन वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता विनय कुमार बाथम ने किया। प्राचार्य डॉ. आर.एन. सिंह ने छात्र एवं छात्राओं को यातायात से सम्बन्धित नियमों की जानकारी विस्तार से दी। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आरूष बी.कॉम. तथा द्वितीय एवं तृतीय स्थान फरासत हुसैन बी.कॉम. व मनु बी.ए. रहे। कार्यक्रम में शिक्षकगण डॉ. पंचम कुमार, डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, डॉ. मो अमीन, सरस पाठक, वीरभान सिंह, अनामिका मिश्रा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी रणवीर सिंह व प्रशांत कुमार उपस्थित रहे।

# दिनेश कटियार भूमि विकास बैंक के निर्विरोध चुने गये अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


नामांकन करते दिनेश कटियार मौजूद भाजपा नेता

**नहीं हुआ दूसरा नामांकन**

मंगलवार को बढ़पुर विकासखंड में सहकारिता के अंतर्गत भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कटियार ने अपना नामांकन पत्र जिला चुनाव अधिकारी सतीश कुमार को सौंपा। भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, सत्यपाल सिंह, आलू विपणन संघ सभापति विमल कटियार सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा के बाद कोई भी दूसरा नामांकन पत्र दाखिल नहीं हो सका। इसलिए पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कटियार का निर्विरोध निर्वाचन तय होना सुनिश्चित होगा। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता बढ़पुर विकासखंड के प्रांगण में मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिनेश कटियार का निर्विरोध निर्वाचन तय है।

इससे पूर्व भी वह भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। इस बार पार्टी ने फिर एक बार उनको प्रत्याशी बनाया था, किसी और का नामांकन पत्र दाखिल नहीं होने पर दिनेश कटियार अध्यक्ष बनना तय हो गया है। यह कार्यकर्ताओं के लिए आनंदित होने वाला पल है। इस दौरान विमल कटियार, रूपेश गुप्ता, डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, सत्यपाल सिंह, ठा0 वीरेंद्र सिंह राठौड़, शैलेंद्र सिंह राठौड़, राहुल राजपूत, डीएस राठौर, हिमांशु गुप्ता, प्रबल त्रिपाठी, विजेंद्र अग्निहोत्री, अभय प्रताप सिंह, डॉ0 उदय प्रताप सिंह, संजीव गुप्ता, विकास पांडे, अभिषेक बाजपेई, प्रदीप सक्सेना, अरविंद कटियार, अशनील दिवाकर, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



चौक पर मिष्ठान वितरित करती ममता सक्सेना व अन्य

भाजपा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को अध्यक्ष घोषित होने पर पार्टी कार्यालय आवास विकास व चौक पर आतिशबाजी छुड़ाकर मिठाई बांटी गयी। खुशी का इजहार करते हुए भाजपा नेताओं ने जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय पर आतिशबाजी छुड़ाकर मिष्ठान वितरित किया। वहीं त्रिपुलिया चौक पर भाजपा की वरिष्ठ नेत्री ममता सक्सेना के नेतृत्व में सजातीय बंधुओं के साथ चौक पर मिठाई बांटी गयी और आतिशबाजी छुड़ाकर खुशी की इजहार किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जिंदाबाद के नारे लगाये गये। इस दौरान पार्टी कार्यालय पर हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, विमल कटियार, संजीव गुप्ता, वीरेन्द्र सिंह राठौर, प्रबल त्रिपाठी, धीरेन्द्र वर्मा, डब्बू अग्निहोत्री, वीर बहादुर पाल, सागर गुप्ता, अमन कटियार, अभिषेक बाजपेयर, डा0 उदयप्रताप सिंह, धर्मेन्द्र राजपूत, अभिषेक बाथम, अभय कठेरिया, शिवांग रस्तोगी मौजूद रहे। वहीं चौक पर ममता सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, मुकेश सक्सेना, अशोक कुमार, शैलेन्द्र कुमार, विनोद सक्सेना, देवेन्द्र श्रीवास्तव, राजेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## विद्या रूपी आभूषण आत्मा की शोभा को बढ़ाता है: चन्द्रदेव शास्त्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रात:काल प्रमोद कुमार आर्य के यजमानत्व में यज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि ईश्वर ने इस धरती पर अनेकों आभूषण एवं रत्न उत्पन्न किए हैं, जिन्हें धारण करने से मनुष्य शोभायमान होता है। शास्त्रकारों ने कहा है कि उन सभी रत्नों में विद्या रूपी रत्न सर्वश्रेष्ठ हैं। जहाँ सोना चाँदी आदि आभूषण शरीर की शोभा को बढ़ाते हैं, वहीं विद्या रूपी आभूषण आत्मा की शोभा को बढ़ाता है। आचार्य प्रदीप शास्त्री ने बताया कि ज्ञानहीन मनुष्य की कोई कीमत नहीं होती। कु0 उदिता आर्या ने ऋषि महिमा गीत गाकर सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभा में उत्कर्ष आर्य, मंगलम आर्य, उदयराज आर्य, संदीप आर्य, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य, उपासना कटियार, अमृता आर्या आदि उपस्थित रहे।

# यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आवाह्न पर रहेगी चार दिन हड़ताल


हड़ताल की घोषणा करते बैंक कर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आवाह्न पर एक दिन की हड़ताल की घोषणा अखिल भारतीय स्तर पर की गई है। हड़ताल की मुख्य मांगें बैंक में पांच दिवसीय कार्य प्रणाली लागू करना है। हड़ताल बैंक के सभी कर्मचारी व अधिकारी यूनियन शामिल है। यह हड़ताल सरकार हटधर्मिता के कारण है, क्योंकि नवम्बर 2023 में इंडियन बैंक एसोसिएशन के साथ वार्ता में पांच दिवसीय बैंक की प्रणाली बैंक में लागू करने पर समझौता हुआ था। समझौते का प्रपत्र वित्त मंत्रालय भारत सरकार के पास विगत दो वर्षों से लंबित है। कई बार वित्त मंत्री के साथ वार्ता की कमी की गई, परन्तु समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। जिस कारण मजबूर होकर बैंक कर्मी हड़ताल पर उतरे है। इस हड़ताल की बजह से बैंक चार दिन 24, 25, 26, 27 जनवरी तक बंद रहेगी। जिससे ग्राहकों को असुविधा होगी। ग्राहकों से अपील है कि अपना बैंकिंग कार्य समय से निपटा लें। इस हड़ताल में बैंक शामिल रहेंगी। एसबीआई, बीओबी, बीओआई, सीबीआई, यूबीआई, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्रा, इंडियन ओवरसीज, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पीएनबी बैंक, यूको बैंक आदि बैंकें जनपद की शामिल है। ठंडी सड़क शाखा आईटीआई पर सभी बैंक कर्मी 27 जनवरी को एकत्र होकर हड़ताल कर प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी सचिव अंकित श्रीवास्तव ने दी है।

## सांसद पुत्र को सातनपुर आलू मण्डी का बनाया गया अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू मंडी सातनपुर में आलू आढ़ती एसोसिएशन का चुनाव मंडी प्रशासन के प्रांशू मिश्रा, राजू वर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अर्पित राजपूत (सांसद पुत्र), महामंत्री मोनी गुप्ता, उपाध्यक्ष राजीव चतुर्वेदी व संरक्षक पूर्व अध्यक्ष अजय गंगवार उर्फ सन्नू नियुक्त किए गए तथा कार्यकारिणी अगले सप्ताह में बैठक करके घोषित की जायेगी। कार्यक्रम में परषोत्तम वर्मा, वृंदावन मिश्रा, परशुराम वर्मा, शंकरलाल गुप्ता, सुभाष कटियार, बेचेलाल वर्मा, भूपसिंह यादव, प्रमोद शाक्य, रामलड़ैते राजपूत, अरविन्द राजपूत, दीपू पाल, अरुण कुमार, मलिखान सिंह, नन्हे कटियार, हरिश्चंद्र राजपूत, गौरव गंगवार, देवकीनंदन वर्मा, उदयवीर सिंह, प्रदीप राजपूत आदि लोगों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में आढ़ती मौजूद रहे। अध्यक्षता चंद्रप्रकाश उर्फ चंदू कनौजिया व संचालन रामलड़ैते राजपूत ने किया।

## डीएम ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण


सरिया की गुणवत्ता चेक करते डीएम

- प्रोजेक्ट को समय से पूरा करने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने शमसाबाद पहुंचकर स्वच्छ भारत मिशन 2.0 (शहरी) के अंतर्गत जलनिगम शहरी द्वारा निर्मित किये जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता जलनिगम शहरी द्वारा बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन 2.0 शहरी के अंतर्गत 05 एम0एल0डी0 का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है, शमसाबाद में 02 नाले है जिनका पानी इस प्लांट में आयेगा, प्रोजेक्ट के अंतर्गत कुल 3.2 किलोमीटर पाइपलाइन डाली जाएगी, ड्राइंग तैयार हो गई है, पम्पिंग स्टेशन का कार्य शुरू हो गया है, अभी कस्बे का डिस्चार्ज 4.8 एम0एल0डी0 है। डीएम ने निर्देशित किया कि प्रोजेक्ट का कार्य समय से पूरा करे, गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखे, जो सड़के खोदी जाये उन्हे पाइप डालने के तुरंत बाद मोटरेबिल किया जाये, खोदी गई सड़कों पर साइनेज लगाए जाए। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, अधिशाषी अभियंता जलनिगम शहरी व संबंधित मौजूद रहे।

# माय भारत के तहत खेलकूद प्रतियोगिता में छात्राओं को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम में सम्मानित होती छात्रायें

माय भारत की तरफ से जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय चंद्रावती इंटर कॉलेज बढ़पुर में खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि अमित राजपूत उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि कमलेश कुमारी व सोनम ने शिरकत की। अमित ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाती हैं, बल्कि उन्हें अनुशासन और टीम वर्क का भी महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाती हैं। कमलेश कुमारी ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत होते हैं। प्रधानाचार्य शिव कुमार, पीटीआई अभिषेक शाक्य आदि उपस्थित रहे। वॉलीबॉल, खो-खो, 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग, 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग, लंबीकूद बालक वर्ग, लंबीकूद बालिका वर्ग शामिल थीं। नेशनल यूथ सदस्य रचना ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन राहुल वर्मा ने किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्राओं के साथ विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा को निखारने का एक उत्कृष्ट अवसर प्राप्त हुआ। जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी ने धन्यवाद दिया।


श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी

## महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर करणी सेना ने माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महाराणा प्रताप की पूर्ण तिथि पर करणी सेना ने बद्री विशाल डिग्री कॉलेज स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण किया। गंगा तट पर बने नए घाट में से एक घाट का नाम महाराणा प्रताप के नाम पर रखने की मांग की। पूर्व विधायक महरम सिंह की स्मृति में मूर्ति लगवाए जाने हेतु अभियान चलाने का संकल्प लिया। बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेवा ने महाराणा प्रताप की 430वीं पुण्यतिथि पर माल्यार्पण किया। संगठन के संरक्षक दिनेश तोमर ने कहा कि महाराणा प्रताप ने पूरा जीवन संघर्षों में व्यतीत किया, लेकिन वह मुगलों के सामने कभी नहीं झुके। उन्होंने स्वाधीनता सम्मान और स्वतंत्रता के लिए ऐतिहासिक बलिदान दिया। उनके जीवन चरित्र को युवाओं को अनुसरण करना चाहिए। जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर ने कहा कि महाराणा प्रताप ने सिखाया की स्वाधीनता से बढ़कर कोई चीज नहीं है। दृढ़ निश्चय से बड़ी से बड़ी शक्ति को हराया जा सकता है। उन्होंने पांचाल घाट पर बनकर तैयार हुए नए घाट में से एक का नाम महाराणा प्रताप के नाम पर रखने की मांग की। इस दौरान विक्की ठाकुर, अखिलेश तोमर, राहुल सोमवंशी, अर्पण राणा, मनोज सिंह गौर, उदय चौहान, शिवम् सिंह, सिप्पू ठाकुर, भूपेंद्र सिंह, हिमांशु सोमवंशी, वैभव सोमवंशी आदि लोग मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा के तहत केडी बालिका डिग्री कालेज की छात्राओं को किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

कृष्णा देवी बालिका महाविद्यालय लोहिया पुरम आवास विकास में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षित वाहन चालन में युवाओं की भूमिका पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्राओं को एकल भाषण, सड़क सुरक्षा संबंधित रील बनाना, सड़क सुरक्षा के तहत नुक्कड़ नाटक, लघु नाटिका आदि चार प्रतियोगितायें सम्पन्न हुई। साथ ही अपने-अपने विचार प्रकट किये। संस्कृति राठौर, अश्लेषा, आराध्या, कविता, जागृति, चांदनी, रिचा, प्रिंसी, अंशिका अवस्थी, सिमरन श्रीवास्तव, गौरी, चांदनी आदि छात्राओं ने भाषण के माध्यम से विचार रखे। संचालन डॉ. दीप्ति सिंह ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाली छात्राओं का निधारण, निर्णायक राजीव कुमार, डॉ. रेजीन सहर ने किया। छात्राओं के वाचन, कौशल, विचार, तर्क, समय सीमा को आधार बनाया गया। प्रथम स्थान पर जागृति, द्वितीय स्थान पर संस्कृति, तृतीय स्थान पर रिचा सिंह रही। प्राचार्या डॉ. रुबी यादव एवं अन्य शिक्षिकाओं ने विचार रखे। साथ ही छात्राओं ने सड़क सुरक्षा के तहत जागरुकता रैली निकाली।

# आईटीआई रोजगार मेले में 44 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर रोजगार अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन हुआ। रोजगार मेले में पांच कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 250 रिक्तियों के सापेक्ष 72 अभ्यार्थी उपस्थित हुए। 44 अभ्यार्थियों का विभिन्न कम्पनियों में चयन किया गया। जिसमें एक्सिस बैंक में 8, भारत गियर्स लि0 में 8, बेस्ट इंटरनेशनल प्रा0लि0 में 14, एफजीएम में 4, हिताची कैश मैनेजमेंट में 10 के लिए चयन किया गया। नोडल प्रधानाचार्य की देखरेख में रोजगार मेला सम्पन्न हुआ। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने छात्र-छात्राओं को जागरुक कर रोजगार मेले में प्रतिभाग कराया। चयनित अभ्यार्थियों को शुभकामनायें दी। इस मौके पर प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, अप्रेंटिसशिप प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, विजेन्द्र सिंह भास्कर, राजकिशोर महतो आदि लोग मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा के तहत भाषण, क्विज व चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद प्राध्यापक व विद्यार्थी

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में 19 एवं 20 जनवरी को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत महाविद्यालय में भाषण, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, साथ ही रैली एवं शपथ ग्रहण का आयोजन भी कराया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों का पालन करने तथा इन नियमों से अपने आसपास, परिवार, निकट संबंधियों को जागरूक करने हेतु शपथ ग्रहण की। प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं में सोनाली दुबे, सौम्या चौहान, काजल, बबली, अमित कुमार, अल्ताफ, आकृति, अनुष्का, राजन आदि रहे। प्राचार्य डॉ0 कल्पना सिंह तथा सड़क सुरक्षा प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में कार्यक्रम कराये गए। प्राध्यापकगण डॉ. शालिनी, डॉ. महेश कुमार, डॉ. अनामिका सक्सेना, डॉ. प्रियांशु गुप्ता एवं डॉ. अमित कुमार ने निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में मुख्य भूमिका निभाई। इस अवसर पर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में किशन पाल, राजेश उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक की टक्कर से स्ट्रीट लाइट का खंभा टूटा, मची अफरा-तफरी



**खमरिया (लखीमपुर खीरी)।** ग्राम पंचायत खमरिया के मेन चौराहे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब चीनी मिल को गन्ना लेकर जा रहे एक ओवरलोड ट्रक की चपेट में आकर स्ट्रीट लाइट का खंभा टूटकर सड़क पर गिर गया। खंभा गिरते ही तेज आवाज के साथ हड़कंप मच गया और कुछ समय के लिए आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक में क्षमता से अधिक गन्ना लदा हुआ था, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और मोड़ पर ट्रक स्ट्रीट लाइट के खंभे से जा टकराया। गनीमत रही कि घटना के समय चौराहे पर मौजूद राहगीर और दुकानदार बाल-बाल बच गए। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। खंभा और बिजली के तार सड़क पर गिरने से यातायात ठप हो गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन व विद्युत विभाग को अवगत कराया। मौके पर पहुंची थाना खमरिया कस्बा पुलिस के इंचार्ज उदय भान उपाध्याय एवं हेड कांस्टेबल गेंदन लाल ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय लोगों की मदद से सड़क से खंभा हटवाया और यातायात को सुचारू कराया। पुलिस की कार्रवाई से कुछ ही देर में जाम खुल सका।

### डीएम-एसपी ने ली बैठक, नो मैंस लैंड, जीरो लाइन से 15 किमी भारत की तरफ अतिक्रमण हटाने पर चर्चा, बनी रणनीति

**लखीमपुर खीरी।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नो मैन्स लैंड व जीरो लाइन से भारत की ओर 5 किमी व 15 किमी के दायरे में सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण हटाने को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एसएसबी व प्रशासन की संयुक्त टीम बनाकर अतिक्रमण की पहचान, सत्यापन व हटाने की रणनीति तय की गई। राजस्व अभिलेखों से मिलान कर अनधिकृत खेती, झोपड़ी या मकान चिन्हित कर कार्रवाई होगी। नो मैन्स लैंड पर अतिक्रमण हटाने के लिए भारत-नेपाल के संबंधित अधिकारियों से समन्वय व संयुक्त सर्वेक्षण किया जाएगा। डीएम ने एक माह के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने व नए अतिक्रमण रोकने के निर्देश दिए।

### गोला-बांकेगंज मार्ग पर कार सवार बदमाशों ने व्यापारी से लूटी नकदी, ड्राइवर घायल

**बांकेगंज (खीरी)।** गोला-बांकेगंज मार्ग पर सोमवार रात कार सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। थाना मैलानी और हैदराबाद थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित सरकारपुर मोड़ के पास बदमाशों ने एक व्यापारी की पिकअप रोककर नकदी से भरा बैग लूट लिया। घटना में पिकअप चालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, बांकेगंज निवासी व्यापारी राजेंद्र अग्रवाल सोमवार रात करीब 8:30 बजे दुकान बंद कर पिकअप से घर लौट रहे थे। सरकारपुर मोड़ के पास पीछे से आई एक कार ने उनकी पिकअप के आगे वाहन अड़ा दिया, जिससे पिकअप चालक को गाड़ी रोकनी पड़ी। इसके बाद कार से उतरे बदमाशों ने पिकअप का गेट खोलने को कहा। विरोध करने पर बदमाशों ने शीशे तोड़ दिए, जिससे चालक को चोटें आईं। बदमाश नकदी से भरा बैग लेकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी गोला रमेश तिवारी मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक भ्रम के बाद पुलिस ने स्पष्ट किया कि घटना हैदराबाद थाना क्षेत्र की सीमा में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### सेंट्रल बार एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा संपन्न

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** सेंट्रल बार एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा की बैठक मंगलवार को अधिवक्ता सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष केके शुक्ला ने की, जबकि संचालन महामंत्री अनूप वर्मा द्वारा किया गया। बैठक में अध्यक्ष और महामंत्री द्वारा वर्ष 2025 के आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत विवरण पर चर्चा के बाद उपस्थित अधिवक्ताओं ने इसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। इसके बाद वर्ष 2026 में होने वाले बार एसोसिएशन के चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से चुनाव समिति के गठन का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी। गठित चुनाव समिति में वरिष्ठ अधिवक्ता लाल बिहारी वर्मा को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। वहीं हरिनाम पाण्डेय को विशिष्ट चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सहायक चुनाव अधिकारियों के रूप में आदर्श वर्मा, विजेन्द्र यादव, अनवारूल हक, सत्यपाल मित्रा एवं रामकृष्ण मिश्र को नामित किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही। चुनाव समिति के गठन के साथ ही आगामी चुनावी प्रक्रिया को लेकर अधिवक्ताओं में सक्रियता बढ़ गई है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में चुनावी गतिविधियां और तेज होंगी।

### पूर्व मंत्री ने समाप्त कराया व्यापारियों का अनशन



**बबेरु/बांदा।** व्यापार संघ चौराहा बचाओ संघर्ष समिति बबेरू द्वारा जारी क्रमिक अनशन को सांसद ने 6 वें दिन समाप्त कराया। बबेरू कस्बा का पांच प्रमुख मार्गों का चौराहा खिसकाए जाने को लेकर व्यापार संघ चौराहा बचाओ संघर्ष समिति बबेरू का 6 वे दिन जारी क्रमिक अनशन को बांदा चित्रकूट सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर सिंह ने अनशनकारियों को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। सांसद ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि यह लड़ाई खत्म नहीं होती है। योजना बनाकर लड़ाई लड़ी जाएगी। सपा नेता पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह ने कहा कि चौराहा खिसकाकर व्यापारियों को उजाड़ने की योजना है, व्यापारी सुंदरीकरण के विरोध में नहीं है, व्यापारी भी सुंदरीकरण चाहता है। बेघर हो रहे व्यापारियों को बसाया जाए, व्यापारी संगठित रहे, बुलडोजर बाबा का बुलडोजर नहीं घुसने दिया जाएगा। केके महंत ने निशाना साधते हुए कहा कि व्यापारी भाजपा को वोट सपोट करते है, वहीं भाजपाई व्यापारियों का दुकान मकान उजड़वा रहे है। उजड़वाने वाले को सबक सिखाया जाएगा। इस दौरान चौराहा बचाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश आर्य, अमर पटेल समेत भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

### प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य के साथ दुर्व्यवहार पर जेडीयू नेत्री ने जताई कड़ी निंदा



**बांदा।** प्रयागराज माघ मेले के दौरान मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्यों के साथ प्रयागराज पुलिस एवं मेला प्रशासन द्वारा किए गए व्यवहार की जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने कड़ी निंदा की है। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि संगम क्षेत्र में प्रवेश के दौरान शिष्यों के साथ हुई बदतमीजी, धक्का-मुक्की और कथित मारपीट अत्यंत निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य है। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि यह केवल संत समाज के सम्मान पर आघात नहीं है, बल्कि मानवता, धर्म और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ भी है। उनका स्पष्ट मत है कि वैचारिक मतभेद अपनी जगह हो सकते हैं, लेकिन किसी भी परिस्थिति में संतों और श्रद्धालुओं के साथ अमर्यादित व्यवहार स्वीकार नहीं किया जा सकता। शालिनी सिंह पटेल ने सवाल उठाया कि क्या शंकराचार्य हिंदू नहीं हैं और क्या सत्ता से सवाल करना अब अपराध या देशद्रोह बन गया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से अपेक्षा की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### रामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किए की मांग

**बांदा।** तुलसी स्मारक समिति राजापुर के सह सचिव शिवपूजन गुप्ता अपने पदाधिकारी पूर्व सभासद सतीश चंद्र सिंह, संदीप कुमार, डॉक्टर अखिलेश करवरिया के साथ रामदा होटल में पहुंचकर बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी को ज्ञापन देकर बताया कि गोस्वामी तुलसीदास महाराज ने तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों से सामना करते हुए सनातन धर्म की रक्षा , सुरक्षा को देखते हुए रामचरितमानस की रचना की थी जिसमें राजनीतिक, धार्मिक, पारिवारिक तथा भाई का प्रेम जैसी नीतियों को समाहित कर समाज को सत्य मार्ग में चलने का एक रास्ता दिखाया जिसमें सनातन धर्म के संपूर्ण ग का रस समावेश किया गया है ऐसे महान ग्रंथों को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित कराए जाने की अनुकंपा की जाए ,यह रामचरितमानस संत समाज तथा आम जनमानस के लिए सरल और सुलभ है जिसे आम जनमानस पढ़कर अनुकरण करता है। वही पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने उक्त ज्ञापन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक भेजे जाने को लेकर समिति के सदस्यों को आश्वासन दिया है। वही समिति के सहसचिव ने बताया कि इसके पूर्व भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समिति के माध्यम से रामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किए जाने को लेकर ज्ञापन भेजा जा चुका है।

# दहेज प्रताड़ना व हत्या के प्रयास में पति समेत ससुराल पक्ष पर मुकदमा दर्ज

**▸ 20 लाख अतिरिक्त दहेज की मांग, गीजर से मारने का प्रयास, चार पर केस दर्ज**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




जिले के पसगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा बरवर में एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट, मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना और जान से मारने के प्रयास जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता अंजली सोनी पत्नी रसिक सोनी उर्फ अमन सोनी, निवासी सुभाषनगर कस्बा बरवर, ने कोतवाली पसगवां में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी 6 मार्च 2025 को रसिक सोनी उर्फ अमन सोनी निवासी ग्राम बेहटा पकौरी, थाना तम्बौर, जिला सीतापुर के साथ कस्बा बरवर में तय हुई थी। विवाह सीतापुर स्थित सीवी मैरिज लॉन में संपन्न हुआ था। पीड़िता के अनुसार शादी में उसके पिता ने वर पक्ष की मांग पर कार (ग्रैंड विटारा), नगद 10 लाख रुपये सहित भारी मात्रा में दान-दहेज दिया था। शादी में कुल खर्च लगभग 40 से 42 लाख रुपये बताया गया है।

आरोप है कि शादी के बाद ससुराल पहुंचने पर पति रसिक सोनी ने न तो बातचीत की और न ही कोई वैवाहिक संबंध स्थापित किया। इसके बाद सास गीता सोनी, ससुर विनोद कुमार सोनी, ताऊ संतोष कुमार सोनी और ताई मीना उर्फ अनीता द्वारा दहेज कम मिलने का आरोप लगाते हुए अतिरिक्त 20 लाख रुपये की मांग की जाने लगी। जब पीड़िता ने इस बात की जानकारी अपने मायके वालों को दी तो वे इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थ रहे। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद ससुराल पक्ष ने दहेज के लिए उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि एक दिन बाथरूम में गीजर के तार खोलकर उसकी हत्या का प्रयास किया गया, लेकिन बर्तन धोने वाली महिला की सतर्कता से उसकी जान बच गई। इसके बाद भी ससुरालियों द्वारा मारपीट की गई। 22 नवंबर 2025 को सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग उसे बरवर ले आए। पीड़िता के अनुसार 11 जनवरी 2026 को उसका पति रिश्तेदारों के साथ बरवर आया और भविष्य में किसी प्रकार की प्रताड़ना न करने का आश्वासन देकर उसे पुनः ससुराल ले गया। लेकिन वहां हालात और बिगड़ गए। आरोप है कि 13 जनवरी 2026 को ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके सभी जेवरात और कपड़े छीन लिए, बेरहमी से मारपीट की और उसे मायके बरवर छोड़ गए। पीड़िता का कहना है कि ससुराल पक्ष ने मिलकर उसके साथ धोखाधड़ी की, दहेज के लिए प्रताड़ित किया और जान से मारने का असफल प्रयास किया। वर्तमान में वह मानसिक रूप से बेहद परेशान है और उसके पास रहने व जीवन यापन का कोई स्थायी सहारा नहीं है। पीड़िता ने कोतवाली पसगवां में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विकास कार्यों में धांधली के आरोप पर पंचायत में अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**▸ लोक जन संघर्ष पार्टी ने प्रशासन पर लगाया लापरवाही और जांच टालने का आरोप**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड कुंभी गोला की ग्राम पंचायत बांसगांव में विकास कार्यों में कथित धांधली और अनियमितताओं को लेकर लोक जन संघर्ष पार्टी ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। निष्पक्ष जांच न होने से नाराज पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार से पंचायत भवन पर अनिश्चितकालीन सत्याग्रह धरना शुरू कर दिया है। पार्टी नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समय रहते संपूर्ण जांच नहीं कराई गई तो इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पं. राम निवास शुक्ल ने बताया कि ग्राम पंचायत बांसगांव में विकास कार्यों में भारी अनियमितताओं को लेकर 22 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत के निस्तारण के नाम पर पंचायत सदस्य से शपथ पत्र मंगवाकर औपचारिकता निभाई गई, जबकि लोक सेवक से शपथ पत्र मांगने का कोई वैधानिक प्रावधान नहीं है। उन्होंने बताया कि 5 मार्च 2025 को जांच समिति के गठन का आदेश जारी हुआ, लेकिन इसके बावजूद मौके पर वास्तविक जांच नहीं कराई गई। इसके बाद 20 जून और 14 नवंबर 2025 को मुख्यमंत्री को पुनः पत्र भेजकर अधिकारियों की उदासीनता से अवगत कराया गया। जांच न होने की स्थिति में धरना-प्रदर्शन की चेतावनी भी दी गई, लेकिन प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। आरोप है कि मजबूर होकर 4 दिसंबर 2025 को पंचायत भवन पर धरना दिया गया, जहां पंचायत सचिव ने सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में पांच दिन के भीतर जांच कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना 20 दिसंबर 2025 तक स्थगित किया गया, लेकिन 8 दिसंबर 2025 को जांच अधिकारी अचानक पंचायत भवन पहुंचे और पंचायत सदस्यों की अनुपस्थिति में अधूरी जांच करने का प्रयास किया गया। यह भी आरोप लगाया गया कि जांच पूरी होने से पहले ही हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया गया। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि वार्ड नंबर 7 में विकास कार्यों की स्थिति बेहद खराब है। शिकायत के बाद मात्र 41 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क ही मौके पर पाई गई, जबकि अन्य कार्यों से संबंधित कोई अभिलेख या स्वीकृत कार्य योजना प्रस्तुत नहीं की गई। वहीं ब्लॉक प्रमुख निधि से बनी सड़क पर वर्ष 2019-20 में पंचायत द्वारा 2 लाख 20 हजार रुपये का कार्य दर्शाए जाने पर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। विधान परिषद सदस्य द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों में नाली निर्माण न होने और वार्ड नंबर 7 की पूर्ण उपेक्षा का भी आरोप लगाया गया है। लोक जन संघर्ष पार्टी की ओर से रीता देवी ने कहा कि जब तक पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच नहीं होती, तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आंदोलन के दौरान कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## कच्ची दीवार गिरने से बेटे की मौत, मां का पैर टूटा

**▸ अगले महीने होनी थी बेटे की शादी, उससे पहले उठी अर्थी**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भीरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पकरिया सल्हिहा के मजरा सल्हिहा में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। कच्ची दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर बेटे की मौत हो गई, जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे से पूरे गांव में मातम पसर गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनगर कला गांव निवासी बनवारी लाल का घर शारदा नदी में कटान की भेंट चढ़ गया था। इसके बाद वह परिवार सहित सल्हिहा गांव में कच्चा घर बनाकर रह रहा था। अगले महीने फरवरी में उसके बेटे सरजीत की शादी तय थी, जिसकी तैयारियां चल रही थीं। इसी क्रम में पुराने छप्पर को हटाकर नया छप्पर डालने का काम चल रहा था। छप्पर हट जाने के कारण दीवारें खुली खड़ी थीं। मंगलवार सुबह मां मीना देवी और बेटा सरजीत दीवार के पास बैठकर आग ताप रहे थे। इसी दौरान अचानक कच्ची दीवार भरभराकर गिर पड़ी और दोनों उसके नीचे दब गए। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन-फानन में दोनों को मलबे से बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ ले गए। जहां चिकित्सकों ने सरजीत को मृत घोषित कर दिया, जबकि मीना देवी का पैर टूटने की पुष्टि हुई। हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। बेटे की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। जिस घर में अगले महीने शहनाई बजने वाली थी, वहां अब मातम पसरा है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## मुख्यमंत्री युवा अभियान के तहत लम्बित आवेदन का शीघ्र निस्तारण करें: डीएम

**▸ डीएम ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभगार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के सम्बन्ध में बैंकर्स की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा अभियान के अन्तर्गत बैंकों में लम्बित आवेदनों की बैंकवार समीक्षा करते हुए बैंक प्रतिनिधियों को आवेदन पत्रों को स्वीकृत करते हुए शीघ्र ऋण वितरण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक तथा बैंक आफ इंडिया में अधिक लम्बित आवेदनों पर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। इसी क्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद की समीक्षा करते हुए बैंको में लम्बित आवेदनों का निस्तारण करने हेतु बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया। जिसमें ग्रामीण बैंक, सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, बैंक आफ बडौदा में लम्बित आवेदनों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि सरकार की योजनाओं की जानकारी दिये जाने एवं उनके आवेदनों का निस्तारण करने हेतु आगामी 24 जनवरी, 2026 को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर अपने स्टाल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में सामान्य प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र गुरूदेव, लीड बैंक मैनेजर सहित बैंकर्स के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## बाइक सवार को बचाने में पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, किशोर गंभीर घायल



**निघासन खीरी।** सिंगाही थाना क्षेत्र के निघासन-बेलराया मार्ग पर मंगलवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। सिद्ध बाबा सिंगहा कला आदर्श तालाब के पास बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बच गया, जबकि ट्रैक्टर पर सवार 15 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल किशोर को अपने वाहन से निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार हादसे में किशोर का दाहिना पैर टूट गया है। ट्रैक्टर चालक संजय, निवासी खैरिगढ़ थाना सिंगाही, अपने 15 वर्षीय भतीजे शोभित के साथ बेलराया चीनी मिल में गन्ना लेकर गया था। वहां से लौटते समय निघासनड्डबेलराया मार्ग पर सिद्ध बाबा सिंगहा कला आदर्श तालाब के पास अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एनएच-730 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, एक गंभीर

**ईसानगर, खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र अंतर्गत एनएच-730 पर जसवंतनगर के पास सोमवार को शाम करीब 7 बजे हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पल्सर बाइक पर सवार हरिशंकर पुत्र केशव राम एवं विनय प्रताप पुत्र श्याम बिहारी निवासी दिलावलपुर, थाना खमरिया, लखीमपुर की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान सिसैया की तरफ से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में विनय प्रताप की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि हरिशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना खमरिया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया, जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### नेताजी की जयंती पर होगा ब्लैक आउट मॉकड्रिल का आयोजन

**बांदा।** नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिवस पर आयोजित ब्लैक आउट मॉक ड्रिल के आयोजन के सम्बन्ध में कलेक्टेऊट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर मजिस्टेऊट ने बताया कि आगामी 23 जनवरी को सायंकाल 06:00 बजे मण्डलीय चिकित्सालय परिसर में ब्लैक आउट का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने ब्लैक आउट एवं हावाई हमले की चेतावनी हेतु पुलिस सायरन बजाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि यह अभ्यास का मॉक ड्रिल है, इससे लोग किसी प्रकार से भ्रमित व परेशान न हों। उन्होंने सायरन ध्वनि होते ही सभी इलाकों की विद्युत व्यवस्था बाधित हो जायेगी। उन्होंने ब्लैकआउट स्थल पर फॉयर सर्विस आग बुझाने हेतु उपलब्ध रखने, स्वयं सेवकों को लगाये जाने, एम्बुलेन्स, मेडिकल टीम, चिकित्सा व्यवस्था की सुविधा किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा रूट डायवर्जन, ट्राफिक प्रबन्धन, कानून व्यवस्था बनाये रखन, चेकिंग एवं पेट्रोलिंग व्यवस्था हेतु निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि ब्लैक आउट के समय लोग घबरायें नही, बच्चों एवं पूरे परिवार को जागरूक करें, अपने घर में मजबूत बिना खिडकी वाला कमरा तैयार रखें, प्राथमिक चिकित्सा के टार्च व एक्ट्रासेल रखें, शीशे से दूर रहें, जमीन पर लेट जायें, रेड सायरन बजने पर शांतिपूर्वक सुरक्षित स्थान पर शरण लें, अफवाहों से बचे और प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करें। उन्होंने सम्बन्धित विभागों को मॉकड्रिल ब्लैकआउट हेतु अपने कार्यों को सम्पादित करने के निर्देश दिये। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट इरफानउल्ला खॉ, क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हनुमान कथा के अंतिम दिन उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

**▸ लाखों श्रद्धालुओं ने किया दर्शन, संतों और नेताओं की रही उपस्थिति**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



मवई बाईपास चौराहा पर आयोजित पांचदिवसीय हनुमंत कथा आस्था के महाकुंभ के रूप में उभरकर सामने आई। आयोजन के दौरान करीब 20 से 30 लाख श्रद्धालुओं ने कथा स्थल पर पहुंचकर कथा श्रवण किया। अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूबा नजर आया। भावविभोर श्रद्धालु जय श्रीराम और जय हनुमान के उद्घोष करते दिखाई दिए। इस भव्य आयोजन में प्रदेश की राजनीति और संत समाज की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने शिरकत कर कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। उनके नेतृत्व और कुशल व्यवस्थापन की सभी संतों, जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं ने जमकर सराहना की। बागेश्वर धाम सरकार ने भी मंच से आयोजन की भव्यता, अनुशासन और व्यवस्थाओं की खुले दिल से प्रशंसा करते हुए आयोजक मंडल को आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजन की विशेष बात यह रही कि पांचों दिनों तक लगातार महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा के समापन पर वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और क्षेत्र राममय एवं हनुमानमय हो उठा। आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया तथा सफल आयोजन के लिए क्षेत्रवासियों और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह, अयोध्या हनुमानगढ़ी के संत राजू दास महाराज, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, विधायक राकेश प्रताप सिंह, विधायक ओम मणि वर्मा, विधायक अभय प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक मुनीस, एवं पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस आयोजन के मुख्य आयोजक भाजपा के कर्मठ नेता प्रवीण सिंह रहे।

## युवक ने शराब के नशे में धुत होकर लगायी फांसी, मौत

**▸ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**कालिंजर/बांदा।** कालिंजर कस्बे में 20 वर्षीय युवक ने शराब के नशे में धुत होकर साड़ी की रस्सी बनाकर फांसी के फंदे पर झूला जिस कारण से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कालिंजर कस्बा निवासी उमेश यादव उम्र 20 वर्ष पुत्र सरजू यादव शाम को शराब पीकर रात्रि को घर आया नशे की हालत में कच्चे मकान की पटिया में साड़ी की रस्सी बनाकर फांसी के फंदे पर लटक गया मां उसकी बाहर बैठी थी जब देखा तो कमरे का कुंडी बंद कर लिया था मां बतसिया ने आवाज लगाई जब दरवाजा नहीं खुला तो मोहल्ले वालों को बुलाया पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस पहुंची दरवाजे खुलवाकर पटिया से लटकता हुआ मिला तभी मां रोने लगी क्योंकि मृतक दो भाई थे जिसमें बड़ा वाला भाई पूर्व में मृत्यु हो चुकी थी मृतक के पांच बहन की सभी की शादी हो चुकी है मां मजदूरी करके अपना जीवन यापन करती है कालिंजर थाने के दरोगा राम रक्षा पटेल ने बताया की पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए लाश भेज दी गई है।

## चौकी प्रभारी सिविल ने सोने की चेन को बरामद कर स्वामी को सौंपी



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में चौकी प्रभारी सिविल लाइन द्वारा व्यक्ति के खोए हुए करीब 2 लाख रुपए के अनुमानित कीमत के सोने की चेन को 24 घंटे के भीतर बरामद कर उसके स्वामी को सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के छोटी बाजार निवासी अजय गुप्ता पुत्र सुधीर गुप्ता ने चौकी सिविल लाइन पर सूचना दी कि कल उनके गले में पड़ी सोने की चैन जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपए थी, बस स्टैण्ड स्थित उनके दुकान कृष्णा स्वीट हाउस के सामने कहीं गिर गई, काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिला। सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी सिविल लाइन आनन्द साहू द्वारा टीम गठित कर सीसीटीवी कैमरे व तकनीकी साक्ष्यों आदि का प्रयोग करते हुए गुम हुए सोने की चैन को 24 घंटे के भीतर बरामद कर उसके स्वामी को सुपुर्द किया गया। खोए हुए सोने की चौन को वापस पाकर व्यक्ति ने पुलिस टीम को ह्रदय से धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

## पुरानी रंजिश के चलते हुई थी युवक

**▸ अज्ञात शव की घटना का पुलिस ने खुलाशा, हत्या में शामिल दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नरैनी कृष्णकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में नरैनी पुलिस द्वारा नरैनी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जमवारा में बरामद व्यक्ति के शव की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि 17 जनवरी 26 को थाना नरैनी पर ग्राम जमवारा में एक अज्ञात शव बरामद होने की सूचना प्राप्त हुई । सूचना पर पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त एवं पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था। इसी क्रम में मृतक द्वारा पहने गये पैंट के लोगो के माध्यम से छानबीन करते हुए शव की पहचान तौहीद हसन पुत्र मकसूद हसन निवासी मोहल्ला कटरा जनपद पन्ना म.प्र. के रुप में की गई । जिसके सम्बन्ध में मृतक के चाचा महमूद हसन की तहरीर पर थाना नरैनी में अभियोग पंजीकृत करते घटना के अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया था। अभियुक्तों की निशादेही पर हत्या की घटना में प्रयुक्त एक चापड़, मृतक का मोबाइल फोन व घटना के समय अभियुक्त राशिद का पहना हुआ खूनालूद शर्ट बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में राशिद खान पुत्र अब्दुल हमीद निवासी बेली सागर वार्ड नं. 14 मकान नं. 345 पन्ना बस स्टैण्ड मेन रोड थाना पन्ना कोतवाली जनपद पन्ना (मप्र) व आनन्द कुमार पटेल पुत्र परमानन्द पटेल निवासी नाइस ट्रेडर्स के पास नजीराबाद मैहर रोड जनपद सतना (मप्र) शामिल हैं।